संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 05 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

## नवरात्रि के छठे दिन मां कालरात्रि की उपासना की जाती है



दुर्गा मां का सातवां रूप, कालरात्रि, पापियों को समाप्त करने के लिए धरती पर आती हैं। इस दिन रात की रानी का फूल चढ़ाना शुभ माना जाता है। माता कालरात्रि को गुड़ और गुड़ से बनी चीजें, जैसे मालपुआ, का भोग लगाया जाता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 92 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।"
-स्वामी विवेकानंद

## वक्फ बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 की वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और दावा किया कि यह संवैधानिक प्रविधानों का उल्लंघन करता है। वहीं एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी बिल के खिलाफ याचिका दाखिल की है। मोहम्मद जावेद की याचिका में कहा गया है कि विधेयक वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाता है, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होती है। इस याचिका को अधिवक्ता अनस तनवीर के माध्यम से दायर किया गया है।

**मुस्लिमों के साथ भेदभाव का आरोप**
याचिका में कहा गया है कि विधेयक मुस्लिम समुदाय के साथ भेदभाव करता है क्योंकि इसमें ऐसे प्रतिबंध लगाए गए हैं जो अन्य धार्मिक बंदोबस्तों के प्रशासन में मौजूद नहीं हैं। बता दें कि राज्यसभा में 128 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में और 95 ने विरोध में वोट किया था। इसे 3 अप्रैल की सुबह लोकसभा में पारित किया गया, जिसमें 288 सदस्यों ने इसका समर्थन किया और 232 ने इसका विरोध किया।

# माहौल खराब करने वाले बयानों से बचें बांग्लादेश: मोदी

● शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी

**लोकतांत्रिक**

▶▶ पीएम मोदी ने लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति समर्थन जताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**बैंकॉक:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की शुक्रवार को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में मुलाकात हुई। शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। दोनों नेता बिम्सटेक सम्मेलन से इतर मिले। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट बातचीत हुई।

**लोकतांत्रिक, स्थिर और समावेशी बांग्लादेश को समर्थन**
पीएम मोदी की मोहम्मद यूनुस से मुलाकात को लेकर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि 'पीएम मोदी ने एक बार फिर लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने प्रोफेसर यूनुस के भारत के साथ सकारात्मक संबंधों की इच्छा को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने अपील की कि माहौल खराब करने वाली बयानबाजी से बचा जाए। सीमा पर सख्ती से अवैध घुसपैठ को रोका जा सकता है और सीमा सुरक्षा को कायम रखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जाहिर की।'

**बांग्लादेश में हिंदुओं पर न हो अत्याचार...'**
दोनों नेताओं की मुलाकात पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने विस्तृत तौर पर जानकारी दी। विक्रम मिसरी ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी ने लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। उन्होंने प्रो. यूनुस को बताया कि भारत बांग्लादेश के साथ सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने की इच्छा रखता है। विक्रम मिसरी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी आग्रह किया कि माहौल को खराब करने वाली किसी भी बयानबाजी से बचना चाहिए। सीमा पर कानून का सख्त पालन और अवैध सीमा पार करने की रोकथाम सीमा सुरक्षा और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

**विवादों में रहा है मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल**
बीते साल अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। उसके बाद से मोहम्मद यूनुस ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं।

हालांकि मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल विवादों में घिरा रहा है और उनके कार्यकाल में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ीं।



### भूटान के पीएम ने मोदी को बताया बड़े भाई और गुरु

**टीम एक्शन इंडिया**
**बैंकॉक:** भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने संबंधों को लेकर बयान दिया है। उन्होंने पीएम मोदी को अपना बड़ा भाई और गुरु बताते हुए कहा कि भारत की मदद और मार्गदर्शन ने भूटान के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना, जो जुलाई 2024 से शुरू हुई है, भारत की उदार सहायता से संभव हो रही है। इसमें 8500 करोड़ रुपये की मदद भारत से मिली है, वहीं भूटान की आर्थिक सुधार योजना के लिए 1500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता भी दी गई है। उन्होंने कहा, भारत से कुल 10,000 करोड़ रुपये की मदद हमें मिली है, इसके लिए हम बेहद आभारी हैं।

## राज्यसभा: वक्फ बिल पर 17 घंटे-दो मिनट चर्चा

**ब्योरा**

▶▶ अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने दोनों सदनों के कामकाज का ब्योरा देश के सामने रखा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** संसद का बजट सत्र के दौरान आज यानी गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने दोनों सदनों के कामकाज का ब्योरा देश के सामने रखा। उन्होंने कहा, 'कल हमने राज्यसभा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, हमने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। हमने राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर 17 घंटे और 2 मिनट तक चर्चा की। इस रिकॉर्ड को तोड़ना बेहद मुश्किल लगता है। वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान एक भी व्यवधान नहीं हुआ। इस दौरान किरेन रिजिजू ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के विधेयक को जबरन पास कराने वाले बयान पर कहा, 'सोनिया गांधी एक वरिष्ठ नेता हैं, मैं उन पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। कल कांग्रेस की संसदीय दल की बैठक के दौरान एक बयान जारी किया गया कि विधेयक (वक्फ संशोधन अधिनियम) को जबरदस्ती और प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए पारित किया गया।
मैंने इस पर हर स्थिति साफ की है। मैंने बताया कि इसके लिए कितनी मेहनत की गई है। हमने चर्चा का रिकॉर्ड बनाया। संसदीय इतिहास में इतनी चर्चा पहले कभी नहीं हुई।

## ममता बनर्जी इस्तीफा दें, वे जेल जाएंगी: भाजपा

**कोलकाता: सुप्रीम** कोर्ट द्वारा करीब 26 हजार शिक्षकों की भर्ती के निरस्त करने के उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखने के बाद ही भाजपा बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर हमलावर है। शुक्रवार को भाजपा ने ममता बनर्जी के सीएम पद से इस्तीफा देने की मांग कर डाली। केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि हरियाणा के पूर्व सीएम ओपी चौटाला के बाद ममता बनर्जी दूसरी सीएम होंगी, जो शिक्षकों की भर्ती के मामले में जेल जाएंगी।

## 18 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय कैबिनेट में हुए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनकी कुल लागत 18,658 करोड़ रुपये है। महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को कवर करने वाली परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क करीब 1247 किलोमीटर बढ़ जाएगा।

**रेल मंत्रालय के चार परियोजनाओं में ये शामिल**
केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि परियोजनाओं में संबलपुर-जरापदा तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासन तीसरी और चौथी लाइन, खरसिया-नया रायपुर-परमलकासा पांचवीं व छठी लाइन और गोंदिया-बल्हारशाह दोहरीकरण शामिल हैं।

**मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव से सुगम होगा रेल परिचालन**
मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे लाइन विस्तार से गतिशीलता में सुधार होगा। इससे भारतीय रेलवे के लिए बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव रेल परिचालन को सुगम बनाएंगे और भीड़भाड़ को कम करेंगे।

**कैबिनेट फैसले**

▶▶ परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क करीब 1247 किलोमीटर बढ़ जाएगा

**19 नए रेलवे स्टेशनों का होगा निर्माण**
रेल मंत्री ने बताया कि 19 नए स्टेशनों का भी निर्माण किया जाएगा। स्टेशनों के निर्माण से महाराष्ट्र में गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव तक कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी।


## दलितों और आदिवासियों को सत्ता में भागीदारी मिले: राहुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मांग की है कि ऐसा कानून बनना चाहिए, जो यह सुनिश्चित करे कि दलितों और आदिवासियों के लिए बनी सरकारी योजनाओं के लिए बजट में उचित हिस्सा मिले। उन्होंने दलितों और आदिवासियों को सत्ता में भागीदारी देने के लिए भी ठोस कदम उठाने की अपील की। राहुल गांधी ने बताया कि उन्होंने हाल ही में दलित और आदिवासी समुदायों से जुड़े शोधकर्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

**राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर लगाया आरोप**



राहुल गांधी ने कहा कि 'प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि दलितों और आदिवासियों के लिए केंद्रीय बजट का एक निश्चित हिस्सा आवंटित करने के लिए कानून बनाया जाए। कर्नाटक और तेलंगाना में पहले से ही ऐसा कानून लागू है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

## स्टार्टअप कल्चर पर फूटा पीयूष गोयल का गुस्सा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत में आज के समय तेजी से स्टार्ट-अप कल्चर को बढ़ावा मिल रहा है। हालांकि, देश में ज्यादातर स्टार्टअप कंपनियां ऐसी है जो फूड या अन्य सामग्रियों की डिलीवरी करती हैं। इन कंपनियों में ज्यादातर गिग वर्कर्स काम करते हैं, जिन्हें काफी कम सैलरी मिलती है। इसी बीच गिग वर्कर्स को लेकर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पियूष गोयल ने न सिर्फ चिंता जाहिर की बल्कि स्टार्टअप इकोसिस्टम को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आज के समय देश में फूड डिलिवरी ऐप , सट्टेबाजी ऐप पर ज्यादा फोकस है। वही, चीन में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), बैटरी प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे स्टार्टअप तेजी से फल-फूल रहे हैं।

**क्या हम सिर्फ आइसक्रीम या चिप्स बनाना चाहते हैं: पीयूष गोयल**
स्टार्टअप महाकुंभ में हिस्सा लेते हुए पीयूष गोयल ने सवाल किया कि क्या देश तकनीकी नवाचार के लिए प्रयास करने के बजाय कम वेतन वाली गिग नौकरियों से संतुष्ट हो रहा है। क्या हम आइसक्रीम या चिप्स बनाना चाहते हैं? क्या हम सिर्फ खुदरा व्यापार के लिए यहां हैं?"

**गिग वर्कर्स कल्चर को लेकर केंद्रीय मंत्री ने जताई चिंता**

**चिंता जाहिर की**

▶▶ देश में बढ़ते गिग वर्क्स कल्चर को लेकर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पियूष गोयल ने चिंता जाहिर की

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा,"क्या हम डिलिवरी बॉय और गर्ल्स बनकर संतुष्ट होने जा रहे हैं? क्या यही भारत की नियति है? यह स्टार्टअप संस्कृति नहीं है , यह सिर्फ उद्यमिता है।" आज भारतीय स्टार्टअप क्या कर रहे हैं? हम फूड डिलीवरी ऐप को प्राथमिकता दे रहे हैं, बेरोजगार युवाओं को कम वेतन वाले गिग वर्कर्स में बदल रहे हैं ताकि अमीर लोग बिना बाहर निकले ही भोजन मंगवा सकें।" बता दें कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब है, जिसमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न और लगभग 1.57 लाख सरकारी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं।

## संभल: जामा मस्जिद पर हवन करने की कोशिश, अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**संभल:** संभल में फिर एक बार माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। शुक्रवार को शाही जामा मस्जिद में जुमा नमाज के दौरान हिंदू संगठन के कार्यकर्ता पूजा करने के लिए पहुंच गए। यह देख पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस ने तुरंत सभी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद केस दर्ज उन्हों गिरफ्तार कर लिया है। पहले भी आरोपी एसडीएम कोर्ट में यज्ञ कर चुके हैं। संभल की शाही जामा मस्जिद में शुक्रवार की दोपहर जुमा की नमाज अदा की जा रही थी। सीओ अनुज चौधरी समेत भारी पुलिस बल मस्जिद के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद थे। पुलिस को जैसे ही भनक लगी तो सभी कार्यकर्ताओं को मस्जिद से 100 मीटर पहले पिछले हिस्से पर रोक लिया।

## नीट विवाद पर स्टालिन सरकार को झटका

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** तमिलनाडु सरकार मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा नीट का लगातार विरोध करती है। अब एक बार फिर नीट विवाद को लेकर तमिलनाडु की स्टालिन सरकरा को केंद्र सरकार से झटका लगा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नीट से छूट और मेडिकल में प्रवेश के लिए कक्षा 12वीं के अंकों का इस्तेमाल करने की अनुमति देने वाले विधेयक को अस्वीकार कर दिया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा को राज्य विधानमंडल द्वारा दो बार - 2021 और 2022 में पारित किए गए और तब से केंद्र सरकार के पास लंबित एक विधेयक को अस्वीकार करने की जानकारी दी।

## दो साल में खाद्य पदार्थों के 348024 नमूने लिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश में खाद्य पदार्थों में कई तरह की कमियां देखने को मिल रही हैं। नमूनों के विश्लेषण में गैर अनुरूपता, असुरक्षित, घटिया क्वालिटी और लेबलिंग दोष आदि बातें सामने आई हैं। दो वर्ष में खाद्य पदार्थों के 348024 नमूने लिए गए। जब इनकी जांच हुई तो इनमें से 78434 नमूनों में गैर अनुरूपता यानी कमी मिली है। अपालन करने वाले नमूनों में असुरक्षित नमूनों की संख्या 13361 रही है। निम्नस्तीय नमूनों की संख्या 44520 है। लेबलिंग दोष और भ्रामक/विविध नमूने 20553 हैं। दीवानी मामलों में दोषसिद्धि की संख्या 58050 है। वसूला गया जुमार्ना 107.35 करोड़ रुपया रहा है। आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि की संख्या 2349 है। वसूला गया जुमार्ना 5.42 करोड़ रुपये है। वर्ष 2022-23 में 177511 नमूनों का विश्लेषण किया गया, जबकि 2023-24 में 170513 नमूनों की जांच हुई थी। लोकसभा सदस्य मालविका देवी ने गुरुवार को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री से पूछा था कि सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उद्योगों द्वारा सब्जियों को जैविक तरीके से उगाए जाने को प्रोत्साहित किया।



**नमूने फेल**

▶▶ नमूनों के विश्लेषण में गैर अनुरूपता, असुरक्षित, घटिया क्वालिटी, लेबलिंग दोष आदि बातें सामने आई

**प्रदर्शन** जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अफरीदी रहमान ने अपने 20 से अधिक समर्थकों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया

## वक्फ संशोधन बिल पारित होते ही मुस्लिम कार्यकर्ताओं का नीतीश से मोहभंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुजफ्फरपुर:** बिहार में वक्फ संशोधन बिल को लेकर जारी सियासी उबाल ने अब जेडीयू की जड़ों को भी हिलाना शुरू कर दिया है। वक्फ बिल पर मोदी सरकार को समर्थन देने के बाद जदयू में अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच गहरी नाराजगी देखी जा रही है। अब मुजफ्फरपुर जिले से इस नाराजगी का पहला बड़ा असर सामने आया है, जहां जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अफरीदी रहमान ने अपने 20 से अधिक समर्थकों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।





इस्तीफा देने के साथ ही अफरीदी रहमान और उनके समर्थकों ने अपने-अपने घरों पर लगे जेडीयू के नेमप्लेट तोड़कर विरोध जताया। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। पार्टी से नाता तोड़ते हुए इन नेताओं ने नीतीश कुमार पर मुसलमानों के साथ विश्वासघात करने का गंभीर आरोप लगाया है। अफरीदी रहमान ने इस्तीफा देते हुए कहा कि वक्फ संपत्तियां हमारे पूर्वजों की धरोहर हैं। इन संपत्तियों में मस्जिद, कब्रिस्तान, मदरसा जैसी आस्थाओं से जुड़ी चीजें आती हैं, जिन्हें आजादी से पहले वक्फ किया गया था। लेकिन केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन बिल लाकर मुसलमानों की इन संपत्तियों को हड़पने की साजिश रची है। उन्होंने कहा कि जेडीयू जैसे धर्मनिरपेक्ष कहे जाने वाले दल का इस बिल का समर्थन करना मुस्लिमों के साथ खुला धोखा है। अफरीदी रहमान ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक जेडीयू का झंडा उठाया, लोगों के बीच पार्टी की विचारधारा का प्रचार किया। लेकिन अब यह साफ हो चुका है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुस्लिम समुदाय के साथ न्याय नहीं किया।

**विरोध**

▶▶ अफरीदी रहमान और उनके समर्थकों ने अपने-अपने घरों पर लगे जेडीयू के नेमप्लेट तोड़कर विरोध जताया

# कोर्ट के बाहर फायरिंग मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सेक्टर-12 में नगर निगम के पीछे रेहड़ी पर खड़े दो लोगों पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फायरिंग की यह घटना दोपहर के वक्त हुई थी, जब घरौंडा निवासी हैप्पी और पानीपत के एडवोकेट गुरविंद्र फ्रूट चाट की रेहड़ी पर खड़े थे। तभी बाइक पर सवार दो युवकों ने 5 से 6 राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। फायरिंग में हैप्पी को दो गोली और एडवोकेट गुरविंद्र को एक गोली लगी थी। दोनों को अमृतधारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब पुलिस ने शूटआउट करने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि फायरिंग करने वाले दोनों आरोपी करनाल के जुंडला गेट के रहने वाले हैं, जिनका नाम नवनीत और धीरज उर्फ नीरज है। ये दोनों दूध की डेयरी चलाते हैं। पुलिस के अनुसार दोनों ने हरविंद्र उर्फ लाडी के कहने पर इस वारदात को अंजाम दिया। हरविंद्र घरौंडा का रहने वाला है और पहले हैप्पी के साथ उसके अच्छे संबंध हुआ करते थे। करीब डेढ़ साल पहले करनाल कोर्ट की कैंटीन में दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। तभी से दोनों के बीच रंजिश चल रही थी।

**काबू किया**

**फायरिंग की यह घटना दोपहर के वक्त हुई थी, हैप्पी और पानीपत के गुरविंद्र फ्रूट चाट की रेहड़ी पर खड़े थे**



शुरूआती जांच में पुलिस को पता चला है कि वारदात से कुछ दिन पहले से हैप्पी को फोन पर धमकियां दी जा रही थी। पुलिस के मुताबिक यह कोई हायर कॉन्ट्रेक्ट किलिंग का मामला नहीं है, बल्कि आपसी रंजिश का नतीजा है। हैप्पी और हरविंद्र एक-दूसरे को पहले से जानते थे। कोर्ट कैंटीन में हुई कहासुनी ने इस झगड़े को दुश्मनी में बदल दिया और उसी का नतीजा फायरिंग के रूप में सामने आया। फायरिंग की घटना के बाद हैप्पी के परिजनों की शिकायत पर थाना शहर में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने स्पेशल डिटेक्टिव एक्सपर्ट प्रवीन कुमार के नेतृत्व में टीमों का गठन किया और जांच शुरू की। जांच के बाद जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, उनमें घरौंडा का हरविंद्र उर्फ लाडी मुख्य साजिशकर्ता है, जबकि नवनीत और धीरज उर्फ नीरज ने फायरिंग की थी।

गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले गए हैं। हरविंद्र उर्फ लाडी पर पहले से तीन मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें झगड़े और स्नेचिंग जैसे मामले शामिल हैं। पानीपत में भी उस पर केस दर्ज है। नवनीत पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज है और धीरज पर भी अटेम्प्ट टू मर्डर और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि ऐसे आरोपियों से पूछताछ के लिए स्पेशल कस्टडियन इंटेरोगेशन जरूरी है।

डीएसपी राजीव कुमार ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता लगाया जाएगा कि इन्होंने वारदात को कैसे अंजाम दिया और कौन-कौन और शामिल था। इसके अलावा घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार और बाइक की रिकवरी भी की जाएगी।

एफआईआर में कुछ और नाम भी शामिल हैं, जिनकी भूमिका की जांच जारी है। डीएसपी ने बताया कि गोलियों का शिकार हुआ हैप्पी खुद भी आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। उसके ऊपर चार केस दर्ज हैं, जिनमें वह जेल भी काट चुका है। दो अप्रैल को भी वह करनाल कोर्ट में पेशी के लिए आया था। मामला वोल्वो बस पर फर्जी नंबर प्लेट और फर्जी कागजों के आधार पर जमानत दिलवाने का था। दरअसल मई 2022 में हाईवे पर एक वोल्वो बस खड़ी थी, जो पुलिस जांच के लिए पहुंची थी। बस के कागज मांगे गए तो चालक बृजपाल ने बताया कि बस सूरजपाल की है और कागजात उनके पास हैं। इसी केस की पेशी

# साहब ! पत्नी को मार डाला, पति ने किया सरेंडर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली में मुकुंदपुर इलाके में गला घोंटकर पत्नी की हत्या करने के बाद इसकी जानकारी आरोपी पति ने खुद ही पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस भी दंग रह गई। पुलिस ने पाया कि महिला का शव एक कमरे में पड़ा है। भलस्वा डेरी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद यासीन मलिक के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया।

**पत्नी बना रही थी मुझे मारने की योजना: पति**

आरोपी ने दावा किया कि उसे संदेह है कि उसकी पत्नी और उसका प्रेमी उसे मारने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवा दिया है।




बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन ने बताया कि पुलिस को करीब 3:46 बजे एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें आरोपी ने दावा किया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है, उसे संदेह था कि वह अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसे मार सकती है।

**कातिल ने पुलिस को कॉल करके दी जानकारी**

पुलिस उपायुक्त ने भी बताया कि कॉल करने वाले ने बताया कि वह मुकुंदपुर में रहता है। स्थानीय थाना टीम मौके पर पहुंची और घर की दूसरी मंजिल पर एक कमरे में 21 वर्षीय एक महिला का शव मिला। पूछताछ के दौरान पता चला कि करीब 5-6 महीने पहले करावल नगर निवासी मोहम्मद यासीन मलिक से शादी हुई थी। यह जोड़ा मुकुंदपुर में किराये के कमरे में रह रहा था। यासीन किराये पर ऑटो-रिक्शा चलाता था, जबकि उसकी पत्नी आजादपुर में घरेलू सहायिका का काम करती थी। बुधवार को दोपहर करीब 2:30 बजे विवाहित जोड़े के बीच झड़प हो गई। दोनों के बीच विवाद तेजी से बढ़ गया और गुस्से में यासीन ने पत्नी का गला घोंट दिया। पुलिस ने मृतका के परिजनों को उसकी मौत की सूचना दे दी गई है।

**वारदात**

**गला घोंटकर पत्नी की हत्या करने के बाद इसकी जानकारी आरोपी पति ने खुद ही पुलिस को दी**

# सनातन धर्म में गऊओं की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा: स्वामी कृष्णानंद पुरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** समाध बाबा भगवान गिरी मठ एवं गौशाला के महंत एवं संचालक स्वामी कृष्णानंद पुरी ने नीलोखेड़ी हलका के गांव कारसा डोड में पहुंचकर गौ माता के विषय में महत्वपूर्ण संवाद किया और ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गेहूं की फसल कटने के बाद अपने सामर्थ्य के अनुसार गौ माता की सेवा के लिए सूखे चारे का दान जरूर करें, जिससे गौ माता एवं गौ वंश सुखा चारे के अभाव के कारण प्रभावित न हो सके। ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए यह प्रण लिया कि वह गौ माता के लिए अपनी-अपनी फसल से कुछ न कुछ दान अवश्य करेंगे। क्योंकि सनातन धर्म में गऊओं को माता का दर्जा दिया गया है और गऊओं की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं हो सकता।



# आईबी पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय प्रिंटिंग कार्यशाला का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

आईबी पीजी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गृह विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ सीमा के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पिडीलाइट कंपनी के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने किया । उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि प्रिंटिंग एक ऐसा विषय है जिसमें निपुण होकर विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनकर आय उपार्जन बन सकते हैं। कार्यशाला की मुख्य प्रशिक्षिका पिडीलाइट कंपनी से अलका जैन ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि जब भी ट्रेनिंग सेंटर खोलने के लिए विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता होगी वह हर संभव मदद करेंगी। इस कार्यशाला के समापन पर प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार तो करती ही है व स्वयं रोजगार की भावना भी पैदा करती है। विभागाध्यक्षा डॉ सीमा ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला का उद्देश्य उमंग तथा उत्साह के साथ विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को उकेरना है। कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक व उपप्राचार्या डॉ किरण मदान ने विद्यार्थियों को बधाई दी। गृह विज्ञान प्राध्यापिका अंशिका का इस कार्यशाला को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82255015 | संयुक्त प्रतिस्थापन के लिए रोबोट (विनिर्देश पीडीएफ के अनुसार संलग्न) | 1 | 06.05.2025 |
| | प्री-बिड मीटिंग दिनांक 22.04.2025 (03:00 PM) को रूम नंबर 232, कॉन्फ्रेंस हॉल, द्वितीय तल, एनेक्सी-I, स्टोर डिपार्टमेंट, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली-01 में आयोजित की जाएगी। | | | |
| 2. | 82255010 | 3डी सीबीसीटी प्रणाली (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) | 1 | 05.05.2025 |
| | प्री-बिड मीटिंग दिनांक 21.04.2025 (03:00 PM) को DY CMM/NRCH कार्यालय में आयोजित की जाएगी। | | | |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 82255015/MED/PART-II दिनांक: 04.04.2025 1024/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

निविदा पत्र सं. 178-सिग/सी०डब्लू/32/112 दिनांक : 11.03.2025 जो कि 14.03.2025 को प्रकाशित हुआ है और 07.04.2025 को खुलना है, को प्रशासनिक कारणों के कारण इसे वापस लिया जाता है।

कार्यालय उप० मु० सं० एवं दू० अभि० नि०/सी०डब्लू०, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, द्वितीया तल, नई दिल्ली
मेल आई.डी: dycstecw@gmail.com
फोन नंबर: 011-23740037

संख्या 178-सिग/सी.डब्लू/32/112
दिनांक : 04.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1037/2025

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ट मंडल अभियंता/समन्व्य, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e- निविदाए आमन्त्रित की जाती है

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | के.के.डी.ई में नई बैलास्ट साइडिंग के प्रावधान हेतू भू-कार्य और एसएसई/पी.वे कार्यालय का निर्माण | रु. 3,54,36,592.17 | रु. 3,27,200/- | 06- माह | 25.04.2025 |

सुचना: निविदा रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 25.04.2025 15:00 बजे तक ही भरी जायगी. पत्र सं.-128-डब्ल्यु/वं.मं.अधि./ सं/ निविदा-01-25-26-ड्ब्ल्युसी दिनांक- 03.04.2025 1018/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ:- निविदा सूचना संख्या 93/2025-2026 दिनांक 01.02.2025 (क्र.सं. 16)
(1) निविदा क्रमांक . 19250837 देय 29.04.2025 को
उपरोक्त निविदाओं के संदर्भ में निविदा की मात्रा के निम्नानुसार परिवर्तन किया गया है।

| SN | Depot | Existing | Revised |
|---|---|---|---|
| 1 | DSL/CB | 10 Nos. | 10 Nos. |
| 2 | ASR/NR | 42 Nos. | 42 Nos. |
| 3 | ETD/LDH | 6 Nos. | 0 Nos. |

अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1029/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**ई-खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या: 128-डब्लयू/269/ खुली ई निविदा सूचना/टेंडर नं. 02 (ए. बी/2025-26) डब्ल्यू-ई दिनांक 03.04.2025
मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक 25.04.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | (ए) सहायक मंडल अभियंता/सम्पति-I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/ट्रांजिट कैंप के कार्य क्षेत्र में टीए बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर सी.सी.आर.एस. कार्यालय के लिए अतिरिक्त स्थान का नवीनीकरण/मरम्मत कार्य हेतु। |
| | (बी) सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति-I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/पहाड़गंज के कार्य क्षेत्र में, ऑफिसर्स कॉलोनी पी.के. रोड पर अग्निशमन प्रणाली का वार्षिक रखरखाव कार्य हेतु। |
| अनुमानित लागत | (ए) रुपये 6183153.00 (बी) रुपये 15899995.33 |
| धरोहर राशि | (ए) रुपये 123700.00 (बी) रुपये 229500.00 |
| समापन अवधि | (ए) 06 महीनें (बी) 24 महीने |

1. निविदा दिनांक 25.04.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। 1019/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **1.विजय चौधरी पुत्रः वेद प्रकाश, निदेश मैसर्स महामाया एज्नि प्र. लि. पता:** 403, के.एल.जे. टावर नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली और मकान नं. 3/12, एच-3, ब्लॉक मॉडल टाउन-III, दिल्ली **1.संदीप चौधरी पुत्रः वेद प्रकाश, मैसर्स महामाया एज्नि प्र. लि. पता:** 403, के.एल.जे. टावर नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली और मकान नं. ए-9, महावीर स्कूल सोसाइटी रूम, गुजरनवाला टावर, पार्ट-I, दिल्ली ने **CC No. 530781/2016, U/s 138 NI Act,** थाना: कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय चौधरी और संदीप चौधरी** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय चौधरी और संदीप चौधरी** फरार हो गयें है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 530781/2016, U/s 138 NI Act,** थाना: कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विजय चौधरी और संदीप चौधरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री देशना गोलेच्छा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)-07 (के0)
कमरा नं. 507 तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4166/N/2025
(Court Matter)

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं.:** 12-PSSA-GSU-2025
दिनांक: 27.03.2025
**कार्य का नाम:** मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, द.पू.म.रेलवे, रायपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न निर्माण स्थलों/अनुभागों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएँ प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति।
**निविदा मूल्य:**₹ 10,56,04,451.76| **ईएमडी:** ₹ 6,78,000.00 | **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि:** दिनांक **05.05.2025** को **11.00** बजे तक | **निविदा खोलने की तिथि:** दिनांक **05.05.2025** को **11.00** बजे। विस्तृत विवरण / निविदा दस्तावेज़ की खरीद पात्रता मानदंड व पूर्ण विवरण हेतु कृपया उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर गति शक्ति इकाई रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउन लोड करें।

**सहा. संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर गति शक्ति इकाई रायपुर**

PR/R/GSU(DY.CSTE) /MS/288

South East Central Railway @secrail

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद अख्तर, पुत्र मोहम्मद मंसूर आलम, निवासी मकान नंबर फैक्ट्री नंबर एच1 - 33, सेक्टर - 3, डीएसआईआईडीसी, बवाना, दिल्ली ने FIR No. 237/13, U/s 285/337/338 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद अख्तर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **मोहम्मद अख्तर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रह है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहम्मद अख्तर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
एल.डी. एमएम-05 (उत्तर)
कमरा नंबर 114, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4200/ON/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी संजय,** पुत्रः चंदर भान, **पता:** वेगाबॉन्ड लाल बिल्डिंग एन ब्लॉक मंगोलपुरी, **दिल्ली FIR No: 514/2019 U/S: 392/411/34 IPC, पुलिस थाना: मंगोलपुरी दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **संजय, FIR No: 514/2019 U/S: 392/411/34 IPC, पुलिस थाना: मंगोलपुरी दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रितिका जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
उत्तर-पश्चिम कोर्ट नं. 105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4235/OD/2025
(Court Matter)

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# सोनिया विहार पुश्ता पर बनेगा एलिवेटेड रोड : प्रवेश वर्मा

विकास कार्य

▶▶ पीडब्ल्यूडी मंत्री ने विश्वास नगर विधानसभा के कड़कड़ी मोड़ और बाल्को सोसाइटी का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और यातायात की सुगमता के लिए लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने शुक्रवार को पांच सौ करोड़ की लागत से सोनिया विहार पुश्ता पर छह किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड के निर्माण की घोषणा की। यह एलिवेटेड रोड नानकसर गुरुद्वारा टी-पॉइंट से दिल्ली-यूपी बॉर्डर (ट्रोनिका सिटी) तक बनाया जाएगा। प्रवेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली सरकार के मंत्री व स्थानीय विधायक कपिल मिश्रा लंबे समय से सोनिया विहार क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे थे। इस क्षेत्र में यातायात की गंभीर समस्या को देखते हुए पीडब्ल्यूडी ने फ्लाईओवर निर्माण का निर्णय लिया है, जिससे स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि एलिवेटेड रोड की लंबाई लगभग साढ़े पांच से छह किलोमीटर होगी। एलिवेटेड के खंभे सड़क के दोनों ओर बनाए जाएंगे और इसकी अनुमानित लागत पांच सौ करोड़ रुपये रहेगी। इसका निर्माण पीडब्ल्यूडी और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) द्वारा किया जाएगा। इसकी अनुमति सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग (जीएनसीटीडी) द्वारा दी जाएगी। प्रवेश वर्मा ने कहा कि मंत्री कपिल मिश्रा इस सड़क के निर्माण के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। सोनिया विहार के लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए यह प्रोजेक्ट बहुत जरूरी था। हालांकि क्षेत्र में बड़ी संख्या में पेड़ होने के कारण हमने अब एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाने का निर्णय लिया है। मंगलवार को हमने इस विषय पर मुख्यमंत्री से भी चर्चा की।





## कपिल मिश्रा इस सड़क के निर्माण के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे: वर्मा

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह का बयान: मेरे साथी मंत्री कपिल मिश्रा इस सड़क के निर्माण के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। सोनिया विहार के लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए यह प्रोजेक्ट बहुत जरूरी था। हालांकि, क्षेत्र में बड़ी संख्या में पेड़ होने के कारण हमने अब एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाने का निर्णय लिया है। कल हमने इस विषय पर मुख्यमंत्री जी से भी चर्चा की थी, और उन्होंने इस प्रोजेक्ट को स्वीकृति दे दी है। इस फ्लाईओवर से दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर को नई गति मिलेगी, यातायात की समस्या कम होगी और क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी।



हमारा संकल्प दिल्ली के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।इस एलिवेटेड रोड के निर्माण से दिल्ली और यूपी के ट्रॉनिका सिटी के बीच यातायात सुगम होगा, जाम की समस्या दूर होगी और स्थानीय निवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। ढहऊइस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द शुरू करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी कर रहा है।

**विश्वास नगर विधानसभा में सड़क सुधार और सौंदर्यीकरण को लेकर निरीक्षण**
विधायक ओ. पी. शर्मा जी की मांग पर सड़क के दोनों ओर पड़े मलबे को हटाने और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। साइट विज़िट के दौरान अतिक्रमण की समस्या भी देखी गई, जिसके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।
मंत्री प्रवेश वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य जल्द से जल्द पूरे किए जाएं, जिससे स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें।



दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की।

## भाजपा नेता शाजिया इल्मी पर हाईकोर्ट ने लगाया भारी जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने इंडिया टुडे के पत्रकार राजदीप सरदेसाई के खिलाफ मानहानि के मुकदमे में तथ्यों को छुपाने के लिए भाजपा नेता शाजिया इल्मी पर 25 हजार का रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने कहा कि इल्मी ने याचिका में उनके द्वारा कुछ ट्वीट को दबा दिया गया था। शाजिया इल्मी ने सरदेसाई के खिलाफ मानहानि का मुकदमा एक्स पर उनकी टिप्पणियों को लेकर दायर किया था। हालांकि, अदालत ने इल्मी द्वारा उनके मुकदमे में अंतरिम राहत के लिए दायर आवेदन को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया।

## तीन तमंचे व अवैध शराब समेत पांच गिरफ्तार

काबू

▶▶ पुलिस ने बदमाशों व शराब तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए पांच को गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी जिला पुलिस ने बदमाशों व शराब तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए पांच को गिरफ्तार है। इनमें तीन बदमाश व दो महिला शराब तस्कर शामिल हैं। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि इनके कब्जे से तीन तमंचे, चार कारतूस व मोटरसाइकिल के अलावा अवैध शराब के 222 पव्वे, 24 बीयर व 3400 रुपये नकद बरामद किया गया है। पकड़े गये एक आरोपित साजिद उर्फ जैद पर लूट समेत 30 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस इन पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर इनके हथियारों व शराब के आपूर्तिकताओं व इनके पूरे नेटवर्क के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार देर रात एएटीएस इंचार्ज इंस्पेक्टर योगेश वशिष्ठ की टीम ने लोनी गोली चक्कर, मुख्य वजीराबाद मार्ग से एक बदमाश दबोचा। गुप्त सूचना के आधार पर पकड़े गए इस बदमाश भागीरथी विहार निवासी शाह नूर के पास से तमंचा व दो कारतूस बरामद हुआ।

## प्रदूषण के खिलाफ हरियाली की नई उम्मीद, बंजर जमीन को बना रहे हरा-भरा पार्क

हरा-भरा पर्यावरण

▶▶ एक सूखी और बंजर जमीन के टुकड़े की कायापलट कर उसे एक हरे-भरे पार्क में बदल दिया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली-एनसीआर और प्रदूषण मानो एक सिक्के के दो पहलू बन गए हैं। दिल्ली में एक्यूआई एक बार फिर 200 के पार पहुंच गया है। हवा में घुलते जहर को कम करने के लिए एक तरफ जहां दिल्ली सरकार, आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर कृत्रिम बारिश करवाने पर विचार कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ जीवन स्तंभ फाउंडेशन, बंजर जमीनों को हर-भरा कर वायु प्रदूषण से मुक्ति दिलाने की मुहिम में जुटी हुई है। नई दिल्ली स्थित इस गैर-सरकारी संस्था ने एक औद्योगिक संस्था के साथ मिलकर उनके कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम में एक सूखी और बंजर जमीन के टुकड़े की कायापलट कर उसे एक हरे-भरे पार्क में बदल दिया है। इस प्रोजेक्ट की शुरूआत एक बंजर भूमि की पहचान से हुई। जिसके बाद उस एरिया की सफाई कर वहां की मिट्टी को उपजाऊ बनाया गया। जब मिट्टी पौधारोपण के लिए तैयार हुई, तब संस्था ने अपने कॉर्पोरेट सहयोगी र एसोसिएट्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया, जिसमें 7-8 प्रजातियों के लगभग 12,000 पेड़ लगाए गए। इस पूरी कवायद का नतीजा ये रहा कि महीनों पहले जहां धूल उड़ती थी, वहाँ आज हरियाली की एक चादर नजर आती है। प्रोजेक्ट की सफलता के बारे में बताते हुए जीवन स्तंभ फाउंडेशन के डायरेक्टर मोहम्मद अरमान खान कहते हैं, हमें इस बात बहुत खुशी है कि हमने एक सूखे इलाके को हरे-भरे क्षेत्र में बदल दया है। हमारी यह कोशिश सिर्फ शहर को हरा-भरा बनाने की पहल नहीं है, बल्कि कार्बन सिंक बढ़ाने की दशा में भी एक अहम कदम है। स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा।

## लूटे गए मोबाइल फोन व बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मधु विहार इलाके की पुलिस ने दो बदमाशों को लूटे गए मोबाइल फोन व एक वाहन चोर को चोरी के वाहन समेत पकड़ा है। पूर्वी जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने शुक्रवार को बताया कि आरोपितों पर आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इनकी पहचान अंकुश व देव राज उर्फ नंदू और एक की नाबालिग वाहन चोर के रूप में हुई है। इनके कब्जे से एक मोबाइल फोन व चोरी का एक दुपहिया वाहन बरामद हुआ है। अंकुश और देवराज दोनों आदतन अपराधी हैं और दोनों पर आधा दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक बीती देर रात मधु विहार थाने में मामले की शिकायत मिली थी।

## सरकार बदली समस्याएं जस की तस

अतिक्रमण

▶▶ अतिक्रमण, पानी के कम प्रेशर समेत कई समस्याओं से जूझ रहे सरस्वती अपार्टमेंट के लोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आईपी एक्सटेंशन स्थित सरस्वती अपार्टमेंट के बाहर दीवार के सहारे अवैध रूप से वाहन पार्किंग होती है। दिल्ली जल बोर्ड की पाइपलाइन से पानी का प्रेशर होने के कारण टंकी तक पानी नहीं पहुंचता, बूस्टर पंप लगाना पड़ता है। सोसायटी के साइड वाली सड़क का निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण पूरे दिन धूल उड़ती है। उससे लोगों को परेशानी हो रही है। कई अन्य समस्याएं हैं, जिनको लेकर सोसायटी के निवासी संबंधित विभागों से शिकायतें करते रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

**20 से 30 मिनट तक लगता है समय**
सोसायटी के लोगों ने बताया कि सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। उस दिन मधु विहार



मोड़ से सोसायटी तक पहुंचना मुश्किल होता है। 20 से 30 मिनट तक का वक्त लग जाता है। कई बार नगर निगम से मांग की गई कि इस बाजार को कहीं दूसरी जगह शिफ्ट कर दें। लेकिन इस मामले में कोई कुछ नहीं करता। इसी तरह सोसायटी के बाहर आसपास की कालोनी के लोग अपनी कारें खड़ी कर जाते हैं। उनको हटाने को कहो तो लड़ते हैं। इसके साथ ही कुछ लोग अवैध रूप से रेहड़ी लगाते हैं। लोगों ने बताया कि जल बोर्ड ने मेन पाइपलाइन से एक इंच चौड़ी पाइप जोड़ कर सोसायटी को कनेक्शन दिया हुआ है।

**सोसायटी में 192 फ्लैट**
पानी का प्रेशर न होने की वजह से अपने आप टंकी तक पानी नहीं पहुंचता, बूस्टर पंप लगाना मजबूरी हो गया है। सोसायटी की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने बताया कि सोसायटी में अंदरुनी सड़कें खराब हो रही हैं, उनके लिए विधायक से फंड की मांग की गई थी। यह मांग भी पूरी नहीं हुई है। इस सोसायटी में 192 फ्लैट हैं, जिनका कब्जा वर्ष 2002 में दिया गया था। तब से पूरी सोसायटी का एक ही बिजली कनेक्शन है। फ्लैटों को अलग कनेक्शन नहीं मिले हुए। सोसायटी के कनेक्शन से सब मीटर के जरिये इनको बिजली दी जाती है और बिजली कलेक्शन किया जाता है।

## जस्टिस डीके शर्मा को दिल्ली हाई कोर्ट ने दी विदाई

नियुक्ति

▶▶ यह तबादला सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश और केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा को दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन (डीएचसीबीए) ने एक विशेष समारोह में भावभीनी विदाई दी। जस्टिस शर्मा अब कलकत्ता हाई कोर्ट में अपनी नई भूमिका निभाएंगे। यह तबादला सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश और केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद हुआ है। अपने विदाई भाषण में जस्टिस शर्मा ने कहा कि बीता सप्ताह उनके लिए तेजी से गुजरा और वे नियति में विश्वास के साथ नई जिम्मेदारी के लिए उत्साहित हैं। जस्टिस शर्मा ने अपने 37 साल के करियर को



याद करते हुए वकील समुदाय के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बार ने उन्हें न केवल एक जज के रूप में, बल्कि एक इंसान के रूप में भी तराशा। रजिस्ट्रार जनरल के कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने कोविड-19 संकट के दौरान बार के सहयोग को अहम बताया, जिसने न्यायपालिका को मुश्किल वक्त में संभाला। उन्होंने युवा और वरिष्ठ वकीलों की मेहनत की तारीफ की और कहा कि उनकी वजह से ही न्याय व्यवस्था मजबूत हुई है।

**जस्टिस शर्मा ने कलकत्ता हाईकोर्ट में नियुक्ति को बताया सौभाग्य**
समारोह में दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और डीएचसीबीए अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिशरण मौजूद थे। दोनों ने जस्टिस शर्मा के कार्यकाल की प्रशंसा की और उनकी निष्ठा व नेतृत्व को सराहा।

## होटल कारोबारी की मिली लाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पश्चिमी दिल्ली में तिलक नगर क्षेत्र से गत 26 मार्च को होटल कारोबारी सागर चौहान लापता हो गया था। इधर, परिजन और पुलिस उसकी खोज में जुटे थे कि उत्तर प्रदेश के शामली में उनका शव बरामद हुआ है। उनकी हत्या करने के बाद शव शामली में फेंक दिया गया। अभी तक पुलिस इस बात की पुष्टि नहीं कर सकी है कि होटल कारोबारी की हत्या दिल्ली में की गई थी या शामली में। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। होटली कारोबारी सागर चौहान करीब पांच वर्ष से इस क्षेत्र में काम कर रहे थे।

## प्रिंस तेवतिया गैंग के चार शूटर दबोचे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिणी जिला पुलिस ने प्रिंस तेवतिया गिरोह के चार शातिर शूटरों को गिरफ्तार किया है। ये अपने प्रतिद्वंदी गिरोह के बदमाशों की हत्या करने की फिराक में घूम रहे थे। इससे पहले ही पुलिस ने आरोपितों को दबोच लिया। इनसे अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि बदमाशों की पहचान दक्षिणपुरी निवासी राकेश उर्फ राका, संगम विहार निवासी हनी रावत उर्फ बड़ी, जहांगीरपुरी निवासी रिशू प्रसाद उर्फ मोनू और दिलशाद उर्फ गोलू के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों पर अंबेडकर नगर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। बदमाशों



से तीन पिस्तौल, मैगजीन के साथ छह कारतूस, देशी पिस्तौल, दो कारतूस और कार बरामद की गई।

**पिस्तौल व कारतूस बरामद**
पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार जिले की टीमें लगातार वांछित व घोषित अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है। जिले का स्पेशल स्टाफ सूचना मिली थ्री कि प्रिंस तेवतिया गिरोह के बदमाश बीआरटी रोड पर किसी वारदात को अंजाम देने आ रहे हैं।
पुलिस ने डीडीए फ्लैट्स मदनगीर के पास बीआरटी रोड पर नाकेबंदी कर दी। तभी एक कार में संदिग्ध लोग नजर आए।

## डीएमआरसी ने स्मार्ट डोर-टू-डोर ट्रैवल सेवा की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मोमेंटम दिल्ली सारथी 2.0 ऐप के माध्यम से शुक्रवार को 'स्मार्ट डोर-टू-डोर ट्रैवल' सेवा की शुरूआत की है। डीएमआरसी ने बाइक टैक्सी और ऑटो-रिक्शा के लिए रैपिडो के साथ महिला-नेतृत्व वाले एक स्टार्टअप शीराईडस के साथ साझेदारी की है। जो विशेष रूप से महिला मेट्रो यात्रियों के लिए बाइक टैक्सी सेवा उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि यह सेवा यात्रियों को मेट्रो टिकट और आखिरी स्टेशन के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशन की व्यवस्था देगा। इससे यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी।

## एम्स के डॉक्टरों के परिवारों को नहीं मिली राहत

दूषित पानी

▶▶ दूषित पानी से बीमार होने का सिलसिला अभी नहीं रुका, एम्स के डॉक्टरों के बीमार होने का सिलसिला अभी भी जारी, अब तक 38 परिवारों में करीब 100 लोग बीमार हो गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** एम्स के डाक्टरों के आवासीय परिसर पश्चिमी अंसारी नगर में दूषित पानी से बीमार होने का सिलसिला अभी रुका नहीं है। इस वजह से अब तक 38 परिवारों में करीब 100 लोग गैस्ट्रोएंटेराइटिस से पीड़ित हो चुके हैं। फैकल्टी स्तर के एक वरिष्ठ डाक्टर ने बताया कि अंसारी नगर से लिए गए पानी के कुछ सैंपल की रिपोर्ट में भी फीकल बैक्टीरिया पाए जाने की बात सामने आई है। जिसके बाद एम्स ने कम्युनिटी मेडिसिन के प्रोफेसर डा. संजय राय के नेतृत्व में गठित डिजीज प्रिवेंशन एंड आउट ब्रेक रेस्पांस सेल ने सर्विलांस शुरू कर दी है। इस कमेटी में 10 डॉक्टर शामिल हैं।





**पानी के 15 सैंपल जांच के लिए भेजे**
एम्स सूत्रों के अनुसार पश्चिमी अंसारी नगर से कल भी पानी के 15 सैंपल जांच के लिए भेजे गए। जिन घरों में लोग बीमार हुए हैं उन घरों से पानी के सैंपल लिए गए हैं। छतों पर लगे पानी की टंकियों की साफ सफाई कराई जा रही है। डॉक्टर बताते हैं कि अब तक दूषित पानी के स्रोत का पता नहीं चला है। रेस्पांस सेल गहनता से इसकी पड़ताल कराएगी। इस बाबत एम्स के पक्ष के लिए संस्थान के मीडिया डिविजन से संपर्क किया गया। वाट्सएप से मैसेज भी किया गया, लेकिन जवाब नहीं मिला।

फीकल बैक्टीरिया मिलने का मामला आया सामने
पिछले दिनों एम्स के राष्ट्रीय वृद्धजन केंद्र व हास्टल नंबर चार के पानी में फीकल बैक्टीरिया मिलने का मामला सामने आया। एम्स के माइक्रोबायोली विभाग की लैब में हाल ही में हुई जांच में इन दोनों जगहों के पानी में फीकल पाया गया था।
इसके बाद संस्थान के डाक्टरों के आवासीय परिसर पश्चिमी अंसारी नगर में दूषित पानी के कारण 28 घरों में कई 65 से 70 लोग बीमार हुए। अब 38 घरों में बीमार लोग निकले हैं। इसमें कई डाक्टर भी शामिल बताए गए हैं।

## सिख दंगा : मंजीत सिंह जीके ने आंशिक बयान दर्ज कराया

बयान दर्ज

▶▶ जज जीतेंद्र सिंह ने उनका आगे का बयान दर्ज करने के लिए 21 अप्रैल की तिथि नियत करने का आदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राऊज एवेन्यू कोर्ट में 1984 सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा से जुड़े मामले में जगदीश टाइटलर के खिलाफ दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मंजीत सिंह जीके ने अपना आंशिक बयान दर्ज कराया। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने उनका आगे का बयान दर्ज करने के लिए 21 अप्रैल की तिथि नियत करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान जगदीश टाइटलर कोर्ट में मौजूद थे।
सीबीआई ने इंदिरा गांधी बॉडी लाइंग इन स्टेट संरक्षित रखने का निर्देश देने की मांग की। इस पर कोर्ट ने सीबीआई की मांग को मंजूर करते हुए दूरदर्शन के उप महानिदेशक को इस आदेश की अनुपालन रिपोर्ट अगली सुनवाई में दाखिल करने का निर्देश दिया। इससे पहले 18 मार्च को फोरेंसिक विभाग के सीनियर साइंटिफिक अफसर अमितोष कुमार का बयान दर्ज के बयान दर्ज किए गए थे।

# सीएम सैनी ने सीबीजी प्लांट सुविधा का किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पिंजौर:** गौ कल्याण और टिकाऊ पशुधन प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को कामधेनु गौशाला सेवा सदन (केजीएसएस), पिंजौर में जीना सीखो लाइफकेयर की इकाई जीना ग्रीन्स रिसोर्सेज द्वारा स्थापित कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गौमाता देह संस्कार केंद्र और एक नए शेड का शिलान्यास भी किया गया, जो अब और अधिक आवारा गायों को सुविधा प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर गीता मनीषी, श्रद्धेय स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, हरियाणा के कृषि और पशुपालन मंत्री धर्म सिंह राणा की उपस्थिति रही; शक्ति रानी शर्मा, विधायक, कालका, आचार्य मनीष, अध्यक्ष, जीना सीखो, नवराज धीर, अध्यक्ष, केजीएसएस, आलोक कृष्ण, उपाध्यक्ष, केजीएसएस, श्रवण कुमार गर्ग, अध्यक्ष, हरियाणा गौ सेवा आयोग, संजय टंडन, सदस्य, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्ति, धार्मिक नेता और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए जिन्होंने गौ कल्याण में सामूहिक जिम्मेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गौशाला के विस्तार के लिए 21 लाख रुपये तथा कृषि मंत्री ने 11 लाख रुपये देने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर बोलते हुए, सीएम नायब सिंह सैनी ने कामधेनु गौशाला सेवा सदन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार गौशाला कल्याण नीतियों को मजबूत करने और टिकाऊ कैटल केयर (पशु देखभाल) मॉडल का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देते हुए पशुओं के नैतिक उपचार को सुनिश्चित करने में ऐसी सुविधाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह को संबोधित करते हुए, आचार्य मनीष जी ने इस बात पर जोर दिया कि गायें अब बाहरी सहायता पर निर्भर नहीं हैं क्योंकि उनके जैविक उत्पादों (जैसे गोबर, मूत्र और दूध) का उपयोग इस तरह से किया जा रहा है जो उनके मूल्य को बढ़ाता है और उनके रखरखाव को बनाए रखता है। नव स्थापित प्लांट ने सामाजिक कल्याण और आर्थिक सक्षमता सुनिश्चित करते हुए स्थिरता, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित किया है। इस अवसर पर उपस्थित हरियाणा के कृषि और पशुपालन मंत्री धर्म सिंह राणा ने सतत पशुधन प्रबंधन पर पहल के प्रभाव की प्रशंसा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल नैतिक गाय प्रबंधन और सतत प्रथाओं का एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत करती है क्योंकि सरकार का ध्यान ऐसे प्रयासों का समर्थन करने पर रहता है जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखते हैं और पशुधन की रक्षा करते हैं। केजीएसएस के अध्यक्ष नवराज धीर ने भी अपने संबोधन में परियोजना के भविष्य में होने वाले प्रभाव की सराहना की। उनके अनुसार गौशाला में शुरू की गई पहल के साथ, यह गौ सेवा, सामाजिक कल्याण और पर्यावरण सद्भाव के प्रति ट्रस्ट की जिम्मेदारी को दर्शाती है जो हमारे समाज पर लम्बी अवधि तक सकारात्मक प्रभाव डालेगा। शक्ति रानी शर्मा, विधायक, कालका ने पशु कल्याण में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। उनका मानना है कि जब समाज सक्रिय रूप से योगदान देता है तो इस तरह की परियोजनाएँ सफल होती हैं।

## विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में हरियाणा का रहेगा विशेष योगदानः सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में हरियाणा का विशेष योगदान रहेगा। इसी तरह से हम सभी को मिलकर हरियाणा के विकास की गति को और तेजी से आगे बढ़ाना होगा। सरकार की नीतियों व कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा। मुख्यमंत्री आज अपने निवास चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में अंबाला से आए सैकड़ों लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में विकास हुआ है और दुनिया में भारत का नाम ऊंचा हुआ है। अब भारत सुरक्षित, लोगों के हितों को सर्वोपरि रखने वाला, तीव्र गति से विकसित होने वाला राष्ट्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की जनहितैषी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। पात्र व्यक्तियों की चिंता करने की जरूरत

## कष्ट निवारण समिति की बैठक में 8 शिकायतों का हुआ निपटारा

**सुनीं समस्याएं**
▸▸ जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडकें) विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने आज पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली और एजेंडे के तहत 12 शिकायतों को सुना, जिनमें से 8 का समाधान किया गया और 4 शिकायतों के समाधान से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर अगली मीटिंग में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान निर्मला देवी की शिकायत थी कि उसने एक प्लाट 4 लाख 80 हजार रुपये में खरीदा था। उसे न तो प्लाट दिया गया और न ही पेमेंट दी गई है। इस शिकायत पर मंत्री रणबीर गंगवा ने पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए कि इस मामले में कोर्ट में आरोपी के खिलाफ मजबूती से पैरवी करें और कोर्ट की आगामी तिथि उपरांत इस मामले से संबंधित जो मुख्य आरोपी है, नियमानुसार उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाएं। इसी तरह से गुरदीप सिंह ने अपनी शिकायत में कहा कि पूर्व सरपंच द्वारा वाल्मीकि चौपाल के निर्माण के लिए 4 लाख रुपये की राशि हड़प कर ली गई है। इस शिकायत पर जन स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिसने भी इस मामले में पैसे निकालने में गबन किया है, उसके खिलाफ जांच करते हुए कार्रवाई अमल में लाएं। यदि ग्राम सचिव की भी इसमें संलिपत्ता है तो नियमानुसार उसके खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लाएं।

## न्यूज फ्लैश

### कड़ी मेहनत व लग्न से इंसान बनाता है अपनी पहचान- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कोई भी इंसान अपनी पहचान कड़ी मेहनत से बनाता है। ऐसे होनहार व्यक्तियों पर न केवल उनके अभिभावकों को बल्कि स्थानीय क्षेत्र के लोगों को भी गर्व होता है। श्री शशांक गुप्ता उनमें से एक हैं जिन्होंने नारायणगढ़ के नेशनल स्कूल से अपनी पढ़ाई की शुरूआत की थी और उनका चयन आज शैक्षणिक सत्र 2025 -26 के लिए शेर्लोट एलिजाबेथ प्रॉक्टर फेलोशिप, प्रिंस्टन यूनिवर्सिटी, यूएस में हुआ। मुख्यमंत्री ने श्री शशांक गुप्ता को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने श्री शशांक गुप्ता के पिता जी श्री शैलेन्द्र गुप्ता को भी फोन कर उन्हें बेटे की सफलता के लिए बधाई दी।

### हिसार से होगी नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 अभियान की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा से नशे के खात्मे के लिए कल 5 अप्रैल को हिसार से प्रदेश स्तरीय नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 अभियान की शुरूआत की जाएगी। इस जागरूकता अभियान का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 अभियान के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के गेट नंबर एक से फ्लेचर भवन (एचएयू प्रशासनिक ब्लॉक) का मार्ग चुना गया है। उन्होंने बताया कि हिसार जिला प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय साइक्लोथॉन के आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि हिसार से शुरू होकर यह यात्रा भिवानी जिले में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा कि यह साइक्लोथॉन महज एक खेल या इवेंट नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक क्रांति की शुरूआत है, जिसमें हजारों की संख्या में युवा, छात्र, पुलिस, सेना, एनसीसी, एनएसएस और समाज के सभी वर्गों से लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हरियाणा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। प्रवक्ता ने बताया कि अब तक इस साइक्लोथॉन में हिसार जिले से 43 हजार से अधिक साइक्लिस्ट जुड़ चुके हैं और इस जिले मे आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों की यह सहभागिता हमें रिकॉर्ड की दिशा में ले जा रही है। कल का आयोजन पूरे प्रदेश में एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करेगा। हिसार से शुरू होने वाली यह यात्रा 27 अप्रैल तक चलेगी और राज्य के विभिन्न जिलों से गुजरते हुए सिरसा में समाप्त होगी। कल यात्रा हिसार से भिवानी जिले की ओर बढ़ेगी और लाडवा, सुल्तानपुर, उमरा, रतेरा, ढाणी किरवार, तोशाम, सागबान व बापोड़ा होते हुए आगे बढ़ेगी।

### धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को देश में सबसे ज्यादा दी जा रही सब्सिडी : श्याम सिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) करने वाले किसानों के लिए राज्य सरकार 4000 रुपए प्रति एकड़ की सब्सिडी प्रदान कर रही है, जो देश में सबसे अधिक है। हरियाणा सतत धान खेती को बढ़ावा देने में अग्रणी राज्य है। पारंपरिक रोपाई विधियों के विपरीत, जिसमें अत्यधिक पानी की आवश्यकता होती है, डीएसआर में पौधों को रोपाई करने की जरूरत नहीं होती, जिससे पानी की खपत और श्रम लागत में काफी कमी आती है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री आज कृषि विभाग के सहयोग से सवाना सीड्स ने जल संरक्षण आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में डीएसआर अपनाने के फायदों और चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला में किसानों और कई जिलों के कृषि उपनिदेशकों ने भाग लिया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रदेश सरकार की किसानों को सतत कृषि की ओर स्थानांतरित करने में सहायता करने वाली योजनाओं को लेकर कहा कि हरियाणा के किसानों के लिए जल संरक्षण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सरकार डीएसआर को एक स्थायी विकल्प के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और किसानों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और उन्नत बीज तकनीक तक पहुंच प्रदान करेगी।

## पंवार ने विवाह शगुन योजना के लाभार्थियों को चेक किए वितरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतरजातीय विवाह शगुन योजना के तहत इसराना विधानसभा (पानीपत) के 25 लाभार्थियों को चेक वितरित किए। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने चेक वितरण करने के बाद वर वधु को आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अंतजार्तीय विवाह को प्रोत्साहन देने के लिए यह योजना चलाई गई है। इस अवसर पर उन्होंने वर-वधू के सुखद भविष्य की कल्पना की और कहा कि लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।
उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ हरियाणा राज्य के निवासी अनुसूचित जाति के लडके-लडकी द्वारा अंतजार्तीय विवाह करने पर प्रदान किया जाता है।
विवाह उपरांत जोड़े को 2 लाख 50 हजार की राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है। जिनमें से 1 लाख 25 हजार रुपए उनके संयुक्त खाते में जमा करवाए जाते हैं और 1 लाख 25 हजार की एफडी उनके नाम करवाई जाती है। यह राशि 3 वर्ष के लिए जमा होती है।

## पीएम थर्मल पावर प्लांट की तीसरी यूनिट का करेंगे शिलान्यास

**समीक्षा**
▸▸ डॉ. अमित ने कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण, कार्यक्रम की तैयारियां समय पर पूरी करें सभी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर यमुनानगर में दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट की तीसरी यूनिट का शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर जिला यमुनानगर के पंचकूला-सहारनपुर हाईवे के नजदीक गांव कैल में शुक्रवार को विकास एवं पंचायत और सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा -निर्देश दिए। इसके उपरांत जिला सचिवालय के सभागार में जिला के सभी अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल 2025 को यमुनानगर थर्मल पावर प्लांट में स्थापित होने वाली 800 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली नई इकाई का शिलान्यास करेंगे तथा जनसभा को भी संबोधित करेंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी होगी, ऐसे में पार्किंग, हेलीपेड और वाहनों के लिए अलग रास्ते चिन्हित किए जाएं ताकि ट्रैफिक व्यवस्था सुव्यवस्थित हो और लोग सुगमता से रैली स्थल पर पहुंच पाएं। उन्होंने कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग को स्टेज, पंडाल व पार्किंग के कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को स्वच्छ पेयजल और शौचालयों का प्रबंध करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश के लोगों में काफी उत्साह है। नई यूनिट के लगने से जहां प्रदेश में बिजली उत्पादन बढ़ेगा, वहीं युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सरकार की जनहितकारी नीतियों की भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अलग-अलग लोकेशन में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर अम्बाला मंडल के आयुक्त अंशज सिंह, हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अशोक मीणा, यमुनानगर के उपायुक्त पार्थ गुप्ता, सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) श्रीमती वर्षा खांगवाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कला के क्षेत्र में भी हरियाणा स्थापित करेगा नए कीर्तिमान- खेल मंत्री गौरव

**संस्कृति**
▸▸ महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है, जो न केवल हरियाणा की संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देगा: गौतम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा फिल्म महोत्सव एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है, जो न केवल हरियाणा की संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रदेश की प्रतिभाओं को भी नई पहचान देगा। यह उदगार हरियाणा के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, खेल मंत्री गौरव गौतम ने आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के टैगोर सभागार में हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025 का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। खेल मंत्री गौरव गौतम ने बतौर मुख्यातिथि सिने फाउंडेशन, हरियाणा (विश्व संवाद केन्द्र) तथा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन हुए हरियाणा की फिल्म इंडस्ट्री के विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हरियाणवी फिल्म इंडस्ट्री को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने की राह प्रशस्त करेंगे और इससे जुड़े फिल्म कलाकार, निमार्ता, निर्देशक समेत अन्य लोगों को भी रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे। खेल मंत्री गौरव गौतम ने इस अवसर पर युवाओं को नशे से बचने के लिए खेल व कला से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने इस अवसर पर एमडीयू में खेल मंत्रालय द्वारा एक्सीलेंस सेंटर बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि यह सेंटर आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इस फिल्म महोत्सव के लिए भी 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

## कुवि ने घोषित किए 13 परीक्षाओं परिणाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की 13 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।
विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित पीजी डिप्लोमा इन वूमेन स्टडीज (एनईपी) पहला सेमेस्टर, बीएचएमसीटी 7वां सेमेस्टर (सीबीसीएस), बीएचएमसीटी तीसरा सेमेस्टर (फ्रेश) नॉन-सीबीसीएस, एमएससी कंप्यूटर साइंस (सॉफ्टवेयर) पहला सेमेस्टर (री-अपीयर), एम.एससी. (अर्थशास्त्र) ऑनर्स 5वां सेमेस्टर (एनईपी), एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर बीएचएमसीटी प्रथम सेमेस्टर (नॉन-सीबीसीएस) (पुनः उपस्थिति) सीबीसीएस परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

## हरियाणा ने जीएसटी संग्रह में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की

**राजस्व**
▸▸ आबकारी एवं कराधान विभाग, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व लक्ष्य से 1,655 करोड़ रुपये ज्यादा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा ने एसजीएसटी (राज्य माल एवं सेवा कर) संग्रह के मामले में राष्ट्रीय वृद्धि दर को पीछे छोड़ते हुए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रभावशाली रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने विवरण साझा करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में एसजीएसटी के लिए 37,498 करोड़ रुपये के बजट लक्ष्य के विरुद्ध, आबकारी एवं कराधान विभाग ने लक्ष्य से 1,655 करोड़ रुपये अधिक यानि 39,153 करोड़ रुपये संग्रह किए हैं। यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि राज्य ने वित्तीय वर्ष के लिए अपने एसजीएसटी राजस्व लक्ष्य को पार कर लिया है। विनय प्रताप सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि हरियाणा ने जीएसटी संग्रह में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, राष्ट्रीय वृद्धि औसत दर को पार किया है और वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए महत्वपूर्ण रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। यह उपलब्धियाँ राज्य की मजबूत आर्थिक वृद्धि और कुशल कर प्रबंधन का प्रमाण हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हरियाणा का कुल सकल जीएसटी संग्रह 1,19,362 करोड़ रुपये पर पहुंचा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि मार्च 2025 के लिए हरियाणा का कुल सकल जीएसटी संग्रह 10,648 करोड़ रुपये है, जो मार्च 2024 की तुलना में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मार्च 2025 के लिए राष्ट्रीय औसत वृद्धि दर 8.79 प्रतिशत है, जिससे हरियाणा प्रमुख राज्यों में वृद्धि प्रतिशत में 6वें स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, हरियाणा का कुल सकल जीएसटी संग्रह 1,19,362 करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 16 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दशार्ता है। यह सभी राज्यों में सबसे अधिक वृद्धि दर है, जो राष्ट्रीय औसत 10 प्रतिशत से अधिक है।

**वित्त वर्ष 2024-25 में हरियाणा एसजीएसटी संग्रह (प्री-आईजीएसटी निपटान) में 15 प्रतिशत की वृद्धि**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए हरियाणा का एसजीएसटी संग्रह (प्री-आईजीएसटी निपटान) 23,285 करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह प्रमुख राज्यों में दूसरी सबसे अधिक वृद्धि दर है।

## मुख्य सचिव ने की प्रमुख रेल परियोजनाओं की समीक्षा

**संचालन समिति**
▸▸ मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल तथा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता भी उपस्थित थे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में प्राथमिकता वाली रेलवे अवसंरचना परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा के लिए आज यहां मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम (एचआरआईडीसी) की 31वीं बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल तथा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता भी उपस्थित थे।
मुख्य सचिव ने प्रदेश में कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में बताया गया कि उत्तरी सर्किल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने पातली-मानेसर (प्राथमिकता खंड) के चालू होने के संबंध में पातली यार्ड की रीमॉडलिंग के लिए मंजूरी दे दी है। पातली में हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (एचओआरसी) का भारतीय रेलवे नेटवर्क के साथ महत्वपूर्ण इंटरकनेक्शन 28 मार्च, 2025 को पूरा हो गया है। एमएसआईएल रेलवे यार्ड भी पूरा हो चुका है, जिसमें फॉर्मेशन, ट्रैक, ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन तथा सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्य शामिल है। पातली यार्ड को छोड़कर, पूरा मानेसर-पातली सेक्शन अब भौतिक रूप से तैयार है तथा रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा अप्रैल 2025 में निरीक्षण किए जाने की सम्भावना है। बैठक में बताया गया कि कुरुक्षेत्र एलिवेटेड ट्रैक परियोजना के तहत एलिवेटेड वायडक्ट, ट्रैक और विद्युतीकरण के निर्माण के का कार्य पूरा हो चुका है। थानेसर स्टेशन और उसके एलिवेटेड प्लेटफॉर्म सहित पूरी परियोजना सितंबर 2025 तक पूरी होने की सम्भावना है। सोनीपत को बागपत, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर के रास्ते पलवल से जोड़ने वाले ईस्टर्न ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (ईओआरसी) के लिए व्यवहार्यता अध्ययन का कार्य उत्तर प्रदेश सरकार ने एचआरआईडीसी को सौंपा गया था। एचआरआईडीसी की रिपोर्ट 28 फरवरी, 2025 को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली एनसीआर (यूपी) की संचालन समिति को सौंपी जा चुकी है।

## मुख्य सचिव रस्तोगी ने की सीडीएस तथा एनडीए परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आगामी 13 अप्रैल को जिला फरीदाबाद और गुरुग्राम में होने वाली सीडीएस परीक्षा-1, 2025 तथा एनडीए एवं एनए-परीक्षा-1, 2025 के आयोजन सम्बन्धी तैयारियों की समीक्षा की।
मुख्य सचिव ने कहा कि इन परीक्षाओं के प्रदेश के जिला फरीदाबाद में 12 और गुरुग्राम में 27 केन्द्र बनाए गए हैं।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा स्थलों, खास तौर पर एंट्री गेट, पिछले गेट और पार्किंग में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
परीक्षा स्थल के पास किसी भी प्रकार के व्यवधान या आंदोलन की अनुमति न दी जाए।
संवेदनशील सामग्री लाने-ले जाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, प्रत्येक परीक्षा स्थल पर महिला पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 10 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जानी चाहिए। अनुराग रस्तोगी निर्देश दिए कि परीक्षाओं के लिए उम्मीदवारों तथा परीक्षा से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को आने-जाने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उनके आने-जाने के लिए पर्याप्त संख्या में बसों की व्यवस्था की जाए।
परीक्षा के निर्बाध संचालन के लिए सभी केन्द्रों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा स्थलों पर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ और अन्य आईटी/संचार उपकरणों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक स्थल पर जैमर लगाए जा रहे हैं। परीक्षाओं में कदाचार के मामलों को देखते हुए संबंधित परीक्षा पदाधिकारियों को उचित रूप से जागरूक किया जाना चाहिए।

## वक्फ बोर्ड की सालाना आय 17 हजार करोड़ फिर भी कर्ज लेने की मजबूरी

**चर्चा**
▸▸ 17 हजार करोड़ रुपये सालाना है लेकिन खर्च इससे भी ज्यादा है। कर्मचारियों के वेतन के लिए भी लोन लेना पड़ रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** देश की संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने के साथ ही देशभर के वक्फ बोर्डो की माली हालत पर चर्चा छिड़ी हुई है। इसी सिलसिले में हरियाणा वक्फ बोर्ड की हालत भी सामने आई है। हरियाणा वक्फ बोर्ड सालाना 17 हजार करोड़ की आय होने पर भी कर्ज लेने को मजबूर है। हरियाणा वक्फ बोर्ड की 20 हजार 896 एकड़ जमीन लीज पर है लेकिन किराया सिर्फ 23 हजार किरायेदारों से ही मिल रहा है। आमदनी 17 हजार करोड़ रुपये सालाना है लेकिन खर्च इससे भी ज्यादा है। कर्मचारियों के वेतन के लिए भी लोन लेना पड़ रहा है। करीब एक हजार केस कोर्ट में विचाराधीन हैं। करीब पांच करोड़ रुपये का लोन लेना पड़ा। कमाई का सात प्रतिशत हरियाणा वक्फ बोर्ड के पास आता है, जबकि एक प्रतिशत सेंट्रल वक्फ काउंसिल के पास चला जाता है। आमदनी कम होने के कारण काउंसिल को उसका एक प्रतिशत भी नहीं दिया जा रहा। करीब एक हजार केस कोर्ट में विचाराधीन हैं, जिनमें अलग-अलग तरह के मामले हैं। कुछ मामलों में तो जमीन छुड़वाने तक के आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन इन आदेशों पर शत प्रतिशत अमल नहीं हो पाया। साल 1954 में वक्फ बोर्ड बना था। इसके बाद करीब 29 साल, बाद 1983 में, एक्ट में पहला संशोधन किया गया था। साल 1995 में फिर से संशोधन किया गया। इसके बाद साल 2013 में भी एक्ट को अपडेट किया गया। तब लीज रूल में बदलाव किया गया।
एक जुलाई 2014 से इसे लागू कर दिया गया। हालांकि, इस रूल का विरोध भी हुआ, क्योंकि पहले वक्फ प्रापर्टी में बोली सिस्टम नहीं था, लेकिन जुलाई 2014 से वक्फ प्रापर्टी देने से पहले लीज बोली का सिस्टम शुरू कर दिया गया यानी कि जिस प्रापर्टी को तीन साल, पांच साल या तीस साल के लिए लीज पर दिया गया है, उसकी बोली लीज अवधि पूरी होने पर दोबारा होगी। इसमें जिसकी बोली अधिक होगी, उसी को जमीन किराए पर देने की बात कही गई थी। हर बार बोली में किराया भी बढ़ना था। हालांकि, तब से अब तक वही रूल चल रहा है। अब संसद ने संशोधन बिल पास किया है। अभी वक्फ बोर्ड की प्रापर्टी पर जो किराएदारों हैं, उनको फायदा होगा या नहीं, इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि भ्रष्टाचार खत्म होगा और पारदर्शिता आने से वक्फ की आमदनी में इजाफा होगा।
हरियाणा वक्फ बोर्ड की 12560 संपत्तियों का डिजीटाइजेशन किया जा रहा है। हालांकि, यह कार्य शतप्रतिशत नहीं हो पाया है। अब नया पोर्टल लागू किया जा सकता है, जिस पर फिर से इस डाटा को शिफ्ट किया जाएगा। हरियाणा वक्फ बोर्ड ने जीआईएस मैपिंग के द्वारा 8202 वक्फ संपत्तियों की मैपिंग कर ली थी, जबकि जियो टैगिंग भी की गई थी। इसी तरह इन संपत्तियों के करीब आठ हजार फोटो भी वामसी ऑनलाइन सिस्टम पर अपलोड किए गए थे।
एक तरफ जहां वक्फ संशोधन बिल 2024 लोकसभा और राज्यसभा से पारित हो गया। दूसरी ओर हरियाणा वक्फ बोर्ड के अंबाला छावनी स्थित कार्यालय में सीएम फ्लाइंग की टीम पहुंच गई। यहां पर टीम ने लेखा-जोखा हासिल किया। वक्फ बोर्ड की फाइलों को खंगाला तथा हरियाणा वक्फ बोर्ड की प्रापर्टी को लेकर जानकारी ली।बोर्ड के 23 हजार किरायेदारों से भी शत प्रतिशत किराया, नहीं आ रहा।

# स्वस्थ मनोस्थिति से ही व्यक्ति, समाज, संस्थान व देश होगा बेहतरः प्रो. संदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार उच्च शिक्षण संस्थानों में सहभागियों के लिए विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं पर केंद्रित संवेदीकरण कार्यशाला का शुक्रवार को आयोजन किया गया। स्टूडेंट सर्विस सेल एंड वेलनेस क्लिनिक द्वारा मनोविज्ञान विभाग के सहयोग से आयोजित इस विशेष कार्यशाला में अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, शिक्षक प्रभारियों सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के समक्ष उत्पन्न होने वाली विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं और उनके निदान को जाना-समझा। मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित इस कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के प्रो. संदीप सिंह राणा उपस्थित रहे।



विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह आयोजन अवश्य ही शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच आपसी समन्वय व विद्यार्थियों से जुड़ी विभिन्न प्रकार की समस्याओं के निदान में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम की शुरूआत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि मौजूदा समय में बेहद आवश्यक है कि विद्यार्थियों की मनोस्थिति को शिक्षक समझें और उसके अनुरूप विभिन्न समस्याओं का निदान करने में सहयोग करें। आयोजन में विश्वविद्यालय की मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता व मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पायल कंवर चंदेल ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विश्वविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के समक्ष उत्पन्न होने वाली विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का निदान सुनिश्चित करना था। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों से शिक्षकों का सीधा सरोकार रहता है। ऐसे में यही शिक्षक इस दिशा में सकारात्मक सोच के साथ सहयोग की व्यवस्था उवलब्ध कराएंगे तो अवश्य ही विद्यार्थी विभिन्न प्रकार की मनोवैज्ञानिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से निजाद पा सकेंगे। विशेषज्ञवक्ता प्रो. संदीप सिंह राणा ने कहा कि सर्वप्रथम यह आवश्यक है कि हम स्वयं को पहचाने। बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है कि आपकी स्वयं की मन की स्थिति बेहतर हो। स्वस्थ्य मनोस्थिति से ही बेहतर व्यक्ति, समाज, संस्थान व देश का निर्माण संभव है। उन्होंने अपने संबोधन में विशेष रूप से कहा कि यदि सफलता हासिल करनी है, ऊंचाई पर जाना है तो झुक कर चलना या यूं कहें कि सकरात्मकता के साथ आगे बढ़ना है। इस तरह उन्होंने प्रतिभागियों को जीवन में वर्तमान के महत्त्व से अवगत कराया और भविष्य व भूतकाल से खुद को अलग करते हुए वर्तमान में अपनी क्षमताओं के सर्वोत्तम उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जब तक हम प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी स्वयं की पहचान के साथ स्वीकार नहीं करेंगे तब तक हम उसकी समस्याओं के निदान और उसकी विकास की यात्रा में सहयोगी की भूमिका नहीं निभा सकेंगे। प्रो. संदीप सिंह ने कहा कि वे विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक स्टेटस के बजाए उनके व्यक्तिगत व्यवहार से पहचाने और उनकी क्षमताओं के सर्वोत्तम उपयोग का प्रयास करें। भारत के संदर्भ में विशेषज्ञ वक्ता ने कहा कि भारत सदैव से ही सांस्कृतिक व सामाजिक स्तर पर बेहद समृद्ध रहा है। ऐसे में अपनी पुरातन समझ को जान-समझकर ही भविष्य के भारत के निर्माण हेतु युवा पीढ़ी को तैयार किया जा सकता है।

**स्वास्थ्य**

**बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है कि आपकी स्वयं की मन की स्थिति बेहतर हो**

# स्कूल और कॉलेज में जो सीखा है, उसी से जीवन बनाना होगाः कादियान

**दीक्षांत समारोह**

**सीसीएएस जैन गर्ल्स पीजी कॉलेज में दूसरा दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। सीसीएएस जैन** गर्ल्स पीजी कॉलेज में दूसरा दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि खानपुर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुदेश व विशिष्ट अतिथि हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की । समारोह की अध्यक्षता सोसायटी अध्यक्ष आनंद जैन ने की। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों का स्वागत हुआ। मंच से उनकी उपलब्धियों से छात्राओं को प्रेरित किया गया। दीक्षांत समारोह में स्नातक और स्नातकोत्तर की 71 छात्राओं को डिग्रियां दी गईं। सभी छात्राएं भारतीय परिधान में थीं। डिग्री मिलते ही छात्राओं के चेहरे खिल उठे। उन्होंने हाथ में डिग्री लेकर मोबाइल से सेल्फी ली। सभी छात्राओं, प्राध्यापकों और अतिथियों को पगड़ियां पहनाई गईं। कुलपति डॉ. सुदेश ने कहा कि छात्राओं को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों से प्रेरणा दी। कहा कि आत्मविश्वास से ही मंजिल मिलती है। लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें। अच्छा चरित्र समाज में सम्मान बढ़ाता है। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि विद्यार्थी बड़े सपने देखें। अनुशासन से ही सफलता मिलती है। डिग्री के बाद असली जीवन की परीक्षा शुरू होती है। स्कूल और कॉलेज में जो सीखा है, उसी से जीवन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी उन लोगों के ऋणी रहें जिन्होंने मार्गदर्शन किया। प्रिंसिपल डॉ. मनोज कुमार ने छात्राओं की सालभर की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। समारोह के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज वाइस प्रेसिडेंट भूषण भाटिया, गुरु नानक कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. अर्चना आर्य, समालखा पीएम स्कूल की प्रिंसिपल दुर्गा, महावटी स्कूल के प्रिंसिपल संजीव कुमार और कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा ।




# सिद्धपीठ मां भूरे भवानी मंदिर सीसोठ में ध्वजा यात्रा निकाली गई

**ध्वजा**

**जुलूस से शुरू होकर एक गांव के चारों ओर मुख्य द्वार से निकले मंदिर के ध्वजा की यात्रा संपन्न हुई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। नवरात्रि के सातवे** दिन मां दुर्गा के जन्म स्वरूप कालरात्रि की पूजा की गयी। सुबह नौ बजे मंदिर में विसर्जन के बाद दोपहर 12 बजे सिद्धपीठ माता भूरा भवानी मंदिर में महंत शक्ति नाथ के सानिध्य में शिष्य ने विशाल ध्वजा यात्रा निकाली, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डीजे के साथ नाचते हुए पहुंचे मंदिर महाराज के जुलूस से शुरू होकर एक गांव के चारों ओर मुख्य द्वार से निकले मंदिर के ध्वजा की यात्रा संपन्न हुई। इस ध्वज यात्रा में बिमला, पिंकी, कमला, राजेश, अनिता, रामरति, ढोली, रेखा, सुशीला, माया, नगीना, प्रियंका, रितु रिवासा, ममता, सुशीला, इंदिरा, ज्योति, मोनू, फूलवती, कृष्णा, राजबाला, संतोष, लाली, बबली समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। मंदिर समिति के प्रधान संदीप यादव, सचिव अनिल सिसोतिया और समिति के सदस्य मुकेश चौहान ने बताया कि छह अप्रैल को माता का महान मेला और भंडारे का आयोजन होगा। खेलों का आयोजन होगा, जिसमें वॉलीबॉल में प्रथम पुरस्कार 11 हजार और द्वितीय पुरस्कार 71 सौ रुपये होंगे। इसके अलावा 51 से 51 सौ रुपये तक की कुश्ती भी शामिल होगी। वॉलीबॉल के लिए 100 रुपये का इंट्री फीस लगेगा।



# पुलिस ने चलाया नाइट डोमिनेशन अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला में पुलिस** ने अपराधों पर शिकंजा कसने के लिए रातभर नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने मुख्य मार्गों और अन्य सडकों पर निकलने वाले हर वाहन को रोककर उनकी सख्ती से जांच की। पुलिस की टीमों ने कारों की डिग्गी, डैशबोर्ड, सीटों और अन्य हिस्सों को ध्यानपूर्वक चेक किया। ताकि कोई संदिग्ध वस्तु या अवैध सामान न ले जाया जा रहा हो। इसके साथ ही बाइक चालकों की भी कड़ाई से जांच की गई। उनके बैग, दस्तावेज और बाइक में रखे अन्य सामान को परखा गया। पुलिस ने विशेष रूप से उन वाहनों पर ध्यान दिया, जिनकी नंबर प्लेट नहीं लगी थी। बिना नंबर वाली गाडि?ों को रोककर उनके दस्तावेज जांचे गए और वाहन चालकों से पूछताछ की गई। इसके अलावा ऐसे बाइक चालकों पर भी कार्रवाई की गई, जो नकाब पहनकर वाहन चला रहे थे।

# भाजपा का झंडा फहराकर 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस मनाएंगे

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**आगामी 6 अप्रैल को** पानीपत जिला के प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस पूरी उमंग, श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 15 दिनों तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों को विधिवत सम्पन्न कराने के लिए पार्टी के लिए वरिष्ठ कार्यकताओं की जिम्मेदारी लगाई गई है। पानीपत ग्रामीण विधानसभा के लिए सह संयोजक देव मलिक, समालखा विधानसभा के लिए सह संयोजक नरेश बेनीवाल और इसराना विधानसभा के लिए सह संयोजक सुनील परढाना को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ये सभी पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर कम से कम 11 घरों पर भाजपा का झंडा फहराना सुनिश्चित करेंगे। उसके पश्चात 8 और 9 अप्रैल को पानीपत जिले के चारों विधानसभा में भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन किया जाएगा। सम्मलेन हेतु जिला पानीपत की चारों विधानसभाओं में पानीपत शहरी विधानसभा की संयोजक डॉ. हेमा रमन, पानीपत ग्रामीण विधानसभा की संयोजक अवनीत कौर, समालखा विधासभा के लिए संयोजक राजेंद्र हल्दाना और इसराना विधानसभा के लिए संयोजक समुद्र जागलान को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इसी प्रकार भाजपा कार्यकर्ता 7 से 12 अप्रैल तक गांव एवं बस्ती चलो अभियान का हिस्सा बनेंगे उन्होंने बताया कि सभी कार्यकर्ता और नेता गांव एवं बस्ती चलो अभियान के तहत 24 घंटे गांव में और बस्तियों में रहकर भाजपा की विचारधारा से लोगों को अवगत कराएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों के खेतों से ट्यूबवैल की तार चुराई

**गन्नौर। पुगथला गांव में** किसानों के खेतों से चोर ट्यूबवैल की तार चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित किसान ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में पुगथला गांव के मनोज ने बताया कि वह 2 अप्रैल को अपने खेत में फसल में पानी देने के लिए गया था। इस दौरान उसके खेत में लगे तीनों ट्यूबवैलों की तार कटी हुई मिली। उसके खेत से एक सिंगल फेस की मोटर भी गायब थी। बाद में पता चला कि चोर किसान रामतीर्थ, संदीप, कृष्ण, रमेश, संजय, नीरज, सुनील के खेतों से भी ट्यूबवैल की तार चोरी की गई है। पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ओम शांति शिक्षा सदन के छात्रों ने कौन बनेगा चैंपियन प्रतियोगिता में बाजी मारी



**राई। ओम शांति शिक्षा** सदन नाथुपुर के छात्रों ने कौन बनेगा चैंपियन प्रतियोगिता में 34 ने भाग लिया। जिसमें कक्षा पांचवी के छात्र अनव ने पांचवा व दसवीं कक्षा के छात्र कार्तिक ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रों को ट्रॉफी, प्रमाण झपत्र और उपहार देकर सम्मानित किया और अन्य 32 छात्रों को प्रमाण पत्र दिए गए। स्कूल के प्रबंधक योगराज भारद्वाज ने मेधावी छात्रों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक योगराज भारद्वाज ने कहा कि स्कूल के छात्र समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक प्राप्त कर-के स्कूल का नाम रोशन करते रहते हैं । यह विद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है ।

### इनेलो ने किया नई कार्यकारिणी का गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में इंडियन** नेशनल लोकदल पार्टी ने अपनी नई कार्यकारिणी का ऐलान किया है, जिसमें करनाल जिले से व्यापारी मदन मोहन चौधरी को इनेलो व्यापार सेल का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सुरजीत संधू को राष्ट्रीय महासचिव, यशवीर राणा को प्रदेश उपाध्यक्ष और फूल सिंह को किसान सेल का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। यह ऐलान होते ही करनाल के इनेलो कार्यालय में जश्न जैसा माहौल रहा। आज सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का करनाल के इनेलो कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेता रिंकू चौधरी सहित अन्य नेताओं ने फूल मालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया और लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। व्यापार सेल के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन चौधरी ने कहा कि हरियाणा के व्यापारी बीते 10 वर्षों से परेशान हैं और उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि इनेलो व्यापारियों के हकों के लिए लगातार प्रयासरत है। चौधरी ओपी चौटाला जब सत्ता में थे, तब व्यापारियों के लिए कई सराहनीय कार्य किए थे। अब वही इतिहास दोहराया जाएगा।

# नए शैक्षणिक स्तर की शुरूआत हवन यज्ञ करके की



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। चाइल्ड** केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में नव शैक्षणिक स्तर की शुरूआत वैदिक रीति रिवाज से हवन यज्ञ करके की । जिसमें स्कूल समिति के प्रबंधक अजय यादव, निदेशिका पूजा यादव वाइस प्रिंसिपल अरुण गौतम व शिक्षकों ने हवन में आहुति डाली । विद्यालय में नव प्रवेशित बालकों का उपनयन संस्कार समारोह संपन्न हुआ। समिति के प्रबंधक अजय यादव, निदेशिका पूजा यादव, विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल अरुण गौतम ने मंच की शोभा बढ़ाई। आचार्य नित्य गोपाल शास्त्री ने पुरोहित की भूमिका अदा की। विद्यालय के उप प्राचार्य अरुण गौतम ने कहा कि इतिहास और अर्थ से भरपूर यह समारोह युवा दिमाग को आकार देता है और उन्हें जिम्मेदार नागरिक और सच्चाई का खोजी बनाने के लिए तैयार करता है। विद्यालय में मां गायत्री की पूजा व हवन करवाकर सभी बच्चों के बौद्धिक शारीरिक, मानसिक ,विकास के लिए प्रार्थना की गई । शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों के माथे पर तिलक लगाया। इस अवसर पर अध्यापिका नीलम, आरती, ज्योति, सोनिका, कोमल, ललिता, आसना, प्रियंका, राखी, कुसुम, रेनू, लवली, मीनू व सृष्टि आदि मौजूद थे ।

# रेलवे ने श्मशान का रास्ता किया बंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में रेलवे** ने फाटक नंबर 68 सी को पूरी तरह से बंद कर दिया है। इस फाटक को बंद करने के लिए रेलवे ने डींगा खेड़ा गांव की ओर पक्की कंक्रीट की दीवार खड़ी कर दी है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि यह फाटक श्मशान घाट जाने का मुख्य रास्ता था। ग्रामीणों का कहना है कि अब यदि गांव में किसी की मृत्यु हो जाती है तो मृतक को श्मशान घाट तक कैसे ले जाया जाएगा? क्या अर्थी को दीवार पर रखकर पार किया जाएगा या कोई अन्य तरीका अपनाना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता केवल श्मशान घाट ही नहीं, बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों और किसानों के लिए भी जरूरी था। अब स्कूल जाने वाले बच्चों को लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा और किसानों को भी अपने खेतों तक पहुंचने में मुश्किल होगी। इससे



गांव में गुस्सा बढ़ता जा रहा है, क्योंकि कुछ ग्रामीणों ने फाटक पार खेतों में भी अपने मकान बनाए हुए है और वहां पर वे परिवार के साथ रहते है। उनके बच्चे भी गांव के स्कूल में पढ़ते है। ग्रामीण अमन, राजेश, महेंद्र, रानी देवी और आकाश ने कहा कि पहले रेलवे ने बताया था कि यह फाटक को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है और यहां से अंडरपास बनाया जाएगा, ताकि गांव के लोगों को कोई परेशानी न हो। लेकिन कई महीनों के इंतजार के बाद भी अंडरपास बनाने का कोई काम शुरू नहीं हुआ। इसके बजाय अब बिना कोई सूचना दिए रातोंरात यहां पक्की दीवार खड़ी कर दी और रास्ता पूरी तरह से बंद कर दिया। बलराज देव और हुकुम सिंह ने बताया कि पहले रेलवे की ओर से फाटक पर एक नोटिस चिपकाया गया था, जिसमें लिखा था कि यह सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक और रात 8 बजे से सुबह 7 बजे तक बंद रहेगा, क्योंकि फाटक की सफाई का काम होना है। लेकिन हकीकत में रेलवे ने रात के अंधेरे में यहां दीवार बना दी और रास्ते को पूरी तरह से बंद कर दिया।

गांव के दिलेर सिंह, रमेश कुमार, विनोद कुमार, जसमेर सिंह, राजेश कुमार, सुमित, सचिन चौहान, अजय समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते को अंग्रेजों के समय से इस्तेमाल किया जा रहा है और यह गांव के लिए बेहद जरूरी रास्ता है। अब इसे बंद करने से लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। गांव के लोगों ने अपनी परेशानी लेकर विधायक जगमोहन आनंद से मुलाकात की और रास्ता खुलवाने की मांग की। लेकिन करनाल विधायक ने कहा कि यह मामला केंद्र सरकार से जुड़ा हुआ है और वे इसमें कुछ नहीं कर सकते। इसके बाद ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखकर रास्ता खोलने की मांग की है। ग्रामीणों ने सरकार पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब चुनाव होते हैं तो नेताओं की ओर से कई वादे किए जाते हैं कि किसी को कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। लेकिन अब जब वे अपनी बुनियादी समस्या के लिए नेताओं के दरवाजे खटखटा रहे हैं तो कोई सुनने को तैयार नहीं है।

# दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई कोः इरम हसन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्य न्यायिक** दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि जिला न्यायालय करनाल में 10 मई को सभी स्तरों पर दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति अदालत में लंबित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0184-2266138 व



नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं। इरम हसन ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद आदि मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है।

# घर पहुंचने से पहले नई स्कॉर्पियो हुई क्षतिग्रस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में शुक्रवार** को एक नई स्कॉर्पियो एन मॉडल गाड़ी का टाटा पंच कार से एक्सीडेंट हो गया। स्कॉर्पियो पानीपत निवासी अरमान ने खरीदी थी और करनाल से कागजात लेने आया था। जब वह गाड़ी लेकर अपने घर लौट रहा था तो करनाल शहर में अचानक सामने से टाटा पंच कार आ गई और टक्कर हो गई। टक्कर में स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्कॉर्पियो के मालिक अरमान ने बताया कि वह पानीपत का रहने वाला है और करनाल से गाड़ी के कागज लेने आया था। जैसे ही वह गाड़ी लेकर घर के लिए निकला, कुछ ही दूर पहुंचे थे कि सामने से अचानक एक कार आ गई और सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा टूट गया, लेकिन किसी को चोट नहीं आई। उन्होंने कहा कि यह गाड़ी उन्होंने बहुत उत्साह से खरीदी थी, लेकिन घर पहुंचने से पहले ही हादसे में खराब हो गई। टाटा पंच गाड़ी चला रहे लवकेश ने भी हादसे को लेकर कहा कि घटना एकदम अचानक हुई।

# बिना अनुमति दुकान निर्माण पर मार्किट कमेटी ने जारी किया नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । नई अनाज मंडी** में बिना अनुमति और फीस जमा किए दुकान निर्माण कर रहे दो आढ़तियों को मार्किट कमेटी ने नोटिस जारी किए किए हैं। नोटिस में निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमानुसार फीस जमा कर निर्माण की अनुमति प्राप्त करें, अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सचिव ने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस तरह की कोई भी अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मार्किट कमेटी सचिव जगबीर कादियान ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडी में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने से पहले निर्धारित फीस जमा करानी होती है।

**केन फिन होम्स लिमिटेड**
Can Fin Homes Ltd
(Sponsor: CANARA BANK)
डीडीए बिल्डिंग प्रथम तल, पारस सिनेमा के पास, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019, फोन : 011-26435815, 2643023, 011-26487529, 7625079108,
ईमेल : delhi@canfinhomes.com CIN : L85110KA1987PLC008699

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 की संख्या 54) के अंतर्गत चल आस्तियों की बिक्री। जबकि, कैन फिन लिमिटेड, नई दिल्ली शाखा के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित ऋण खाते में प्रवाहित संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है, जिसमें उन्हें जैसा है जहाँ है, जैसा है वैसा है आधार पर बेचने का अधिकार है, ताकि कंपनी के बकायों की वसूली नीचे दिए गए विस्तृत ब्याज और लागतों सहित की जा सके और चूंकि बकाया राशि चुकाने में विफलता के परिणामस्वरूप, उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त संपत्तियों की बिक्री द्वारा कंपनी के बकाये की वसूली करने का प्रस्ताव करता है। खातों का नाम– श्री रामदरेश पुत्र बच्चे लाल एवं श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी रामदरेश (ऋण खाता संख्या 108201012127)

एनपीए की तिथि : 28.09.2023 मांग नोटिस की तिथि : 03.10.2023
भौतिक कब्जे की तिथि (पंचनामा एवं सूची) : 04.06.2024

**सपंत्ति का विवरण**

चल घरेलू सामान जो प्लॉट संख्या–जी–218, भूतल, ब्लॉक–जी, गोविंदपुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, 201013 में मौजूद है

**निविदा / नीलामी बिक्री का विवरण**

| क्रम संख्या | मद का विवरण, | संख्या | दर | राशि (रू.) |
|---|---|---|---|---|
| | उपयोगी वस्तुएं, | रसोई | | |
| 1 | गैस स्टोव | 1 | 200 | 200.00 |
| 2 | एलजी छोटा फ्रिज | 1 | 1500 | 1,500.00 |
| 3 | सिलेंडर | 2 | 1000 | 2,000.00 |
| – | – | – | – | – |
| | उपयोगी वस्तुएं ड्राइंग डाइनिंग रूम | | | |
| 0 | टेबल | 1 | 100 | 100.00 |
| 6 | – | – | – | – |
| | उपयोगी वस्तुएं बेडरूम | 1 | | |
| 7 | डबलबेड | 1 | 1000 | 1,000.00 |
| 8 | सिंगलबेड | 1 | 500 | 500 |
| 9 | तकथ | 1 | 200 | 200 |

कुल राशि – 5,500/–

**नियम और शर्तें**

1. इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र उपरोक्त कार्यालय से नोटिस के प्रकाशन की तिथि से सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक (किसी भी कार्य दिवस पर) प्राप्त किया जा सकता है
2. नियम और शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार
3. निविदाये के खुलने की तिथि, समय और स्थानः 24.04.2025 को दोपहर 12.30 बजे उपरोक्त क्षेत्रीय कार्यालय पते पर।

दिनांक : 04.04.2025
स्थान : नई दिल्ली
एसडी/– अधिकृत अधिकारी,
कैन फिन होम्स लिमिटेड

## संपादकीय

# संसार को रामकथा का सार समझना होगा

**परसों यानी** 06 अप्रैल को रामनवमी है। धार्मिक मान्यता है कि चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। इस त्योहार का देश ही नहीं दुनिया में रह रहे हिन्दुओं और रामभक्तों को बेसब्री से इंतजार रहता हैं। संसार के पालनहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु श्रीराम हैं। भगवान श्रीराम का आचरण त्याग व तपस्या का प्रतीक है। श्रीराम के चरित्र से सत्य, दया, करुणा, धर्म और मयार्दा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। विषम परिस्थितियों में भी किस तरह मानव को अपने जीवन को संचालित करना चाहिए यह समझने के लिए भगवान राम का चरित्र मार्गदर्शक है। विडंबना यह है कि हम नई पीढ़ी यह नहीं समझा पा रहे हैं। युवा पीढ़ी क्रोध और कुछ भी न सहने की क्षमता से ग्रसित है। इससे समाज का ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो रहा है । वह खुलेपन के नाम पर नग्नता और बेशर्मी करने पर आमादा हैं। यह देखकर देश का भविष्य भी खतरे में लगने लगा है। श्रीराम और माता सीता के वनवास को लोग सिर्फ सुनते हैं लेकिन उसके पीछे का मर्म नहीं समझना चाहते। आजकल युवाओं को तो छोड़िए शादीशुदा दंपत्ति तक एक-दूसरे को दगा देने में लगे हुए हैं। बीते दिनों मेरठ में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। इस घटना के बाद ऐसी खबरों का आना लगातार जारी है। सौ टके का सवाल यह है कि क्या हम अपनी युवा पीढ़ी को भगवान, देवी-देवताओं और संतों के संदेश समझाने में इतने विफल हो चुके हैं कि वह अपने जीवन को संभाल नहीं पा रहे। धर्म और अध्यात्म को लेकर जितना प्रचार-प्रसार हो रहा है क्या उसका एक प्रतिशत भी लोग अपने जीवन में उतार पा रहे हैं। शायद नहीं। इसका परिणाम यह हो रहा है कि हम ऐसे अंधकार की ओर बढ़ रहे है जहां केवल रुसवाई है। मनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि बच्चों को धर्म से जोड़ें और उसका पालन करना सिखाएं। आज के हाईटेक दौर में मस्तिष्क में ठहराव नाम की चीज खत्म होती जा रही है। इससे लोगों में सहने की क्षमता कम हो गई और युवा आक्रोश में आकर गलत निर्णय ले लेते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में सबसे ज्यादा डिप्रेशन के मरीज बढ़े हैं जिसका कारण यहां अव्यवस्था बताई जा रही है। अव्यवस्था से अभिप्राय यह है कि युवा तरक्की के दौड़ में भागते हैं और धर्म, ज्ञान व संस्कार अर्जित करने के लिए के उनके पास समय नहीं होता। वह विफल होने पर डिप्रेशन में चले जाते हैं।इस वजह से किसी भी घटना व रिश्तों को समझ नहीं पाते। भारत में डिप्रेशन के मरीजों की संख्या कई कारणों से बढ़ने कारण तेज भागदौड़ भरी जिंदगी, मानसिक तनाव, काम का दबाव, सामाजिक और आर्थिक बदलाव, अकेलापन, और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी वजह भी है। लेंसेट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 19.73 करोड़ लोग विभिन्न तरह की मानसिक समस्याओं से ग्रस्त हैं। इनमें 5 करोड़ लोग डिप्रेशन और 6 करोड़ लोग तनाव से ग्रसित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि स्ट्रेस या तनाव का दायरा इस आंकड़े से कहीं ज्यादा है।

# लेखक की स्वतंत्रता बनाम संपादकीय नीतिः बहस के नए आयाम



**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

> "एक ओर संपादकों की जिम्मेदारी होती है कि वे अपने पाठकों को नई और मौलिक सामग्री दें, तो दूसरी ओर लेखकों के अधिकारों की भी रक्षा की जानी चाहिए। यदि एक स्वस्थ और पारदर्शी प्रणाली विकसित की जाए, तो यह दोनों पक्षों के लिए लाभदायक होगी। अंतत:, साहित्य का उद्देश्य विचारों का प्रसार और ज्ञान का विस्तार करना है, और इसमें अनावश्यक प्रतिबंधों की जगह नहीं होनी चाहिए।
> क्या एक आदर्श संतुलन संभव है? इस प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है, लेकिन यह बहस साहित्यिक समुदाय में पारदर्शिता और संवाद को प्रोत्साहित कर सकती है। यदि पत्रिकाएँ लेखकों के अधिकारों का सम्मान करें और लेखक संपादकीय नीतियों को समझते
> हुए उनके अनुरूप कार्य करें, तो एक बेहतर प्रकाशन संस्कृति का निर्माण किया जा सकता है"

**संपादक** आमतौर पर अनूठी और मौलिक रचनाएँ चाहते हैं ताकि उनकी पत्रिका की विशिष्टता बनी रहे। दूसरी ओर, लेखकों को यह स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वे अपनी रचनाएँ अधिक से अधिक स्थानों पर भेज सकें, खासकर जब संपादक बिना किसी समयसीमा के रचनाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार रखते हैं। साहित्य और प्रकाशन की दुनिया में संपादकों और लेखकों दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यदि पारदर्शिता और संतुलन बनाया जाए, तो यह दोनों के लिए लाभकारी होगा और साहित्य का उद्देश्य–विचारों का प्रसार–पूरी तरह से साकार हो सकेगा। साहित्यिक प्रकाशन जगत में यह बहस लंबे समय से जारी है कि लेखक को अपनी रचनाएँ एक से अधिक पत्रिकाओं में भेजने की स्वतंत्रता होनी चाहिए या नहीं। जबकि संपादक किसी भी रचना को छापने या न छापने के लिए स्वतंत्र होते हैं और उन पर कोई समयसीमा लागू नहीं होती, तो लेखक को भी यह अधिकार क्यों नहीं मिलना चाहिए कि वह अपनी रचना जितनी चाहें जगहों पर भेजे? यह प्रश्न आज के डिजिटल युग में और भी प्रासंगिक हो गया है, जहाँ सूचना और सामग्री के प्रसार की गति अत्यधिक तेज हो चुकी है।

**संपादकीय दृष्टिकोणः अनूठेपन की चाह**

अधिकांश संपादक यह मानते हैं कि किसी पत्रिका की साख और प्रतिष्ठा इस बात पर निर्भर करती है कि उसमें प्रकाशित सामग्री मौलिक और अनूठी हो। यदि कोई रचना पहले से ही किसी अन्य पत्रिका में प्रकाशित हो चुकी है, तो पाठकों को वह पहले ही पढ़ने को मिल चुकी होगी, जिससे नई पत्रिका की विशिष्टता प्रभावित हो सकती है। संपादकों का यह भी मानना है कि यदि एक ही रचना कई जगह प्रकाशित हो, तो पाठकों का भरोसा पत्रिका से कम हो सकता है। इसके अलावा, संपादकीय दृष्टिकोण से एक और महत्वपूर्ण तर्क यह दिया जाता है कि यदि एक लेखक एक ही रचना को कई जगह भेजता है और वह कई संपादकों द्वारा स्वीकृत कर ली जाती है, तो इससे पत्रिकाओं के बीच असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

इसलिए कई पत्रिकाएँ इस नीति का पालन करती हैं कि वे केवल वही रचनाएँ स्वीकार करेंगी जो पहले कहीं और प्रकाशित न हुई हों।



**लेखक की स्वतंत्रताः अधिकार और सीमाएँ**

लेखकों की दृष्टि से देखा जाए तो यह नीति कई बार अनुचित लगती है। जब संपादक को अपनी पत्रिका के लिए सर्वश्रेष्ठ सामग्री चुनने की स्वतंत्रता प्राप्त है, तो लेखक को भी यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपनी रचना को अधिक से अधिक स्थानों पर भेजकर प्रकाशन के अवसर बढ़ा सके।

**प्रकाशन में देरी**

कई बार संपादक रचनाओं को महीनों तक रोककर रखते हैं और अंततः अस्वीकार कर देते हैं। इससे लेखक का कीमती समय नष्ट होता है और उनकी रचना लंबे समय तक अप्रकाशित रह जाती है। कई लेखक केवल एक पत्रिका में अपनी रचना भेजने के कारण महीनों या वर्षों तक इंतजार करते रहते हैं, लेकिन अगर अंत में उन्हें अस्वीकार कर दिया जाता है, तो उनके पास विकल्प सीमित रह जाते हैं।

**विभिन्न पाठक वर्ग**

हर पत्रिका का अपना अलग पाठक वर्ग होता है। यदि कोई रचना कई जगह छपती है, तो यह लेखक के लिए लाभदायक हो सकता है क्योंकि उसकी रचना अधिक से अधिक पाठकों तक पहुँचती है। यह भी देखा गया है कि विभिन्न पत्रिकाएँ विभिन्न विषयों पर केंद्रित होती हैं, जिससे लेखक की रचनाएँ अलग-अलग प्लेटफार्म पर सही पाठकों तक पहुँच सकती हैं।

**लेखक के अधिकार**

जिस तरह संपादक को अपनी पत्रिका के लिए सर्वोत्तम रचनाएँ चुनने की स्वतंत्रता है, उसी तरह लेखक को भी यह स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वह अपनी रचना को जहाँ चाहे भेज सके। यदि संपादक को यह अधिकार है कि वे किसी भी समय रचना को अस्वीकार कर सकते हैं, तो लेखक को भी यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपनी रचनाओं को विभिन्न मंचों पर भेजकर अधिक अवसर प्राप्त कर सके।

**डिजिटल युग में बदलते नियम**

आज के डिजिटल युग में, जहाँ ब्लॉग, ऑनलाइन पत्रिकाएँ और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की भरमार है, वहाँ इस बहस ने नया रूप ले लिया है। पहले जहाँ लेखकों को केवल प्रिंट पत्रिकाओं में छपने के लिए संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब वे विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर अपनी रचनाएँ प्रकाशित कर सकते हैं।

**ऑनलाइन प्रकाशन की नई संभावनाएँ**

अब कई ऑनलाइन पत्रिकाएँ और ब्लॉग ऐसे प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहे हैं, जहाँ लेखक अपनी रचनाएँ बिना किसी रोक-टोक के प्रकाशित कर सकते हैं। इससे न केवल लेखकों को अधिक स्वतंत्रता मिल रही है, बल्कि पाठकों के लिए भी सामग्री की उपलब्धता बढ़ रही है।

**कंटेंट सिंडिकेशन और क्रॉस-प्लेटफार्म प्रकाशन**

कई बड़े मीडिया हाउस और डिजिटल प्रकाशन समूह अब "कंटेंट सिंडिकेशन" की प्रक्रिया अपना रहे हैं, जहाँ एक ही सामग्री को विभिन्न प्लेटफार्मों पर पुनः प्रकाशित किया जाता है।

इससे लेखकों को अधिक व्यूअरशिप और पाठकों तक पहुँचने का अवसर मिलता है।

**समाधान और संतुलन की आवश्यकता**

इस बहस का समाधान संतुलन स्थापित करने में है। दोनों पक्षों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए कुछ संभावित समाधान निकाले जा सकते हैंः

**पारदर्शी संपादकीय नीति**

यदि कोई पत्रिका केवल मौलिक रचनाएँ ही प्रकाशित करना चाहती है, तो उसे स्पष्ट रूप से यह नियम बताना चाहिए और यह भी निर्दिष्ट करना चाहिए कि कितने समय में निर्णय लिया जाएगा। इससे लेखकों को यह स्पष्ट रहेगा कि वे अपनी रचना को कितने समय तक किसी पत्रिका के लिए आरक्षित रखें।

**साझा प्रकाशन की अनुमति**

कुछ पत्रिकाएँ यह नीति अपना सकती हैं कि वे ऐसी रचनाएँ स्वीकार करेंगी जो पहले सीमित पाठक वर्ग तक पहुँची हों, लेकिन व्यापक स्तर पर नहीं। यह एक मध्य मार्ग हो सकता है, जिससे लेखकों और संपादकों दोनों के हितों की रक्षा हो सके।

**संपादन और पुनर्प्रकाशन की सुविधा**

यदि कोई रचना पहले प्रकाशित हो चुकी है, तो उसे थोड़ा संशोधित और अद्यतन कर पुनः प्रकाशित करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इससे न केवल पत्रिकाओं की विशिष्टता बनी रहेगी, बल्कि लेखकों को भी अपनी रचनाओं को दोबारा प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

साहित्य और प्रकाशन की दुनिया में लेखक और संपादक, दोनों का योगदान महत्वपूर्ण है। एक ओर संपादकों की जिम्मेदारी होती है कि वे अपने पाठकों को नई और मौलिक सामग्री दें, तो दूसरी ओर लेखकों के अधिकारों की भी रक्षा की जानी चाहिए। यदि एक स्वस्थ और पारदर्शी प्रणाली विकसित की जाए, तो यह दोनों पक्षों के लिए लाभदायक होगी। अंततः, साहित्य का उद्देश्य विचारों का प्रसार और ज्ञान का विस्तार करना है, और इसमें अनावश्यक प्रतिबंधों की जगह नहीं होनी चाहिए।

**क्या एक आदर्श संतुलन संभव है?**

इस प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है, लेकिन यह बहस साहित्यिक समुदाय में पारदर्शिता और संवाद को प्रोत्साहित कर सकती है। यदि पत्रिकाएँ लेखकों के अधिकारों का सम्मान करें और लेखक संपादकीय नीतियों को समझते
हुए उनके अनुरूप कार्य करें, तो एक बेहतर प्रकाशन संस्कृति का निर्माण किया जा सकता है।

## कविता

### आओ स्कूल चले

आओ हम स्कूल चले
नव भारत का निर्माण करें।

छूट गया है जो
बंधन भव का
आओ मिलकर उसको
पार करें,
आओ हम स्कूल चले .....

जाकर स्कूल हम
गुरुओं का मान करें
बड़े बूढ़ों का कभी न
हम अपमान करें,
आओ हम स्कूल चले.......

जाकर स्कूल हम
दिल लगाकर पढ़ेंगे
मौज मस्ती और खेलकूद भी
खूब करेंगे,
आओ हम स्कूल चले.......

क ख ग का गान कर
हम हिंदी का मान बढ़ाएंगे।
एक दो तीन चार पढ़ कर
गणित का ज्ञान भी करेंगे।
आओ हम स्कूल चले.......

डॉ.राजीव डोगरा

# राजस्थान का गोड़वाड़ अब इंटरनेशनल टूरिस्ट डेस्टिनेशन

**आकांक्षा कुमारी**

**राजस्थान** के पाली, जालौर और सिरोही जिलों के बिल्कुल मध्य में फैले गोड़वाड़ और जवाई इलाके को इंटरनेशनल ट्रेवल डेस्टिनेशन के रुप में नई पहचान मिल रही है और राजस्थान पर्यटन में आने वाला वक्त गोड़वाड़ का दिख रहा है। जवाई टूरिज्म सर्किट का यह इलाका अपनी ऐतिहासिक समृद्धि, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक वैभव के लिए भी प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार इस इलाके को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए व्यापक प्रचारित कर रही है, तो सरकारी स्तर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में गोड़वाड़ में पर्यटन विकास के काफी प्रयास हुये। पाली के सांसद पीपी चौधरी केन्द्र सरकार से सहयोग के प्रयास कर रहे है, तो राज्यसभा सांसद नीरज डांगी भी बीते 5 साल से इस काम में लगे हैं। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष के रुप में धर्मेन्द्र राठौड सहित राजनीतिक विश्लेषक निरंजन परिहार और पर्यटन व्यवसायी अभिमन्यु सिंह के लगभग एक दशक से गोड़वाड़ में पर्यटन विकास हेतु किए जा रहे प्रयास अब रंग ला रहे हैं। जवाई पर्यटन के आईने में गोड़वाड़ के चमकदार भविष्य की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का कहना है कि विभिन्न सहायक व्यावसायिक पहलुओं का भी तेजी से विस्तार और विकास हुआ है और आगे भी होता रहेगा। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड कहते हैं कि गोड़वाड़ और जवाई को अब वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है। दुनिया के विभिन्न देशों से गोड़वाड़ में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ रही है, शानदार होटल और रिसॉर्ट्स विकसित हो रहे हैं और जंगलों की रौनक बढ़ रही है। राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत को गोड़वाड़ के पर्यटन विकास का श्रेय देते हुए राजनीतिक विश्लेषक निरंजन परिहार कहते हैं कि जवाई इलाके में पर्यटन विकास से यहां की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिला है, डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए भी यह इलाका नया आकर्षण बनकर उभरा है। परिहार बताते हैं कि पर्यटन विभाग ने भी जवाई को इंटरनेशनल लेवल पर हाल ही में तोजी से प्रचारित करना शुरू किया है। पर्यटन व्यवसायी और कांग्रेस नेता ठाकुर अभिमन्यु सिंह फालना कहते हैं कि गोड़वाड़ ऐतिहासिक स्थलों और मंदिरों का इलाका है, जहां विकसित होते होटल और रिसॉर्ट्स तथा पर्यटकों के आवास में तब्दील होते हवेलियां और ठाकुरों के राजपूती शान के रावळों के साथ साथ जवाई लेपर्ड सफारी ने गोड़वाड़ को नई पहचान दी है अरावली पर्वत श्रृंखलाओं से घिरे गोड़वाड़ में पर्यटन बहुत तेजी से उभरा है। यहां के ऐतिहासिक स्थल, मंदिर, हवेलियां, और जवाई इलाके के जंगल और लेपर्ड सफारी पर्यटकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## विचार

# रोजाना बड़ी मात्रा में स्लो पॉइजन का सेवन

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

**आज** के आधुनिक युग में मनुष्य ने जितनी तरक्की की है, उतना ही स्वास्थ्य से खिलवाड़ भी हुआ है और वक्त के साथ यह लगातार बढ़ रहा है, जिसका कारण मनुष्य स्वयं हैं। हृदय रोग, मस्तिष्क आघात, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां तेजी से बढ़ रही है, साथ ही मधुमेह, रक्तचाप, मोटापा, कमजोरी, आहार में पोषक तत्वों की कमी की समस्या तो चरम पर है, इस वजह से असमय मौत का आंकड़ा दिन-ब-दिन बढ़ रहा है, कुछ पल पहले एकदम स्वस्थ नजर आनेवाला व्यक्ति, बड़ों से लेकर छोटे-छोटे बच्चे भी खेलते या व्यायाम करते हुए या बैठे-बैठे भी गश खाकर गिरते है और पता चलता है कि मौत हो गयी। एक दशक पहले जो जानलेवा बीमारियां हमें केवल कभी-कभार ही सुनने मिलती थी, अब वो बीमारियां रिश्ते-नातेदारों, आस-पड़ोसियों और हमारे घर-परिवार के लोगों तक पहुंच चुकी हैं। मनुष्य का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहद कमजोर हुआ है, मौसम के करवट लेते ही बीमारियां तुरंत जकड़ लेती हैं। हमारे देश में औसत आयु दर पाश्चात्य देशों की तुलना में लगातार गिर रही हैं। विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2024 में 143 देशों में से भारत को 126वां स्थान दिया गया। भारत खुशी के मामले में पाकिस्तान, लीबिया, इराक, फिलिस्तीन और नाइजर जैसे देशों से भी पीछे हैं। कभी इस समस्या पर गंभीरता से विचार किया है कि बीमारियां तेजी से क्यों बढ़ रही है? क्या वजह हो सकती है? स्वस्थ जीवन जीने के लिए क्या हमें रोज शुद्ध ऑक्सीजन, स्वच्छ पानी और पोषक आहार पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है? प्रदूषण और अस्वच्छता हमारी सांसे छीन रही हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक 2024 आंकड़ों के अनुसार, विश्व के उच्चतम पांच सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों में भारत देश हैं। भारत का लगभग 70 प्रतिशत जल प्रदूषित है, तथा देश की लगभग आधी नदियाँ पीने या सिंचाई के लिए असुरक्षित है, इस कारण 2024 के वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों में से भारत 120वें स्थान पर हैं। 2023 में बीएमजे में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में हर साल 2.18 मिलियन मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। लैंसेट 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में 500,000 से अधिक मौतें जल प्रदूषण के कारण हुईं। बड़े पैमाने पर देश में हजारों करोड़ रुपयों का नकली दवाइयों का कारोबार चलता है, बड़े-बड़े सरकारी अस्पतालों में तक नकली दवाइयाँ मरीजों को बांटी जाती हैं। एशिया के बड़े अस्पतालों में शामिल महाराष्ट्र राज्य के नागपुर में स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में यह घटना हाल ही में उजागर हुयी। अन्न उगाने से लेकर हमारे थाली में परोसने तक उसे अनेक हानिकारक रासायनिक प्रक्रियाओं से गुजारा जाता हैं। देश में अशुद्ध खान-पान और अस्वच्छता की समस्या बहुत ही ज्यादा है, लोग स्वार्थ और लालच में इतने अंधे हो चुके है, कि अपने एक रुपये के फायदे के लिए भी लोगों को जहर खिलाने तैयार हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर से खबर आई कि शवों पर इस्तेमाल की गई बर्फ का उपयोग बाजार में मिलने वाले शीत पेय में किया जा रहा था। आश्चर्यजनक है, कि देश में उत्पादन से ज्यादा दूध और दुग्धजन्य खाद्यपदार्थ बेचे जाते है, देश के 68.7 प्रतिशत दूध और दूध उत्पादों में प्रदूषक पाए गए है।

तेल, घी, शक्कर, नमकीन, मैदेयुक्त खाद्यपदार्थों की मांग अत्याधिक होती है, जबकि यह सेहत पर बेहद बुरा असर करते हैं। शहद, मसाला, चाय पत्ती, तेल, दूध, मिठाइयां, घी, केसर जैसे खाद्यपदार्थों में मिलावट बहुत ज्यादा हैं। बाहरी खाद्य पदार्थों के रंग बहुत ज्यादा तेज और आकर्षित नजर आते है, अधिकांश खाद्य पदार्थों को रंगने के लिए प्राकृतिक रंगों के स्थान पर हानिकारक कृत्रिम रंगों का उपयोग किया जाता है, खाद्य पदार्थों में इस्तेमाल होने वाला बाहरी बर्फ, पानी, चटनियां, सॉसेज, खाद्यतेल गुणवत्ता की कसौटी पर अधिकतम खरी नहीं उतरतीं। देश के अधिकतर स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सामग्रियों में बिना दस्तानों के सीधे हाथ लगाने की बहुत बुरी आदत नजर आती है, इसका खामियाजा ग्राहकों के स्वास्थ्य को भुगतना पड़ता हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# दाता की बहू बीमार है !

**डी डी सुंदरियाल**

( **गढ़वाली** लोक-साहित्य, भाषा, कला-संस्कृति व लोक-जीवन के चलते फिरते एन्साइक्लोपीडिया, प्रखर समालोचक तथा नेट तथा सोशल मीडिया के माध्यम से गढ़वाली साहित्य-संस्कृति का राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर तक प्रचार-प्रसार करने वाले भीष्म कुकरेती जी ने गढ़वाली कहानी विधा में भी अपना योगदान दिया है` उनकी प्रस्तुत कहानी शरीर विज्ञान के महत्वपूर्ण प्रश्न उठाती है` लीक से हटकर विषय चुनकर वे साहित्य जगत के सागर में हलचल ही नहीं करते कभी कभी ज्वार-भाटा लाने की भी क्षमता रखते हैं` ) गाँव में न कभी ऐसा हुआ, न किसी ने ऐसा कुछ कभी देखा` हाँ, सच्ची बात है... गाँव भर ही नहीं पूरे इलाके में झबरी दादी सबसे वृद्ध प्राणी थी, होगी कोई पचानबे-छ्यानबे साल की, पर हद की बात ये थी कि झबरी दादी ने भी ऐसा अचरज नहीं देखा सुना था` वैद्यजी आ आकर थक गए` क्या-क्या नहीं किया वैद्यजी ने ?.. पर दाता की बहू गोमती पर कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा थो बैद्य चिरंजीलाल अपने आप पर खीज उठा, उसे गुस्सा आ गया` उसने आव देखा न ताव और अपना वैदकी का थैला पहाड़ से नीचे फेंक दिया` अरे ! ऐसा कभी नहीं हुआ था कि मरीज की बीमारी वैद्य चिरंजीलाल के समझ में ही न आई हो ` ठीक है, उपचार करते करते रोगी मरे भी होंगे, पर चिरंजी को रोग का पता तो चल ही जाता था` वैदयकी का थैला फेंकते हुए चिरंजीलाल ने धन्वन्तरि (स्वास्थ्य के देवता) और ऋषि चरक (आयुर्वेद के प्रकांड ज्ञाता) की सौगंध ली कि वह उस दिन के बाद वह किसी का उपचार नहीं करेगा` जब हाथ में कीर्ति न रही तो चिकित्सा भी क्यों करे ... कीर्ति की जहां तक बात है, चिरंजीलाल किसी मृत व्यक्ति की भी नब्ज देख लेता था तो मृतक झट से खड़ा हो जाता था` चिरंजीलाल ने दाता की बहू को न जाने कितनी दवाईयां पिला दी पर उसकी बीमारी टस से मस नहीं हुई भूत-भविष्य बताने वाले तान्त्रिकों का हिसाब गड़बड़ा गया ` किसी का गणित ठीक नहीं बैठो वाक देने वाले चावल-हल्दी सूंघ-सूंघ बेहोश हो गए पर क्या मजाल कि... उनके वाक में कभी नागराजा।

# भारत में हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियों का खंडित होना कब रूकेगा?

**डॉ मनमोहन प्रकाश**

**भारत** को संवैधानिक दृष्टि से धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र का दर्जा प्राप्त है। स्पष्ट है कि सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता प्राप्त है अथार्त अपने धर्म के अनुसार जीवन जीने, पूजा-अर्चना करने की स्वतंत्रता है। वास्तव में यह एक सांस्कृतिक भावना है जहाँ हर धर्म, संप्रदाय और विचारधारा को उचित सम्मान मिलता है। यहाँ राम, रहीम, ईसा, बुद्ध और नानक सभी पूजे जाते हैं। यही विविधता भारत को विशिष्ट बनाती है। धर्मनिरपेक्षता केवल एक संवैधानिक शब्द नहीं, बल्कि भारतीय समाज की आत्मा है,जो लोकतंत्र को मजबूत करती है, सभी को साथ लेकर समरस, शांतिपूर्ण, आत्मनिर्भर तथा प्रगतिशील भारत के निमार्ण के लिए सहयोग करने का संदेश देती है।

किन्तु इसका मतलब यह कदापि नहीं कि कोई भी व्यक्ति या समूह अपने धर्म के नाम पर देश के कानून का उल्लघंन कर सकता है, दूसरों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है, हिंसक गतिविधियों को अंजाम दे सकता है, दूसरे धर्म का मजाक उड़ा सकता है एवं अपमान कर सकता हैं, धार्मिक स्थलों को नुक्सान पहुंचा सकता है, किसी का जबरन या धोखे से धर्म परिवर्तन करा सकता है आदि। इसे देश का दुर्भाग्य ही कहेंगे कि स्वतंत्रता के कई दशक गुजरने के बाबजूद भी धर्मनिरपेक्षता की मूल अवधारणा को कई बार चुनौती मिलती दिखाई देती है, धार्मिक सहिष्णुता और सामाजिक समरसता कमजोर होती नजर आती है। कई बार विविध कारणों से धार्मिक भावनाओं को भड़का कर कुछ असामाजिक तत्व और देश में अमन, शांति, सौहार्द, सद्भावना, भाईचारे के माहौल से प्यार न करने वाले लोगों द्वारा समाज में तनाव और भेदभाव की स्थिति उत्पन्न की जाती रही है, सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुँचाया गया है।उदाहरण के लिए हैदराबाद, तेलंगाना (अक्टूबर 2024) के सिकंदराबाद के मुथ्यालम्मा मंदिर में देवी की मूर्ति को खंडित किया गया,शमशाबाद, तेलंगाना (नवंबर 2024) में हनुमान मंदिर में नवग्रह मूर्तियों को तोड़ा गया।?अप्रैल 2025 में, उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के कटोरा गांव में स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में मूर्तियों के खंडित होने की घटना सामने आई है।

## न्यूज फ्लैश

### योग व प्रणायाम करके टी.बी पर जीत हासिल कर सकते हैं

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) राष्ट्रीय** अक्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने ग्राम पंचायतों को सम्मानित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की जनभागेदारी सुनिश्चित करना व नागरिकों को टीबी के प्रति जागरूक करना प्रमुख है। प्रत्येक ग्राम पंचायत की जिम्मदारी है की वो गांव स्तर पर स्वास्थ्य को लेकर अच्छे कार्यक्रम करें व लोगों को टी.बी . के प्रति जागरूक करे। उपायुक्त ने कहा कि टी.बी उन्मूलन को लेकर ग्रामीण स्तर पर सैम्पल क्लैक्ट करने होगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करना होगा व इस कार्यक्रम को सफल बनाना होगा। जो ग्राम पंचायते इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी भविष्य में भी उनको प्रोत्साहित किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के सरपंचों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विवाह शगुन योजना के चेक किए वितरित

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) मुख्यमंत्री** सामाजिक समरसता अंतजार्तीय विवाह शगुन योजना के तहत विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शुक्रवार को मतलौडा की पंजाबी धर्मशाला में इसराना विधानसभा के 25 लाभार्थियों को चेक वितरित किए। चेक वितरण करने के बाद उन्होंने वर वधु को आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अंतजार्तीय विवाह को प्रोत्साहन देने के लिए यह योजना चलाई गई है। उन्होंने वर-वधू के सुखद भविष्य की कल्पना की और कहा कि लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतजार्तीय विवाह शगुन योजना के तहत यह योजना हरियाणा राज्य के निवासी अनुसूचित जाति के लडके-लडकी द्वारा विवाह करने पर प्रदान की जाती है। विवाह उपरांत जोड़े को 2 लाख 50 हजार की राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है। जिनमें से 1 लाख 25 हजार रुपए उनके संयुक्त खाते में जमा करवाए जाते हैं और 1 लाख 25 हजार की एफडी उनके नाम करवाई जाती है। यह राशि संयुक्त साअवधी 3 वर्ष के लिए जमा होती है। जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए लिए प्रार्थी हरियाणा सरकार की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

### आने वाली पीढ़ीयों के लिए जल की एक-एक बूंद बचाना जरूरी-एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। एसडीएम अनिल** कुमार यादव ने उपमंडल के नागरिकों से भू-जल स्तर में सुधार लाने और प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित किए जा रहे जल संचय जन भागीदारी अभियान में बढ़चढकर भागीदारी करते हुए अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है। एसडीएम ने कहा है कि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए जल की एक-एक बूंद बचाना जरूरी है। केंद्र सरकार की ओर से जल संचय जन भागीदारी जन जागरूकता की ओर थीम के साथ जल शक्ति अभियान कैच दी रेन के छठे संस्करण की शुरूआत की गई है, जिसे सफल बनाने के लिए सभी मिलकर आगे आएं। उन्होंने बताया कि जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन, जियो-टैगिंग और सभी जल निकायों की सूची बनाना, वैज्ञानिक संरक्षण योजनाओं की तैयारी, सभी जिलों में जल शक्ति केंद्र स्थापित करना, गहन वनरोपण और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गया है। हमें जल की एक-एक बूंद को आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जल संचय जन भागीदारी अभियान की शुरूआत जल संकट से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के साथ-साथ भारत सरकार ने जल शक्ति अभियान, अटल भूजल योजना सहित कई कार्यक्रम लागू किए हैं, जिनका उद्देश्य जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना है।

# जिन्दल का प्रयास है अधिक से अधिक युवाओं को नवसंचार तकनीक से जोड़ना

## कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के प्रचार-प्रसार को लेकर रणनीति तय की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः नवीन जिन्दल फाउंडेशन** से जुड़े सहयोगी युवाओं की बैठक सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें संसदीय क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के प्रचार प्रसार को लेकर रणनीति तय की गई। इस मौके पर धर्मवीर सिंह ने कहा कि योजनाओं के प्रचार प्रसार में युवा शक्ति की अहम भूमिका है। कम्युनिकेशन माध्यम से युवा इस कदर जुड़े हैं कि कुछ ही पलों में सूचना देश-विदेश तक पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का प्रयास है कि अधिक से अधिक युवा संचार के विभिन्न माध्यमों से युक्त होकर



सरकार के विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाएं। इसके साथ-साथ अपने आसपास की समस्याओं को भी यह युवा सांसद कार्यालय के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से रख सकते हैं जिन्हें सरकार व प्रशासन से दूर करवाने का प्रयास कार्यालय की ओर से सदैव किया जाएगा। इस अवसर पर भूषण पाल मंगला ने कहा कि समाज में जागरूकता लाना और सांसद नवीन जिन्दल जैसे व्यक्ति जो अपने संसदीय क्षेत्र को नंबर एक बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनके अभियान को गति देना जनहित में हम सभी का दायित्व है। यहां केवल प्रचार प्रसार की बात नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र के विकास में सहभागी बनकर लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोग देना भी बहुत जरूरी है। इन युवाओं के विकास के लिए सांसद जिन्दल ने कुरुक्षेत्र में आईआईटी की मांग संसद में उठाई है ताकि यहां के युवा शिक्षा प्राप्त कर सकें। इसके साथ-साथ स्किल ट्रेनिंग के इंस्टिट्यूट स्थापित करके उनके माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण देना भी सांसद नवीन जिन्दल का विजन है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एकजुट होकर सांसद नवीन जिन्दल द्वारा करवाए जा रहे हैं विकास कार्यों के अभियान को गति देने का संकल्प लिया।

## बाल भवन पब्लिक स्कूल ने पुरस्कार वितरण समारोह का किया आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला बाल** कल्याण अधिकारी गौरव रोहिल्ला ने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा बाल भवन पब्लिक स्कूल का शुक्रवार को पंचायत भवन में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में समाजसेवी व उद्योगपति जय भगवान सिंगला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बाल कल्याण अधिकारी गौरव रोहिल्ला,आकांक्षा व लायंस क्लब के मेंबर धीरज गुलाटी पॉलीक्लिनिक में कार्यरत डा. माधवीका तथा अपना अस्पताल के डा. अजय गोयल ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। जिला बाल कल्याण अधिकारी गौरव रोहिल्ला ने कहा कि इस कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमे सभी अतिथिगणो व अभिभावको का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को वर्ष भर होने वाली विभिन्न गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## डीसी ने साइक्लोथॉन की सफलता के लिए किया आह्वान

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार** दहिया ने बताया कि 16 अप्रैल को पानीपत में साइक्लोथॉन यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह साइक्लोथॉन नशे के खिलाफ हरियाणा सरकार द्वारा चलाई गई मुहिम के तहत आयोजित होगी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को अधिक से अधिक भागीदारी करने का आह्वान किया। डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि युवा वर्ग ही इस मुहिम को आगे बढ़ा सकता है और नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक कर सकता है। उन्होंने युवाओं से भी इस साइक्लोथोन में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने की अपील की।

# मुस्लिमों के हित के लिए किया वक्फ बोर्ड बिल में संशोधनः गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः हरियाणा के जन** स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सड़कें) विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली और एंजेडे के तहत 12 शिकायतों को सुना, जिनमें से 8 का समाधान किया गया और 4 शिकायतों के समाधान से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देकर अगली मीटिंग में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र भौरिया, नगर निगम कमिश्नर सचिन गुप्ता, भाजपा पदाधिकारी




रितेश गोयल सहित कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य व प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। इस मौके पर जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडकें) विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एतिहासिक फैसले लेने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में वक्फ बोर्ड में संशोधन कर जो बिल पास हुआ है, उसका वे स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने मुस्लिम बहनों की तीन तलाक से आजादी दिलाने का काम किया उसी तरह से वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुस्लमान वक्फ (निरसन) विधेयक तमाम दबे, पिछड़े मुस्लिम भाई-बहनों के कल्याण के लिए एक बहुत बड़ी पहल हैं।

इस ऐतिहासिक, दूरदर्शी व अभूतपूर्व निर्णय के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आ आभार व्यक्त करते हैं। यह बिल मुस्लिम भाईयों के हित के लिए उठाया गया है, जिसकी वे भी प्रशंसा कर रहे हैं। विपक्ष के लोग विशेषकर कांग्रेस इसका विरोध कर रहे हैं। पहले भी उन्होंने राम मंदिर निर्माण का, धारा 370 ए खत्म करने का विरोध किया था।

## गवर्नमेंट पीजी कॉलेज कैंट में बनेगी नई बिल्डिंग- देशराज



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः प्रदेश सरकार** की तरफ छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज को नई सौगात मिली है। छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार ने जिले के सबसे बड़े कॉलेज में एक नई बिल्डिंग के निर्माण को मंजूरी दी है। प्रिंसिपल डॉ देशराज बाजवा ने एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग से आदेश आ चुके हैं। नई बिल्डिंग के लिए चीफ आर्किटेक्ट ऑफिस में नक्शा तैयार किया जा रहा है। कॉलेज की तरफ से चार मंजिला बिल्डिंग का प्रपोजल भेजा गया है। प्रिंसिपल डॉ बाजवा ने बताया कि बिल्डिंग के निर्माण को लेकर आज ही ऊर्जा मंत्री अनिल विज से भी मुलाकात हुई है। केबिनेट मंत्री ने शहर के कॉलेज को संवारने में हर तरह की मदद का भरोसा दिलाया है। छावनी का यह कॉलेज अनिल विज के प्रयासों से ही स्थापित हुआ था।

# 15 बड़े व छोटे कसौरो का इको क्लब के विद्यार्थियों के सहयोग से प्रबन्ध किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इको क्लब के अंतर्गत बेजुबान जानवरों और पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में ठंडे पानी का प्रबंध करने के लिए हर्बल बॉटनिकल गार्डन और पक्षी विहार में 15 बड़े व छोटे कसौरो का इको क्लब के विद्यार्थियों के सहयोग प्रबन्ध किया। साथ ही पक्षियों के नहाने के लिए एक छोटा सा तालाब स्थापित किया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में पानी का प्रबंध महाविद्यालय में पिछले तीन वर्ष से लगातार किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों और जनसाधारण का आह्वान करते हुए कहा कि हर एक घर मे पक्षियों के लिए एक बर्तन में पानी और दानेचुगे का प्रबंध करना चाहिए। प्रिंसिपल डॉ दलजीत कुमार ने कहा कि इको क्लब के अंतर्गत ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार के पर्यावरण संरक्षण के कामो से जहां महाविद्यालय हराभरा और सुंदर बना है वहीं दूसरी तरफ बेजुबान पक्षियों के लिए हर्बल बॉटनिकल गार्डन घर बन गया है।

## युवक ने दुकानदार की स्कूटी रोककर गिराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। शाम के** समय एक दुकानदार स्कूटी से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में कुछ लोगों ने रोककर उसकी स्कूटी को गिरा दिया। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। खातोद गांव निवासी हुकमचंद ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि सतनाली मोड पर उसकी किराना की दुकान है। दो अप्रैल को वह शाम के लगभग 8:50 पर अपनी दुकान को बढ़ाकर घर के लिए चला था। उसके पीछे एक ग्रीन कलर की बाइक उनका पीछे करने लगी। आगे चलकर हनुमान मंदिर से पहले एक प्लैटिना बाइक खेल स्टेडियम खायरा वाले रास्ते से पीछे लग गई। पीछे वाली बाइक ग्रीन कलर वाली ने आगे निकलकर मंदिर से पहले उसका रास्ता रोक लिया। वहां बणी की तरफ दो-तीन लोग और खड़े थे, जिसमें एक उनका पड़ोसी था।

# लिटिल मिलेनियम में हवन के साथ सत्र 2025-26 का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : लिटिल मिलेनियम** सेक्टर-3 में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरूआत श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ हुई। इस शुभ अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार प्रबधक, स्टाफ एवम बच्चो ने मिलकर सुख, समृद्धि और ज्ञानवर्धन के लिए प्रार्थना की। मंत्रोच्चारण और हवन की पवित्र अग्नि ने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। हवन में स्कूल



प्रबंधक श्री प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ, प्रिंसिपल श्रीमती सुनीता पीआरओ पूजा मैम, सीएलओ ज्योति खनेजा, स्कूल के शिक्षकगण और सभी छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की और हवन यज्ञ मे आहुति डाली । केवल आध्यात्मिकता ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए मजेदार गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं!

## विधायक प्रमोद विज ने पार्षदों और मंडल अध्यक्षों के साथ की बैठक

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) अप्रैल को प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का हरियाणा के यमुना नगर में आगमन हो रहा है, प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान हरियाणा को पहले एयरपोर्ट की सौगात देंगे, इस क्रम में पानीपत शहरी विधानसभा से हजारों की संख्या में आम जन मानस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने के लिए जायेगा। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने बीते शुक्रवार को पानीपत शहरी विधानसभा के भाजपा पार्षदों के साथ एवं मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की सूचना देते हुए भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

# नए सत्र के नवागत छात्रों का हार्दिक स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**दिल्ली वर्ल्ड स्कूल** का परिसर आज खुशियों और उत्साह से सराबोर हो उठा जब नए बच्चों के स्वागत के साथ ही विद्यालय में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। छोटे-छोटे कदमों के साथ जब बच्चे स्कूल में दाखिल हुए तो उनके चेहरों पर उत्सुकता, आँखों में सपने और दिल में एक नई शुरूआत की खुशी साफ झलक रही थी। इस खास दिन को यादगार बनाने के लिए स्कूल ने कई रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ आयोजित कीं। बच्चों ने बड़े उत्साह से खेलों में भाग लिया, प्रेरक कहानियाँ सुनीं और अपने नए दोस्तों से




खूब बातें कीं। खेल-खेल में दोस्ती के नए रिश्ते बने और हँसी-खुशी से सजी यह सुबह सबके दिल को छू गई। दिल्ली वर्ल्ड स्कूल अपने इन नए नन्हें सितारों के साथ मिलकर उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

विद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर अजीत भारद्वाज ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से बच्चों का स्वागत किया। उन्होंने शिक्षा के महत्त्व को सरल और भावपूर्ण ढंग से समझाया और बच्चों को अच्छे इंसान बनने की प्रेरणा दी। उनके शब्दों में आत्मीयता, मार्गदर्शन और स्नेह की झलक थी। नए सत्र का यह पहला दिन नन्हें छात्रों के लिए एक खूबसूरत याद बन गया। एक ऐसा दिन जो न केवल मनोरंजन और हर्षोल्लास से भरा था बल्कि जिसने उन्हें ज्ञान की ओर कदम बढ़ाने की प्रेरणा भी दी। विद्यालय की प्रबंधक समिति के सदस्यों ने भी बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए यह विश्वास दिलाया कि स्कूल उनके हर कदम पर साथ है। उनके स्नेहपूर्ण शब्दों ने बच्चों के मन में अपनापन और आत्मविश्वास की भावना को और भी गहरा कर दिया।

# 'अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर करें जन समस्याओं का समाधान'

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब** सिंह के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश भर में आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का मौके पर निदान किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि अधिकारियों को अब समस्याओं के समाधान को लेकर और गति प्रदान करनी होगी। जो तीन हजार समस्याएं समाधान को लेकर शेष बची हैं उनका समाधान करने के साथ-साथ समाधान शिविर में आने वाली रोज की समस्याओं



का कम से कम समय में समाधान करना होगा। उपायुक्त ने कहा कि 20 दिन के समय सीमा में अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की समस्याओं पर संज्ञान लेकर उनका हल करना होगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सूझबूझ से काम लेकर समस्याओं का समाधान करें। अधिकारियों का जज्बा समस्याओं के समाधान में दिखाई देना चाहिए। समाधान शिविर में पुलिस विभाग से सम्बंधित पहुंची समस्याओं की सुनवाई करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग एक ऐसा विभाग है जिसमें लाजमी रूप से समस्याओं का आना जारी रहता है लेकिन हमें इसमें ढिलाई नही बरतनी चाहिए। सम्बंधित थाने अधिकारियों को जो समस्याएं नियमित रूप से मिल रही है। उनका कम से कम समय में समन्वय स्थापित करके समाधान निकालना है। उन्होंने बताया कि ये जनता समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का निदान करने के लिए लगाए जा रहे हैं। इसमें अधिकारी पूरी तरह से समर्पित भाव से कार्य करें व कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का समाधान करें।

एसडीएम ब्रहमप्रकाश ने समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि जिस विभाग में ज्यादा समस्याएं लम्बित है। उस विभाग के अधिकारी की ज्यादा जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री स्वयं समाधान शिविर के साथ जुडकर पूरी कार्यवाही का आंकलन कर चुके हैं। हालांकि हम अच्छी स्थिति में हैं। हमें इसमें और भी बेहतर प्रदर्शन करके दिखाना है। समाधान शिविर में पुलिस, पैंशन विभाग के अलावा अन्य कई विभागों से जुड़ी 84 समस्याएं शुक्रवार को समाधान शिविर में विभिन्न नागरिकों द्वारा दी गई। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के सहयोग से अनेक समस्याओं का मौके पर समाधान किया व शेष समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को

# ऑनलाइन पैसों की धोखाधड़ी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें: एसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह** ने साइबर अपराध पर जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी के इस युग में हर कोई मोबाइल कंप्यूटर से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट की इस दुनिया में साइबर अपराधी भी तरह तरह हथकंडे अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदातों का अंजाम दे रहें है। कभी फेसबुक का फर्जी अकाउंट बनाकर, अकाउंट को हैक कर आपके परिचितों को बीमारी का बहाना बनाकर हॉस्पिटल में एडमीट होने की बात कहकर पैसों की डिमांड करते है। फेसबुक



के माध्यम से फ्रेंड बनकर वॉट्सअप के माध्यम से वीडियों कॉल कर न्यूड वीडियों बना ब्लैकमेल करते है। इस प्रकार के साइबर अपराधियों से बच कर रहें।

क्योकि आज का युग रिकॉर्डिंग व स्क्रीन शार्ट का है अगर किसी से भी कोई बात करते हो तो सोच समझकर करें। अपने बैंक खाता की जानकारी किसी को भी मोबाइल के माध्यम सें न दें।

किसी भी अंनजान व्यक्ति के द्वारा की गई कॉल पर विश्वास न करें इसके साथ ही किसी संस्था बारे जानकारी लेने के लिए टोल फ्री नम्बर को गुगल पर सर्च न करें। संस्था से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए उसकी वेबसाइट पर जाए। बहुत बार ऐसा होता है कि साइबर क्राइम के जरिए आपके बैंक खाते में से पैसे निकाल लिए जाते हैं, और हमे पता भी नहीं होता कि वह व्यक्ति कौन है।

## न्यूज फ्लैश

### किसान के खेत से खाद्य व अन्य सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी में किसान के खेत में बने कोठरे से खाद्य व अन्य सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बड़वासनी निवासी कुलदीप ने बताया कि उसने गांव में जमीन ठेके पर ले रखी है। वह गत 28 मार्च को रात को खेत में पहुंचा। जहां कोठरे का दरवाजा टूटा हुआ मिला। उसके अंदर यूरिया खाद के पांच कट्टे डीएपी व सल्फर का दो एकड़ सुड़वा, पाइप लाइन सहित अन्य सामान गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। वहीं उसके पड़ोसी देवेद्र के खेत से एक बैटरी, इन्वर्टर, बिजली का मीटर व अन्य सामान चोरी हुआ मिला। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सिलेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### गाड़ी से धान की चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र में गाड़ी से धान की चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुशील निवासी जटवाड़ा हाल में सेक्टर-12 का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। असंल सनशाइन काउंटी सोनीपत निवासी राजेश ने गत 13 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह कुमासपुर में स्थित कंपनी में बतौर इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। धान का स्टॉक कंपनी के साथ लगती गांव किशोरा की जमीन पर लगाया हुआ है। जहां से धान को गाड़ियों में लोड करके कंपनी में लाकर चावल निकालते है। धान लोड करने के लिए देव ट्रांसपोर्ट सोनीपत से गाड़ियां समय-समय पर मांगते है। गत 22 दिसंबर व 9 जनवरी को एक गाड़ी ने स्टॉक से धान को कंपनी में लाने के लोड किया, लेकिन दो दिन तक गाड़ी चालक ने स्टॉक से लोड किए धान को कंपनी में नहीं पहुंचाया। उसके कही ले जाकर बेच दिया। सीसीटीवी की जांच की तो उसने धान लोड करके कंपनी से निकलती हुई गाड़ी दिखाई दे रही है। मामले को लेकर बहालगढ़ थाना पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। सहायक उप निरीक्षक संदीप की टीम ने दो आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल तीसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट मे आया युवक, मौत

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
समालखा रेलवे-स्टेशन के यार्ड के पास शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिला है।माना जा रहा है कि युवक की मौत लाइन पार करते समय किसी ट्रेन की चपेट मे आने से हुई है। राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्त के लिए पानीपत अस्पताल की मोर्चरी मे रखवा दिया है।
समालखा जीआरपी इंचार्ज जसबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे यार्ड के पास लाइन पार करते समय एक 35-36 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की लाश लूप व डाऊन लाइन के बीच पडी हुई थी। युवक के दाहिने हाथ पर महादेव व त्रिशूल का टैटू बना हुआ है ओर अंग्रेजी मे ए के टी लिखा है जबकि दूसरे हाथ पर लाल पीला धागा बंधा हुआ है।

# लापरवाही बरतने पर एसएचओ के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

## खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने 17 में से 14 शिकायतों का मौके पर किया समाधान

**सख्ती**

**मामले की जांच सीआईए-टू करेगी। एसडीएम शाहबाद और एएसपी भी इस मामले में विशेष जांच करेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि गांव यारा में केशव के परिजनों की मृत्यु के बाद रिश्तेदारों द्वारा डराने, धमकाने, नकदी जेवरात हथियाने के मामले में आरोपियों तथा मामले में शिकायत के बावजूद लापरवाही बरतने वाले शाहबाद थाना के एसएचओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए है। इसके बाद इस मामले की जांच सीआईए-टू करेगी। इसके अलावा एसडीएम शाहबाद और एएसपी भी इस मामले में विशेष जांच करेंगे। अहम पहलू यह है कि राज्यमंत्री ने केशव की सुरक्षा के लिए कुछ समय के लिए पुलिस कर्मी उपलब्ध करवाने के आदेश भी दिए है।
राज्यमंत्री राजेश नागर शुक्रवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस बैठक में राज्य मंत्री ने 5 पुरानी शिकायतों में से 3 शिकायतें और 12 नई शिकायतों में 11 शिकायतों का मौके पर समाधान किया। इस प्रकार कुल 17 में से 14 शिकायतों का निपटारा किया गया है। राज्यमंत्री ने यारा निवासी केशव की शिकायत पर सुनवाई करते हुए कहा कि किसी से भी डरने की जरूरत नहीं है,अगर कोई व्यक्ति धमकी या डराता है तो उनके मोबाइल पर सीधा सम्पर्क कर सकता है। इस हाउस में राज्यमंत्री ने केशव को अपना मोबाइल नंबर भी उपलब्ध करवाया है। गांव बारना निवासी बतेरी देवी की शिकायत के मामले में कोर्ट के फैसले के बाद निर्णय लेने के निर्देश दिए है।
राज्यमंत्री ने सेक्टर 3 निवासी प्रेमचंद, लालू कॉलोनी निवासी, कसीथल निवासी जगमोहन व ओमप्रकाश, सिरसला निवासी बलवान, धुराला निवासी सीता देवी की शिकायत को भी सुना और समाधान किया। राज्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अगर कोई भी अधिकारी बिना सूचना दिए मीटिंग में नहीं पहुंचेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस बैठक में विधायक अशोक अरोड़ा ने शहर में डंपिंग स्थल, एलएनजेपी अस्पताल में मरीजों के कमरों से कार्यालय हटाने व पीने के लिए स्वच्छ पानी के विषयों को भी रखा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शहर में लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई है और आने वाले कुछ समय में शहर में 125 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रदेश सरकार की तरफ से करवाएं जाएंगे। इस बैठक का संचालन उपायुक्त नेहा सिंह ने किया। इस मौके पर चेयरमैन जयसिंह पाल, एडीसी सोनू भट्ट, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, एएसपी मनप्रीत सिंह सूदन सहित अन्य अधिकारीगण व अन्य लोग उपस्थित थे।
राज्यमंत्री राजेश नागर ने अमित शर्मा की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगर परिषद के अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि शहर के अंदरूनी इलाके में नालों की निरंतर सफाई की जाए और अगर जरूरत पडे तो रैम्प को भी तोड़ा जाए।

# बाइक सवार युवक व गाड़ी चालक की मौत

**दर्दनाक हादसा**

**बाइक सवार अपने दो अन्य दोस्तों के साथ शामाबाद गांव से बहालगढ़ में खाना खाने के लिए जा रहे थे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: बहालगढ़** व मोहाना थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार युवक व गाड़ी चालक की मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। बाइक सवार अपने दो अन्य दोस्तों के साथ शामाबाद गांव से बहालगढ़ में खाना खाने के लिए जा रहे थे। बहालगढ़ रोड पर ट्रक ने उनको टक्कर मार दी। वहीं, गाड़ी चालक की ट्रैक्टर के साथ टक्कर होने पर हादसे में मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिए। पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव सबैठवा बेतिया बिहार निवासी दीपक मेहता अपने दोस्त मोतीहारी के गांव हारपुर के रहने वाले रामसुंदर व हसमाबाद में रहने वाले चंडीगढ़ के गांव हल्लोमाजरा के श्रीलाल के साथ बाइक पर सवार होकर बहालगढ़ में खाना खाने के लिए जा रहे थे। जब तीनों बहालगढ़-सोनीपत रोड पर रामा अस्पताल के पास पहुंचे तो सोनीपत की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। तीनों सड़क पर गिर कर ट्रक का पहिया दीपक के ऊपर से गुजर गया। हादसे में रामसुंदर को भी चोट आई। हादसे में श्रीपाल बाल-बाल बच गया। श्रीपाल ने राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां दीपक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि रामसुंदर को रेफर कर दिया। जिसके बाद वह रामसुंदर को शहर के निजी अस्पताल ले गए।
जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।
पुलिस ने श्रीपाल की शिकायत पर बहालगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आदमपुर ढाणी हिसार निवासी रामकुमार दरवाजे और चौखट लोड कर नरेला के लिए चला था।

# कर्मचारी के घर से आभूषण न नकदी चोरी, मुकदमा दर्ज

**जांच जारी**

**पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि सुराग हाथ लग सके**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र स्थित रेलवे विभाग में तैनात कर्मचारी के घर से आभूषण व नकदी के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। कर्मचारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव गौधापुरा करोली राजस्थान निवासी दिनेश चंद मीणा ने बताया कि वह रेलवे विभाग में तैनात है। हाल में रेलवे आवास में संख्या ई 77 में रहता है। वह गत दो अप्रैल को सांदल कलां स्टेशन पर डयूटी पर तैनात था। देर शाम साढ़े पांच बजे अपने आवास पर पहुंचा। जहां उसके आवास का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर सामान की जांच की तो अलमारी से पैंतीस हजार रुपये राशि व एक सोने की चेन, सोने की अंगूठी, सोने की नेकलेस, सोने के आभूषण, चांदी की कमरबंद व पाय सहित अन्य सामान गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# सिख गुरु हमें सेवा, करुणा और सद्भावना सिखाते हैं: प्रोफेसर सोमनाथ

**प्रेरणा**

**गुरु साहिबानों के जीवन, शिक्षाओं और बलिदानों को स्मरण करने व प्रेरणा लेने के रूप में मनाया जाता है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गुरुद्वारा साहिब पहली पातशाही (कुरुक्षेत्र) में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंडिपेंडेट स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (इसवा) और समस्त संगत के सहयोग से 52वाँ गुरुपर्व सिख संगत द्वारा बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि सिख गुरु हमें सेवा, करुणा और सद्भावना सिखाते हैं इसलिए गुरुओं के दिखाए सच्चे रास्ते पर चलकर ही मनुष्य जीवन सफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह पावन दिवस सिख धर्म में अत्यंत महत्व रखता है और इसे गुरु साहिबानों के जीवन, शिक्षाओं और बलिदानों को स्मरण करने व उनसे प्रेरणा लेने के अवसर के रूप में मनाया जाता है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
कार्यक्रमों की शुरूआत प्रातःकाल की अरदासों और कीर्तन से हुई। रागी जत्थों ने गुरबाणी के मधुर कीर्तन से संगत को आनंदित किया। कथा वाचकों और विद्वानों द्वारा गुरु साहिब के जीवन और दर्शन पर विचार साझा किए गए। दोपहर में गुरुद्वारे में विशेष लंगर का आयोजन किया गया, जहाँ हजारों संगतों ने एक पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। 52वें गुरु पर्व का यह आयोजन शांति, सद्भावना और भाईचारे के संदेश के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कुवि के संगीत एवं नृत्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा धार्मिक गीत प्रस्तुत किए गए। गुरुपर्व के समापन के पश्चात इसवा के समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर चौधरी, पंजाबी विभाग के अध्यक्ष कुलदीप सिंह, शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ, कंस्ट्रक्शन ब्रांच, सेनेटेशन विभाग, सिक्योरिटी विभाग और सभी विभागों तथा समस्त संगत का धन्यवाद प्रकट किया गया।

# भारी मात्रा में अवैध हथियारों सहित तीन आरोपित गिरफ्तार

**रिमांड पर**

**आरोपितों को अदालत में पेश किया। एक आरोपित को रिमांड पर दो को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: एसएजी** यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित महक उर्फ हन्नी व अंकित निवासी भिगान व रिंकू उर्फ छोटा निवासी मंडोरी हाल में राजीव कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर दो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर अजय धनखड़ ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उनकी टीम एएसआई अमित के नेतृत्व में केजीपी पर गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि कार सवार तीन युवक उत्तर प्रदेश से भारी मात्रा में अवैध हथियार लेकर आएंगे। जिसके बाद जाखौली टोल प्लाजा के पास टीम ने नाकाबंदी कर दी। इसी बीच यूपी की तरफ से वैगन आर कार आती दिखाई। पुलिस ने कार को शक की आधार पर रोक लिया। पुलिस ने कार सवार तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उनकी कार की तलाशी ली तो आठ देशी पिस्तौल, पांच मैगजीन दो कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

**जेल में बंद कुख्यात माया के लिए करते थे हथियार तस्करी :** अजय धनखड़ ने बताया कि आरोपियों से शुरूआती पूछताछ में पता लगा कि वह हथियार पंजाब जेल में बंद सोनीपत के कुख्यात बदमाश माया के कहने पर लेकर आए थे। माया हत्या, लूट-डकैती के मामलों में नामजद रहा है। माया की हथियार तस्करी में पकड़े गए आरोपी महक उर्फ हन्नी से दोस्ती है। उसके चलते ही वह दो अन्य आरोपितों के संपर्क में आया था। आरोपितों का कहना है कि माया उनके पास अपने साथी को भेजता था जो उनसे हथियार लेकर जाता था।
अवैध हथियारों सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें अदालत में पेश किया। अदालत ने दो आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# सावधानी व सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बेहतर उपाय: सुरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अंबाला सुरेन्द्र सिंह भोरिया आईपीएस ने बताया है कि जिला पुलिस द्वारा आमजन को साइबर अपराधों तथा उनसे बचाव बारे विभिन्न कार्यक्रम आयोजत कर विस्तार से जानकारी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर जागरुकता अभियान के तहत जिला के सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए है कि अपने.अपने क्षेत्रों में सेमीनार व गोष्ठियों के माध्मय से लगातार लोगों को साइबर अपराधों के बारे



जागरुक करें ताकि भविष्य में साइबर धोखाधड़ी व ठगी की पुनरावृति न हो। उन्होंने कहा कि हम टेक्नोलॉजी के दौर में इतने तेजी से विकास कर रहे है कि इसके बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जितनी तेजी से हम इस डिजिटल दुनिया की ओर बढ़ रहे है उतनी ही हम लोगों की इंटरनेट पर निर्भरता भी बढ़ रही है इसके साथ साइबर अपराध के भी मामले बढ़ रहे है। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि व्हाट्सएप या ई.मेल पर आए किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और बैंक संबधी किसी भी प्रकार की जानकारी सांझा न करें, क्योंकि ऐसा करने से वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर टू स्टेप वेरीफिकेशन हमेशा एक्टिव रखें ।

# पीजी के बाहर से कंपनी कर्मचारी का दो-पहिया वाहन चोरी

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र में स्थित पीजी के बाहर से कंपनी कर्मचारी के दो-पहिया वाहन के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। उत्तर प्रदेश निवासी ऋषभ ने बताया कि वह लिवासपुर स्थित जय दुर्गा इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में काम करता है। वह बहालगढ़-मेरठ रोड पर पीजी में रहता है। उन्होंने कंपनी से वापस आकर बाइक पीजी के बाहर खड़ी की थी।

# सड़क मार्ग नवीनीकरण में गड़बड़झाला

**भ्रष्टाचार**

**जिले में सड़कों के निर्माण कार्य व विकास कार्यो में भ्रष्टाचार के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिले** में सड़कों के निर्माण कार्य व विकास कार्यो में भ्रष्टाचार के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। जुआं गांव से सिटावली-खानपुर को जोड़ने वाली सड़क मार्ग के निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य में अधिकारियों और ठेकेदार की मिली भगत से रेत के ऊपर सड़क बिछाए जाने का आरोप है। आरोप है कि मिट्टी के ऊपर बिना सफाई के सड़क बनाई जा रही है और पंचायत की इंटरलॉक टाइल पर ही सड़क बना दी गई है। ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त से शिकायत लिखकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बता दें कि गांव जुआं में मार्केट कमेटी गोहाना द्वारा जुआं गांव से सिटावली और खानपुर को जोड़ने वाले रास्ता पर सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इस 520 मीटर लंबी सड़क के लिए लगभग 8 लाख रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, सड़क निर्माण में 75 मिलीमीटर पत्थर डालकर उसके ऊपर 20 मिलीमीटर का प्रीमिक्स कारपेट बिछाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को मार्केट कमेटी द्वारा सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। लगभग 8 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 520 मीटर लंबी इस सड़क के निर्माण में ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक पर रखने और रेत पर बिना साफ सफाई के ही सड़क बनाने का आरोप लगाया गया है, जिसके चलते ग्रामीणों ने काम रुकवा दिया और अधिकारियों पर ठेकेदार से मिलीभगत का आरोप लगाया है।

**अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप :** ग्रामीणों को आशंका है कि ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से यह सारा गड़बड़झाला चल रहा है। उनका मानना है कि जिस प्रकार से बिना साफ-सफाई के सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है, उससे सड़क की मियाद बहुत कम होगी और कुछ ही दिनों में वह उखड़ जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि मिट्टी पर प्री-मिक्स कारपेट डालने से वहां चलने के कुछ ही दिन बाद ही सड़क बिखर जाएगी और गड्ढों में तब्दील हो जाएगी, जिससे उन्हें फिर से परेशानी का सामना करना पड़ेगा।
इस संबंध में सूचना मिली है।

# राज्य गीत गाकर डॉ. श्याम ने किया प्रदेश को गौरवान्वित: कुलपति



**सम्मान**

**हरियाणा राज्य गीत गाने वाले केयू एलुमनी डॉ. श्याम शर्मा को कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया सम्मानित**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शुक्रवार को हरियाणा राज्य गीत गाने वाले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एलुमनी डॉ. श्याम शर्मा को कुलपति कार्यालय में अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राज्य गीत गाकर डॉ. श्याम शर्मा ने हरियाणा प्रदेश सहित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। जय जय जय हरियाणा, जय जय जय हरियाणा, पावन धरती वेदों की, जहां हुआ हरि का आणा हरियाणा राज्य गीत में अपनी मधुर आवाज देकर डॉ. श्याम शर्मा ने न केवल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का बल्कि पूरे हरियाणा राज्य का मान बढ़ाया है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि उनका यह गीत राज्य की शौर्य गाथाओं और वीर जवानों के संघर्षों को समर्पित है जो हरियाणा की समृद्ध संस्कृति एवं लोक परम्परा की गाथा को भी अभिव्यक्त करता है। डॉ. श्याम शर्मा की शानदार आवाज ने गीत को एक ऐतिहासिक स्वरूप दिया है, जिसे हरियाणा के सभी लोग गर्व से गाते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. श्याम शर्मा की मेहनत एवं लगन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत भी है। राज्य गीत के गायक डॉ. श्याम शर्मा ने कहा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा द्वारा सम्मानित करने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में आकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने किसी भी गीत को जब तक रूह में उतरकर न गाया जाए, तब तक उसमें वह सफलता नहीं मिल पाती। उन्होंने बताया कि यह गीत हरियाणा की वीरता, संस्कृति और गौरव को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा में जब उनके द्वारा गाया गीत गूंजा तो वे भावुक हो उठे तथा यह उनके जीवन का अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण था। गौरतलब है कि केयू एलुमनी डॉ. श्याम शर्मा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में संगीत विभाग से सेवानिवृत प्रो. सुरेश गोपाल श्रीखंडे से संगीत के गुर सीखे। उन्होंने केयू संगीत एवं नृत्य विभाग से अपनी पीएचडी कर संगीत के सभी पहलुओं की बारीकी से जानकारी ली। जिसके बाद 2019 से उन्होंने 2019 से प्रोफेशनल गायकी शुरू कर दी तथा फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और आगे बढ़ते चले गए।
इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.ए.आर.चौधरी, प्रो. अनिल मित्तल, लोक सम्पर्क विभाग की उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, प्रो. शुचिस्मिता, डॉ. आरती श्योकंद, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. वीर विकास मौजूद थे।

# नई अनाज मंडी में सरकारी गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू, खरीदा गई 180 क्विंटल गेहूं

**गेहूं खरीद**

**सोनीपत अनाज मंडी में एचडब्ल्यूसी की तरफ से 180 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सोनीपत** अनाज मंडी में गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू होने के तीसरे दिन गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। सोनीपत अनाज मंडी में एचडब्ल्यूसी की तरफ से 180 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। मंडी में गेहूं की तीन ढेरियां पहुंची थी, जिसमें से एक ढेरी में नमी की मात्रा 16 प्रतिशत होने के कारण उसकी खरीद नहीं हो पाई। सरकार सिर्फ 14 प्रतिशत नमी वाले गेहूं की ही खरीद करेगी। बता दें कि सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग पर स्थित नई अनाज मंडी में सरसों की सरकारी खरीद शुरू के लिए पोर्टल 15 मार्च से ओपन हुआ था। सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार गेहूं की खरीद प्रक्रिया के लिए 1 अप्रैल से पोर्टल ओपन हुआ था, लेकिन पहले दो दिन गेहूं की आवक कम होने व नमी अधिक होने के कारण सरकारी खरीद नही हो पाई थी। परन्तु वीरवार को दो ढेरियां गुणवत्ता के हिसाब से उचित मिली, जिसके बाद गेहूं को खरीदा गया।

**जिले में अब तक 2484.97 मीट्रिक टन सरसों की हुई खरीद:** वहीं दूसरी तरफ अब तक जिले में कुल 2484.97 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 1853.8 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। सरसों की खरीद निर्धारित एमएसपी मूल्य 5950 पर की जा रही है। गन्नौर मंडी में 755 मीट्रिक टन, गोहाना मंडी में 350 मीट्रिक टन, खरखौदा में 771.4 मीट्रिक टन तथा सोनीपत मंडी में 608.57 मीट्रिक टन सरसों की आवक हुई है,जिसकी एचडब्ल्यूसी व हैफेड द्वारा खरीद की जा चुकी है।

# दिशाएं फेस्ट- 2025 में आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने जीती चाँदी की ट्रॉफी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**आर्य पीजी कॉलेज** में शुक्रवार को वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में आर्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय ओ.पी. शिंगला की स्मृति में प्रदेश स्तरीय शैक्षणिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम दिशाएं-2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान व स्वर्गीय ओ.पी. शिंगला के सुपुत्र सुरेन्द्र सिंगला ने शिरकत की। वशिष्ठ अतिथि के तौर पर प्रबंधक समिति के वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र शिंगला,



महाचिव सीए कमल किशोर,सुरेन्द्र सिंगला की धर्मपत्नी रश्मि शिंगला, .सुरेन्द्र सिंगला के सुपुत्र निखिल शिंगला ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। दिशाएं फेस्ट 2025 के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगितओं में प्रदेश भर के 18 महाविद्यालयों से लगभग 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और भाषण, समूह नृत्य, सोलो डांस व पोस्टर मेकिंग, प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरी। जहां एक ओर भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने ज्वलंत व समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार सांझा किए तो वहीं दूसरी ओर समूह नृत्य, सोलो डांस के प्रतिभागियों ने भी अपनी लाजवाब प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला, सुरेन्द्र सिंगला जी की धर्मपत्नी रश्मि शिंगला, निखिल शिंगला, आभा गुप्ता व प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार बाँटे और सभी का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. मधु गाबा सहित सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। मंच संचालन में प्राध्यापिका आस्था गुप्ता व गरिमा ने अहम भूमिका निभाई। ओ.पी. शिंगला के सुपुत्र व महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि दिशाएं कार्यक्रम अपनी कला को प्रस्तुत करने के लिए एक शानदार मंच है। मंच पर प्रस्तुति देने से प्रतिभागियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनके व्यक्तितव में निखार आता है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ओपी शिंगला ने आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय को प्रदेश में एक अलग पहचान दिलाई।

## वफादारों से बंधकों व जान से मारने की धमकी देने वाले 2 बच्चों की गिरफ्तारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र : जिला कुरूक्षेत्र** पुलिस ने यूक्रेन के दो पुर्तगालियों को गिरफ्तार कर लिया है। क्राइम वेल्क्रो ब्रांच-2 की टीम ने नेशनल से अलाना के मूल निवासी मित्रपाल नाइक काली वासी जाजनपुर जिला कटहल और अंकित कुमार वासी अरनैचा जिला कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए आशीष आशीष ने बताया कि 1 अप्रैल 25 को गोयल वासी पेहवा ने थाना सदर पेहवा पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि उनकी पेहवा में मोबाइल सर्विस की दुकान है ।
दिनांक 6 मार्च को समय करीब 1 बजे काली वासी जाजनपुर उसकी दुकान पर आया और आया ही उसने फोन पर अपने कान पर



रुककर कहा कि दिलबाग बागा वासी हेलवा से बात कर। जब उसने दिलबाकी बग्गा से बात की तो अगर उसने कहा कि सही सलामत रहना है तो खर्चा देना होगा। दिनाक 30 मार्च को फिर से दुकान पर आया और फोन पर बात करते हुए उससे 1 लाख रुपये की मांग की। उसने इस बार पैसे ना दिए तो जान से मारने की धमकी दी। अन्य शिकायत पर थाना सदर पेहवा में मामला दर्ज करके केस की पसंद को देखते हुए जांच अपराध शाखा-2 को चुना गया। दिनांक 3 अप्रैल 2025 को क्राइम लेक शाखा- 2 के प्रभारी निदेशक मोहन लाल के मार्गदर्शक-निर्देशक में उप पर्यवेक्षक रणधीर सिंह, सहायक उप पर्यवेक्षक सुरेंद्र सिंह, लाखन सिंह, मुख्य सिपाही गुरमेज, ललित कुमार, नरेश कुमार और पिपरी कुमार की टीम ने दिग्गज फ्लोरिडा के प्रमुख मित्रपाल वासी काली वासी जाजनपुर जिले के कथल और अंकित कुमार वासी अरनैचा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।

## न्यूज फ्लैश

### फसल अवशेषों में आग न लगाएं, करें उचित प्रबंधन: डॉ. वजीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कृषि उप-निदेशक** डॉ.वजीर सिंह ने बताया कि अकसर किसान गेहूं फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों में आग लगा देते हैं, जिससे पर्यावरण प्रदूषित होता है और भूमि की उर्वरता में कमी आती है, साथ ही जान माल की हानि का डर भी बना रहता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा फसल अवशेषों में आगजनी करने पर पूर्ण प्रतिबंध भी लगाया हुआ है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे गेहूं फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों में आग न लगायें, बल्कि इसको पशु चारे के तौर पर या खेत में ही मिलाकर उपयोग करें। उन्होंने बताया कि जिला में फसल अवशेष प्रबंधन कार्य करने वाली मशीन भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है व समय-समय पर सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर फसल अवशेष प्रबंधन में काम आने वाली मशीनों के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। जो किसान फसल अवशेष प्रबंधन मशीन लेना चाहते हैं, वे आवेदन करके अनुदान पर मशीन ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इस वर्ष फसल अवशेषों की आगजनी की जीरो बर्निंग का लक्ष्य दिया गया है। इन आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए गांव स्तरीय कमेटी-एनफोर्समेंट टीम का गठन किया गया है, जिसमें कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व सम्बन्धित पटवारी सदस्य हैं, जो आगजनी की घटनाओं को रोकने के साथ-साथ नियमानुसार कार्यवाही भी अमल में लाएंगे ।

**जिलाधीश ने फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध के जारी किए आदेश**

कृषि उपनिदेशक डॉ.वजीर सिंह ने बताया कि जिलाधीश उत्तम सिंह ने इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत जिला में गेहूं की फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 15 मई तक लागू रहेंगे। इसके तहत यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं सपठित वायु एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत दंड का भागी होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आगजनी करने वाले किसानों पर आर्थिक दंड लगाने का भी प्रावधान किया गया है, जिसमें 2 एकड़ तक 5 हजार रुपए, 5 एकड़ तक 10 हजार रुपये तथा 5 एकड़ से ज्यादा 30 हजार रुपये जुमार्ने का प्रावधान किया गया है।

### चलते ट्रक में कंडक्टर को आया हार्टअटैक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मेरठ रोड पर चलते ट्रक में बैठे कंडक्टर को अचानक हार्ट अटैक आ गया। ड्राइवर ने पिकअप गाड़ी चालक की मदद से उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना शुगर मिल के पास हुई। मृतक की पहचान पंजाब निवासी 23 वर्षीय मोहित के रूप में हुई है। वह अविवाहित था। ट्रक में फिटकरी लोड थी और मोहित कंडक्टर के तौर पर सपुर कर रहा था। ट्रक ड्राइवर तरण सिंह ने बताया कि ट्रक फरीदाबाद से श्रीनगर की ओर जा रहा था। वह ट्रक चला रहा था और उसने मोहित को भी सोने के लिए कह दिया था, लेकिन कुछ देर बाद मोहित को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ और उसकी हालत बिगड? लगी। जब तक ड्राइवर कुछ समझ पाता, मोहित बेहोश हो चुका था। ड्राइवर ने बताया कि जब उसने देखा कि मोहित की हालत गंभीर हो गई है तो उसने तुरंत किसी पिकअप गाडी चालक से मदद मांगी। लोडिंग पिकअप ड्राइवर की सहायता से वह मोहित को लेकर करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक मोहित की मौत हार्ट अटैक की वजह से हुई, हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही इसकी आधिकारिक पुष्टि होगी। घटना की सूचना मिलते ही करनाल सेक्टर 32-33 पुलिस मौके पर पहुंची। जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि ट्रक के कंडक्टर की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा।

## विद्यालय बिहौली में मनाया प्रवेश उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : आज राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहौली कुरुक्षेत्र में प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी महोदया श्रीमती संतोष शर्मा जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ सुदेश कुमारी ने जिला शिक्षा अधिकारी महोदया का पुष्प गुच्छ देकर वह फूल मालाओं से स्वागत किया। ग्राम पंचायत बिहौली की सरपंच श्रीमती आशा रानी व सुनील कुमार के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी महोदया को पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया।



जिला शिक्षा अधिकारी महोदया ने प्रवेश उत्सव के अवसर पर नए दाखिल होने वाले छात्रों को फूल मालाएं पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया और आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि ने विद्यालय की प्रबंधन समिति ,प्रधानाचार्य और स्टाफ सदस्यों के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की।
मुख्य अतिथि महोदया ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रधानाचार्य और सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। मुख्य अतिथि महोदया ने नए सत्र में नामांकन बढ़ाने के लिए स्टाफ सदस्यों, प्रबंधन समिति ओर अभिभावकों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सरकारी स्कूल में दाखिल करवाए और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। विद्यालय में सभी संकाय जैसे कला, वाणिज्य ,विज्ञान और एनएसक्यूएफ आदि स्कीमों का लाभ उठाते हुए विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल हो और वह अच्छे नागरिक बने। गांव के विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ें और स्कूल ,गांव, अभिभावकों और देश का नाम रोशन करें।

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने घोषित किया 9वें सेमेस्टर का परिणाम

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** ने बीबीए.एल.एल.बी. के 9वें सेमेस्टर, दिसंबर-2024 परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है, जिसमें गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ के छात्र राघव शर्मा ने 600 में से 475 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, भारती ने 473 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया और सुनिधि ने 461 अंक अर्जित कर तीसरी रैंक हासिल की। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. सुभाष कुमार एवं निदेशक डॉ. जे.आर. शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।
साथ ही संस्थान के वाइस चेयरमैन निशांत बंसल ने भी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है। इस उपलब्धि से गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ ने एक बार फिर साबित किया है कि वह न केवल विधि शिक्षा में अग्रणी है, बल्कि प्रतिभाशाली छात्रों को सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचाने में भी अग्रसर रहे

## सरकारी खरीद एजेंसियों ने अब तक की 3285 मीट्रिक टन सरसों की खरीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि अनाज मंडी घरौंडा, असंध व इंद्री में सरसों की निरंतर खरीद की जा रही है। उपायुक्त ने किसानों एवं आढ़तियों की समस्याओं से सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के सम्बन्ध में निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसल बिक्री में कोई समस्या आड़े नहीं आने दें। उन्होंने किसानों से सरसों सुखाकर मंडी में लाने की अपील की, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। मंडी में बिजली और पानी सहित सभी व्यवस्था बेहतर हों। आढ़तियों को बारदाने को लेकर सम्बंधित समस्या का अधिकारी उचित प्रबंध करें। खरीद कार्य के साथ.साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से रहे, ताकि मंडी में खरीद कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे। डीएफएससी अनिल कुमार ने बताया कि गत दिवस तक सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड व हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 3285 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई। सरकार द्वारा सरसों का 5950 रुपए प्रति क्विंटल सरकारी रेट निर्धारित किया गया है। कोई भी किसान मंडी में आकर अपनी फसल टोकन कटवाकर बेच सकता है।

## नागरिक अस्पताल में भोजन का किया वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः रोटी बैंक शाखा** कुरुक्षेत्र द्वारा नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में भोजन वितरण किया गया। प्रतिदिन की भांति नागरिक अस्पताल में रुग्ण और उनके परिजनों को एवं जरूरतमंदों को भोजन में रोटी सब्जी और चावल का वितरण किया गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, महासचिव कर्म चंद और रमेश भोजन बनाकर अस्पताल पहुंचे और भोजन सामग्री वितरित की। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार



वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक का मुख्य कार्य भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतू अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश, पेस्ट, फल और मिठाइयां आदि वितरण करना है। इसके साथ ही रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है।

## मंत्री रणबीर गंगवा करेंगे बैठक की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 9 अप्रैल को पंचायत भवन में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा करेंगे। डीसी ने बताया कि यह बैठक 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित होगी। बैठक में मंत्री के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित मामले रखे जाएंगे। बैठक में कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य तथा सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित होंगे।

## बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का किया वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः रोटी बैंक शाखा** कुरुक्षेत्र द्वारा सुंदरपुर फाटक के पास स्थित झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य एवं लेखन सामग्री वितरित की गई। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा कुरुक्षेत्र के ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है जहां पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्र छात्राओं को लेखन सामग्री, पुस्तकें और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की जाएंगी। आज रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश सैनी, उप प्रधान पंकज ठकराल, महासचिव कर्म चंद



और रोटी बैंक के अंकेक्षक डॉ. एम एम सिंह सुंदरपुर फाटक पर झुग्गी झोपड़ी पहुंचे और उपरोक्त सामग्री वितरित की। प्रथम कड़ी में 12 बच्चों को चिन्हित किया गया था जिन्हे स्कूल बैग, लेखन सामग्री आदि वस्तुएं प्रदान की गई। तत्पश्चात अन्य बच्चों को भी चिन्हित किया गया है जिनमें लगभग 30 बच्चे और लिए गए हैं। इन्हें भी शीघ्र आवश्यकतानुसार शिक्षा हेतु आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक का मुख्य कार्य भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतू अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश, पेस्ट, फल और मिठाइयां आदि वितरण करना है। लेकिन पिछले दिनों रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा ही फरीदाबाद से विद्यार्थियों को जूते आदि वितरण का कार्य आरम्भ किया गया था जो अब कुरुक्षेत्र में भी आरम्भ किया गया है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

## ई-रिक्शा लेकर आए तीन चोरों ने निर्माणाधीन मकान में की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में एक चोरी** की वारदात सामने आई है। शहर के आरके पुरम निवासी पूजा गोयल अपने प्लॉट नंबर 156 में मकान बना रही हैं। बीती शाम जब वह वहां पहुंचीं तो स्टोर रूम का ताला टूटा मिला और लोहे की रॉड, ड्रिल मशीन सहित अन्य कीमती सामान गायब था। सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध ई-रिक्शा से आते और सामान ले जाते दिखे। पूजा की शिकायत पर सेक्टर 32-33 थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता पूजा गोयल ने सुरक्षा के मद्देनजर प्लॉट पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया हुआ था। जब उन्होंने फुटेज की जांच की तो उसमें तीन संदिग्ध व्यक्ति नजर आए, जो एक ई-रिक्शा में आए थे। फुटेज में दिखा कि चोरों ने पहले ईंट से स्टोर रूम का ताला तोड़ा और फिर वहां रखा लोहे का सरिया और ड्रिल मशीन ई-रिक्शा में लादकर मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पूजा गोयल ने सेक्टर 32-33 थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया। इसके बाद आगे की जांच के लिए मामला हेड कॉन्स्टेबल योगेश कुमार को सौंप दिया गया। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने में जुटी है।

## आम आदमी पार्टी ने किया पानीपत जिले में विस्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
**आम आदमी पार्टी के जिला** अध्यक्ष जसवीर "जस्सा " कादयान ने बताया की आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता ने करनाल लोकसभा व पानीपत जिला के पदाधिकारियो की घोषणा की है जिसके अनुसार अजय सिंगला को करनाल लोकसभा का सचिव , डॉ नरेंद्र जेसिया,वीरेंद्र आर्य, आजाद बेनीवाल को जिला उपप्रधान, योगेश कौशिक को जिला सचिव, अंग्रेज मलिक, संदीप पाल एडवोकेट, शमशेर भल्ला,सचिन जांगड़ा ,संजीव गोयल, दिलबाग खेड़ा, प्यारेलाल गुप्ता को जिला सहसचिव बनाया गया है। प्रमुख



समाजसेवी एडवोकेट जयगोपाल वधवा को शहरी व सैक्टर 18 फ्हअ के पूर्व प्रधान सूरजभान राठी को ग्रामीण विधानसभा का प्रधान बनाया गया है ।इसके इलावा प्रितपाल खेड़ा को जिला व्यापार विंग, मनीष रोड को युवा विंग, श्यामलाल पहाड़िया एस सी विंग, एडवोकेट राजपाल कश्यप को ओबीसी विंग का जिला प्रधान नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया जिला कार्यालय में स्वागत। नियुक्तियों की घोषणा होने के बाद आज दोपहर बाद सेक्टर 25 स्थित जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष जसवीर जस्सा कादयान की अध्यक्षता में वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं की बैठक हुई बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता सुरेंद्र अहलावत, सुखबीर मलिक, जितेंद्र जुनेजा, मुकेश शर्मा, राजकुमार मुंडे इत्यादि मुख्य रूप से हाजिर रहे। बैठक में नियुक्तियों के लिए प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट किया गया । बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया व पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया।
जिला अध्यक्ष जसवीर जस्सा कादयान ने बताया प्रदेश नेतृत्व द्वारा बची हुई नियुक्तियां भी अति शीघ्र कर दी जाएंगी। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता का 6 अप्रैल को गांव सिवाह में होगा नागरिक अभिनंदन। जिला अध्यक्ष जसवीर जस्सा कादियान ने बताया कि आम आदमी पार्टी द्वारा उनको जिला अध्यक्ष बनाए जाने के आभार स्वरूप मेरे पैतृक गांव सिवाह गांव के ग्रामीणों द्वारा रविवार 6 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भाजपा की जन विरोधी नीतियों व कांग्रेस की कुंभकर्णी नींद के चलते आम जनता का अब आम आदमी पार्टी में विश्वास बढ़ता जा रहा है । वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र अहलावत ने नए पदाधिकारियों को संदेश दिया कि पानीपत की जनता को अपनी आवाज बनने के लिए एक मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है समस्त पदाधिकारियों को अब जनता की आवाज बन कर मैदान में उतरना है। ताकि सत्तारूढ़ दल के भ्रष्टाचार का पदार्फाश किया जा सके।

## टोल प्लाजा को हटवाने के लिए सांसद ने केन्द्रीय मंत्री को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर**
**कुरुक्षेत्र/पिहोवा : सांसद** नवीन जिंदल ने अंबाला हिसार हाइवे पर गांव थाना के निकट बने टोल प्लाजा को यहां से हटाने की मांग को लेकर केंद्रीय सडक एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि मार्च 2022 में संसद सत्र के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की थी कि 60 किलोमीटर के दायरे में केवल एक ही टोल प्लाजा रहेगा। यदि निर्धारित रेंज में दूसरा टोल प्लाजा




होगा तो उसे यहां से हटाया जाएगा। लेकिन अंबाला हिसार रोड पर गांव थाना के निकट और इस्माईलाबाद से आगे गांव सैनी माजरा के निकट दो टोल पड़ते हैं। दोनों की आपस में दूरी 45 किलोमीटर से भी कम है। यदि कैथल के लोगों को अंबाला की तरफ जाना हो तो उन्हें दो जगह टोल देना पड़ता है।

# भलस्वा: निगम पार्षद अजीत यादव ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि आज वार्ड-17 भलस्वा गांव यदुवंशी धर्म कांटे से लेकर सफेद मंदिर तक की नई सड़क बनाने के कार्य का मैंने निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने आगे बताया कि क्षेत्र के विकास पर मैं विशेष रूप से ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

# बच्चों को भारतीय संस्कृति से अवगत कराये अभिभावक: रमेश बैनिवाल

**बैनिवाल ने कहा**

**शिक्षा का विशेष महत्व है, इसलिए एक रोटी कम खाओं मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये: बैनिवाल**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। उक्त बातें वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी रमेश बैनिवाल ने कही। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है, इसलिए मैं सभी अभिभावको से कहना चाहता हूं कि सभी अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता से अवगत कराये, जिससे की बच्चे भारतीय संस्कृति को बेहतर तरीके से जान सके। उन्होंने आगे बताया कि बच्चों को भारतीय इतिहास, पुराण, भागवत कथा और रामायण के बारे में जरूर बताये जिससे की बच्चें संस्कारी बनें और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने आगे बताया कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि एक रोटी कम खाओं मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, जिससे की बच्चा पढ-लिख कर आगे बढ़े और देश का नाम रोशन करें। रमेश बैनिवाल ने आगे बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, सत्य ही डगर कठिन होती है, लेकिन सत्य की हमेशा ही जीत होती है। इसलिए मेरा सभी से कहना है कि सभी सत्य ही राह पर चले और बच्चों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

# दिल्ली में जल संकट पर पूरी तरह विफल दिख रही रेखा गुप्ता की भाजपा सरकार: देवेन्द्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राजधानी में दिन-ब-दिन गंभीर होते जल संकट को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार दिल्ली की जनता को पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधा देने में पूरी तरह नाकाम हो रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार प्रचार, फोटोशूट और मोबाइल ऐप के जरिए केवल दिखावा कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि दिल्ली की तीन करोड़ की आबादी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली को रोजाना लगभग 1800 मिलियन गैलन (एमजीडी) पानी की जरूरत होती है, लेकिन सरकार खुद मानती है कि केवल 1000 एमजीडी ही आपूर्ति हो पा रही है। इसके बावजूद सरकार 1290 एमजीडी की मांग दिखा रही है, जो वास्तविक जरूरत से कहीं कम है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित 'समर एक्शन प्लान' केवल कागजों तक सीमित है। जब तक जल स्त्रोतों की उपलब्धता नहीं बढ़ाई जाएगी, तब तक ये घोषणाएं केवल जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने का बहाना हैं। उन्होंने मांग की कि भाजपा की दिल्ली सरकार दिल्ली की आबादी और मांग के अनुसार कम से कम 1500 एमजीडी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि लोग पानी के लिए तरसे नहीं। उन्होंने 9,000 करोड़ रुपये के जल बजट पर सवाल उठाते हुए कहा, यह कुल बजट का केवल 15 प्रतिशत है, जबकि पिछले वर्ष यह हिस्सा 18 प्रतिशत था।

# अखिल भारतीय कोली समाज दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी की हुई घोषणा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अखिल भारतीय** कोली समाज रजि. दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र माहौर ने की। प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा में दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष सोहनपाल माहौर, प्रीतम सिंह, राजवीर कोली, महामंत्री जयपाल सिंह कोली, कोषाध्यक्ष नन्हे बाबू, संगठन सचिव हरिओम माहौर, सचिन पूनम माहौर, किशोरी लाल नेता जी, गुड्डी देवी, सहसचिव प्रीतम सिंह, मीडिया प्रभारी एड. हेमन्त माहौर, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुदेश माहौर, डाक्टर प्रकोष्ठ डॉ.जयपाल सिंह, शिक्षक प्रकोष्ठ प्रो.ओम प्रकाश कोली, लीगल प्रकोष्ठ संयोजक एड. हेम कुमार माहौर, सह संयोजक एड.रजनीश कपूर, जिला अध्यक्ष रामजीलाल माहौर, दीपचंद कोली, चेतन कुमार, हरदयाल माहौर, मेघ सिंह, एड.कन्हैया लाल, नरेन्द्र कोली, एड. चंद्र मोहन की घोषणा श्री माहौर ने की है।
इस मौके पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र माहौर ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि सभी पदाधिकारी संगठन को मजबूत करते हुए, समाज के विकास पर ध्यान देगें। इस मौके पर अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय मंत्री देवराज कोली ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करना है और समाज के विकास के लिए हमेशा ही आगे रहना है। जिससे की समाज ओर अधिक तरक्की करें।

# उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगे के पांच आरोपित बरी

**नई दिल्ली। दिल्ली** की कड़कड़डूमा कोर्ट ने फरवरी 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगे के पांच आरोपितों को बरी कर दिया है। एडिशनल सेशंस जज पुलस्त्य प्रमाचल ने कहा कि आरोपितों को घटना से जोड़ने में अभियोजन पक्ष नाकाम रहा और वो असली गुनहगार को पकड़ने में विफल रहा। कोर्ट ने आरोपितों कुलदीप, दीपक यादव, दीपक ठाकुर, मोहम्मद फुरकान और मोहम्मद इरशाद को सभी आरोपों से बरी करने का आदेश दिया। घटना 24 फरवरी 2020 की है, जब शिव विहार तिराहे के पास दो अलग-अलग पंथ के समुदायों की भीड़ एक-दूसरे से संघर्ष कर रही थी।

# तीन तमंचे व अवैध शराब समेत पांच हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी** जिला पुलिस ने बदमाशों व शराब तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए पांच को गिरफ्तार है। इनमें तीन बदमाश व दो महिला शराब तस्कर शामिल हैं। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि इनके कब्जे से तीन तमंचे, चार कारतूस व मोटरसाइकिल के अलावा अवैध शराब के 222 पव्वे, 24 बीयर व 3400 रुपये नकद बरामद किया गया है। पकड़े गये एक आरोपित साजिद उर्फ जैद पर लूट समेत 30 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस इन पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर इनके हथियारों व शराब के आपूर्तिकताओं व इनके पूरे नेटवर्क के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार देर रात एएटीएस इंचार्ज इंस्पेक्टर योगेश वशिष्ठ की टीम ने लोनी गोली चक्कर, मुख्य वजीराबाद मार्ग से एक बदमाश दबोचा। गुप्त सूचना के आधार पर पकड़े गए इस बदमाश भागीरथी विहार निवासी शाह नूर के पास से तमंचा व दो कारतूस बरामद हुआ। इसके अलावा अवैध शराब के 112 पव्वे, 24 बीयर व 3400 नकद समेत एक महिला शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया।

# मल्का गंज क्षेत्र में खुला प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र, विधायक ने किया उद्घाटन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मल्का गंज क्षेत्र** के शुक्र बाजार में क्षेत्रीय विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन किया।
इस मौके पर दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह, सिविल लाइन जोन की डिप्टी चेयरमैन बहन रेखा अमरनाथ, जम जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक योगेन्द्र सिंह मान प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र मल्का गंज शाखा के संचालक दीपक चोपड़ा ने बताया कि यहां जेनेरिक दवा उपलब्ध हो जाने से गरीब और असहाय लोगों पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा। उन्होंने कि इस औषधि केन्द्र के खुलने से लोगों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापुर्ण जेनेरिक दवा मिलेगी और केन्द्र पर सभी दवाएं उपलब्ध रहेंगी। जन औषधि केन्द्र पर लगभग 1200 किस्म की दवाएं व करीब 300 सर्जिकल समाग्री भी उपलब्ध है। तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा कि दवाओं पर खर्च को कम करने के लिए गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के लिए इस केन्द्र के खुल जाने से गरीब व मजदूर लोगों को काफी राहत मिलेगी। जम जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक योगेन्द्र सिंह मान ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के सबसे बड़े हिन्दूराव अस्पताल के नजदीक होने के कारण इस जन औषधि केन्द्र का लाभ अस्पताल आने वाले गरीब मरीजों को भी मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा उत्तर-पूर्वी जिला के मंत्री राजू बंसल, महिला मोर्चा महामंत्री ममता आनन्द, पूर्व निगम पार्षद श्याम लाल जाटव, जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान, भाजपा मल्का गंज मण्डल के अध्यक्ष उमेश माथुर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र महौर, मदन रुखड़, संजय सोनकर, मान सिंह, मेहर सिंह, अमित आनन्द, भारत भूषण, अश्वनी आनन्द व जहीर आलम मौजूद थे।

# यूटी-स्तरीय समन्वय समिति की हुई पहली बैठक, सड़क परियोजनाओं को गति देने के लिए कई निर्णय लिए गये



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के विजन के तहत दिल्ली को विश्वस्तरीय सड़क नेटवर्क से जोड़ने और यातायात को सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। सरकार ने साहिबी नदी के दोनों किनारों पर धांसा से वसई धरापुरी तक एक समर्पित सड़क कॉरिडोर विकसित करने की योजना को मंजूरी दी है। इसके साथ ही, दिल्ली की चार प्रमुख पीडब्ल्यूडी सड़कों को अब आधिकारिक रूप से एनएचएआई को सौंप दिया गया है, जिससे इनके विस्तार और रख-रखाव में तेजी आएगी।

**उच्च स्तरीय समिति की बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय**

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह की अध्यक्षता में हुई यूटी-स्तरीय समन्वय समिति की पहली बैठक में दिल्ली में यातायात अवरोधों को दूर करने, विभिन्न एजेंसियों के ओवरलैप को रोकने और प्रमुख सड़क परियोजनाओं को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।
साहिबी नदी किनारे नई सड़कें: दिल्ली में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के लिए साहिबी नदी के दोनों किनारों पर धांसा से वसई धरापुरी तक दोनों तरफ एक समर्पित सड़क कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। यह नई सड़कें राजधानी में ट्रैफिक का बोझ कम करेंगी और वैकल्पिक मार्ग के रूप में काम करेंगी।

**एनएच-48 से नारायणा के लिए समर्पित स्लिप रोड**

धौला कुआं मेट्रो स्टेशन के पास स्थित पुलिस स्टेशन को स्थानांतरित कर एनएच-48 से नारायणा के लिए एक समर्पित स्लिप रोड बनाई जाएगी। इससे इस मार्ग पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी और ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी।

**चार प्रमुख पीडब्ल्यूडी सड़कें अब एनएचएआई के अधीन**

दिल्ली की सड़क संरचना को और अधिक उन्नत और व्यवस्थित बनाने के लिए चार प्रमुख पीडब्ल्यूडी सड़कों को अब आधिकारिक रूप से एनएचएआई को सौंप दिया गया है। इससे इन सड़कों के विस्तार, मेंटेनेंस और कनेक्टिविटी में सुधार आएगा। प्रधानमंत्री के गतिशील नेतृत्व में, दिल्ली को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे से सुसज्जित करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।



अशोक विहार स्थित कार्यालय पर जनता की समस्याओं को सुनते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज। साथ में है भाजपा नेता अशोक भारद्वाज व अन्य गणमान्य लोग।

# भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर दिल्ली भाजपा की बड़ी तैयारी

**6 अप्रैल को प्रदेश कार्यालय के अलावा सभी 14 संगठनात्मक जिलों में होगा झंडातोलन एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि 6 अप्रैल को पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली प्रदेश द्वारा सभी 14 संगठनात्मक जिला कार्यालयों में झंडातोलन एवं पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।
दिल्ली की राजनीति में अब तक जिन भी महानुभावों का योगदान रहा है, उन्हें पुष्पांजलि देकर एक सम्मान देने का काम किया जाएगा। पार्टी के स्थापना दिवस पर सुबह 9 बजे प्रदेश कार्यालय में वीरेन्द्र सचदेवा सभी भाजपा सांसद एवं प्रदेश पदाधिकारी पार्टी का झंडा फहराएंगे और उसके तदोपरांत पुष्पांजलि के साथ ही मिठाई वितरण का भी कार्यक्रम होगा। दोपहर बाद प्रदेश सह-प्रभारी डॉ अलका गुर्जर पश्चिमी दिल्ली में, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा शाहदरा में, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा मयूर विहार में, संगठन महामंत्री पवन राणा नवीन शाहदरा में, सांसद मनोज तिवारी उत्तर पूर्व जिला में, सांसद योगेन्द्र चंदोलिया उत्तर पश्चिम जिला में, सांसद कमलजीत सहरावत नजफगढ़ जिला में, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी दक्षिणी दिल्ली में सांसद बांसुरी स्वराज करोल बाग स्थित जिला कार्यालय में, प्रवीन खंडेलवाल चांदनी चौक जिला कार्यालय में, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल केशवपुरम जिला कार्यालय में, दिनेश प्रताप सिंह नई दिल्ली जिला कार्यालय में, सारिका जैन महरौली जिला कार्यालय में और नरेश वशिष्ठ बाहरी दिल्ली जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।
दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक आंदोलन का नाम है, न कि महज एक राजनीतिक दल जो राष्ट्रहित में पिछले 45 वर्षों से लगातार देश विरोधी ताकतों से लड़ने और देश को विकसित स्वरुप देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर हैं, जो न केवल क्षेत्रीय स्तर पर, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपने विचार और दृष्टिकोण से पहचान बना रहा है।

# भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति: रेखा गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता** ने दिल्ली सरकार के सभी विभागों के प्रमुखों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा जनहित योजनाओं के क्रियान्वयन, बजटीय प्रगति, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, जल आपूर्ति और अन्य क्षेत्रों में किए गए कार्यों पर चर्चा की गई।
मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है और इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन में काम की गुणवत्ता और प्रतिबद्धता सर्वोपरि है। इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें और सुनिश्चित करें कि निर्धारित समयसीमा में उन्हें पूरा किया जाए। साथ ही सभी विभागों के अधिकारियों को योजनाबद्ध ढंग से वर्किंग चार्ट तैयार करने और मुख्य सचिव को नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। सभी विभागों को "सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली" को और प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए है। उन्होंने बताया कि काम करने वाले अधिकारियों को सरकार का पूरा साथ मिलेगा लेकिन लापरवाही बरतने पर अधिकारियों पर कार्रवाही की जाएगी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक प्रणाली में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करना है। बैठक के बारे में अधिक जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार की प्राथमिकता जनता को बेहतर सुविधाएं देना है। योजनाओं की सिर्फ घोषणा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन और जनता तक लाभ पहुंचाना भी जरूरी है।
आज की बैठक के दौरान सरकार ने दिल्ली से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सभी विभागों के प्रमुखों के साथ चर्चा की और उनके सफल क्रियान्वयन पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

# उप्र में शांतिपूर्ण तरीके से हुई जुमे की नमाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः संसद** के दोनों सदनों से वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस के कई जनपदों में तनाव के मद्देनजर पुलिस कई
दिनों से अलर्ट पर थी। खासकर आज जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण तरीके से कराना पुलिस के लिए चुनौती थी। आखिरकार प्रदेशभर में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से हो गई। हालांकि संभल में कुछ संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) ने राज्य में शांतिपूर्वक जुमे नमाज होने की पुष्टि की है।इस दौरान लखनऊ में समाजवादी पार्टी (सपा) नेता सुमैय्या राणा को प्रदर्शन की घोषणा करने पर हाउस अरेस्ट कर दिया गया। वक्फ संशोधन



बिल पास होने पर नाराज सुमैय्या अपने कैसरबाग स्थित एफआई अपार्टमेंट से बाहर आयीं तो उन्हें पुलिसकर्मियों ने घेर लिया और उन्हें वापस कर दिया। इसके अलावा वक्फ
संशोधन बिल पास होने के बाद सम्भल जनपद में कुछ संदिग्ध लोगों ने जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर में हवन करने की कोशिश की। इन लोगों को सम्भल पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर संदिग्ध लोगों ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल पास होने पर वे खुश हैं और दिल्ली से चलकर सम्भल में हवन पूजन करने आये हैं। इस दौरान यूपी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।
सम्भल में ही बुजुर्ग जाहिद सैफी की कुछ मुस्लिम युवकों ने जमकर पिटाई कर दी। जाहिद सैफी ने

**शांति कायम**

**सीसीटीवी कैमरों से कड़ी निगरानी रखी गयी। अभी तक प्रदेश में किसी घटना की सूचना नहीं है**

कुछ घंटे पहले ही वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया था और नमाज अदा करने के लिए वह घर से निकले थे। तभी युवकों ने उसे घेर लिया और अपनी बातों को वापस लेने को कहा। फिर भी जाहिद नहीं माने तो उसे पीटकर घायल कर दिया।
इस मामले में पुलिस ने जांच कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश में आगरा, अलीगढ़, आजमगढ़, श्रावस्ती, बहराइच, कानपुर, मुरादाबाद, वाराणसी, मऊ, गोरखपुर सहित 75 जनपदों में जुमे की नमाज अदा की गयी तो वहां मस्जिदों के बाहर ड्यूटी पर तैनात रहे पुलिसकर्मियों ने अपनी ठीक से उपस्थिति दर्ज करायी। विवाद वाली जगहों पर पुलिस अधिकारी, एसएसबी, पीएससी के जवान जमकर ड्यूटी करते मिले। वहीं मस्जिदों के ऊपर उड़ाकर ड्रोन से निगरानी भी की गयी। उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था)
अमिताभ यश ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल के पास होने के बाद उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज सम्पन्न करायी गयी। मस्जिदों के बाहर ड्रोन कैमरों, सीसीटीवी कैमरों से कड़ी निगरानी रखी गयी। अभी तक प्रदेश में किसी घटना की सूचना नहीं है।

# बलिया में फर्जी दरोगा चढ़ा पुलिस के हत्थे

**काबू**

**वर्दी को वह जनता के बीच अपनी धौंस व जरूरत पड़ने पर अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया करता था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**बलियाः पुलिस** की वर्दी और फर्जी असलहे के साथ लग्जरी वाहन से घूम कर लोगों पर रौब गांठने वाला फर्जी दरोगा शुक्रवार को बलिया पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस के हाथ लगा यह फर्जी दरोगा हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस अधीक्षक के पीआरओ ने जानकारी दी कि नगरा थाने के गौरा मदनपुरा मार्ग पर फायर स्टेशन के पास दोपहर करीब एक बजे स्थानीय पुलिस चेंकिग कर रही थी। उसी दौरान एक व्यक्ति




को पकड़ लिया गया। उसकी तलाशी ली गयी तो उसने अपना नाम अमित कुमार यादव पुत्र अवधेश यादव निवासी गौरा मदनपुरा थाना नगरा बताया। उसके पास उत्तर प्रदेश पुलिस सब इंस्पेक्टर का पुलिस एक फर्जी पहचान पत्र व वर्दी में फर्जी फोटो मिला। साथ ही एक ग्लाक पिस्टल मिला। जिसे ट्वाय गन भी कहा जाता है। इसके अलावा 315 बोर का एक तमंचा, एक जिन्दा जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस व सफेद रंग की क्रेटा कार बरामद हुई।
पूछताछ करने पर उसने बताया कि फर्जी पहचान पत्र व वर्दी को वह जनता के बीच अपनी धौंस व जरूरत पड़ने पर अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया करता था। पकड़े गए फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### इंडिया यामाहा मोटर ने पिंक प्रोजेक्ट की घोषणा की

**नोएडा।** इंडिया यामाहा मोटर प्रा. लि. (आईवायएम) ने आज अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत पिंक प्रोजेक्ट लॉन्च किया है, जो समाज की सुरक्षा और सतत विकास को समर्पित एक महत्त्वपूर्ण पहल है। उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से शुरू की गई यह पहल राज्य भर में सुरक्षित बुनियादी ढांचा और तकनीक आधारित निगरानी के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित



करने का प्रयास है। पिंक प्रोजेक्ट के अंतर्गत दो मुख्य पहलें शामिल हैं। पहली पिंक प्रोजेक्शन के अंतर्गत नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 26 पुलिस थानों में टीवी वॉल और नेटवर्किंग उपकरण लगाए गए हैं, जो मेट्रो स्टेशन, बस अड्डों और बाजारों जैसे भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों की रीयल-टाइम निगरानी में सक्षम हैं। यह स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम शहर भर में लगे सैकड़ों कैमरों से जुड़ा है, जो कानून व्यवस्था को सशक्त बनाता है और अपराध की त्वरित पहचान में सहायक है। दूसरी पहल पिंक बूथ है, जो विशेष रूप से डिजाइन की गई संरचनाएं हैं। ये सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं को विश्राम, त्वरित सहायता, शिकायत पंजीकरण, पुलिस सहायता और हेल्पलाइन से कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं प्रदान करती हैं। इन बूथों पर 24।7 महिला पुलिस अधिकारी तैनात रहती हैं। साथ ही, महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, आत्मरक्षा की ट्रेनिंग देने और कानूनी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की योजना भी इस पहल का हिस्सा है। इस परियोजना का औपचारिक उद्घाटन 1 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक श्री प्रशांत कुमार, गौतम बुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह, इंडिया यामाहा मोटर के निदेशक श्री अत्सुशी नागाशिमा, वाइस प्रेसिडेंट श्री एस. कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया।

### केवल एक केस के आधार पर गैंगस्टर एक्ट लगाने को चुनौती, गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराजः इलाहाबाद हाईकोर्ट** ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में आरोपी राजेश यादव की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है और उसकी याचिका पर राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता ने राजेश यादव के अधिवक्ता व सरकारी वकील को सुनकर दिया है। याची के अधिवक्ता का कहना था कि उसके खिलाफ गोवध निरोधक अधिनियम के तहत आपराधिक केस दर्ज है, जिसमें उसे जमानत मिली हुई है। यह भी कहा कि केवल इसी एक मामले के आधार पर याची को गैंगस्टर एक्ट के तहत फंसाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि केवल एक केस को लेकर गैंगस्टर एक्ट लागू नहीं किया जा सकता। अधिवक्ता का कहना था कि याची के खिलाफ देवरिया के लार थाने में एफआईआर दर्ज की गई है जबकि याची अंबेडकर नगर का निवासी है।

### स्वच्छता अभियान से शुरू हुई भाजपा कार्यालय में स्थापना दिवस की तैयारियां

**कानपुरः भारतीय** जनता पार्टी कानपुर उत्तर कार्यालय में जोर शोर से 6 अप्रैल को पार्टी के होने वाले स्थापना दिवस की तैयारी शुक्रवार से शुरू हो गई हैं। यह जानकारी भाजपा कानपुर उत्तर के जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने दी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सीसामऊ विधानसभा के संयोजक अभिनव दीक्षित के नेतृत्व में 6अप्रैल को होने वाले स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में झाड़ू , पोछा,दीवारों, कुर्सियों ,मेजों की साफ सफाई की गई। इसके साथ ही महापुरुषों के चित्रों और मूर्तियों की भी साफ सफाई की। शनिवार को भाजपा कार्यालय में बिजली की रंग बिरंगी झालरों फूलों से पूरे कार्यालय को सजाया जायेगा। साथ ही आतिशबाजी भी होगी और एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अभिनव दीक्षित,अवधेश सोनकर, जन्मेजय सिंह,रोहित साहू, प्रमोद विश्वकर्मा अभिमन्यु सक्सेना,योगेन्द्र शर्मा,सुनीता गौड़, सचिन गौड़,रवि पांडे,रामकुमार सिंह, श्यामू तिवारी ,यश वर्मा,आदि लोग उपस्थित थे।

### बहू ने डंडे से ससुर को पीटा

**बिजनौरः` जनपद** के गांव स्वाहेड़ी में रिश्ते को तार तार करती एक घटना सामने आई है जिसमें एक बहू द्वारा अपने ससुर को डंडे से पीटा जा रहा है` बहू द्वारा ससुर की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## आठ जिला जजों को हाईकोर्ट न्यायाधीश बनाने की सिफारिश

**प्रयागराजः सुप्रीम** कोर्ट कोलेजियम ने जिला जज स्तर के आठ एचजेएस अधिकारियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट का न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की है। इन आठ नए और तीन स्थानांतरित न्यायाधीशों (न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा, न्यायमूर्ति सीडी सिंह एवं न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा) के कार्यभार ग्रहण करने से एशिया के सबसे बड़े इलाहाबाद हाईकोर्ट में जजों की कुल संख्या 89 हो जाएगी। 160 न्यायाधीशों वाले इस हाईकोर्ट में वर्तमान में चीफ जस्टिस के अलावा 78 जज ही कार्यरत हैं। सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने जिन न्यायिक अधिकारियों को पदोन्नत कर हाईकोर्ट जज बनाने की संस्तुति की है।

# देश के बाहर विदेशों से आई त्रिवेणी के पावन जल की डिमांड

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराजः प्रयागराज** महाकुम्भ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। इस त्रिवेणी के पावन जल की डुबकी से कोई छूट न जाए, इसके लिए योगी सरकार ने अग्निशमन विभाग की तरफ से प्रदेश के सभी 75 जिलों में त्रिवेणी पवित्र जल पहुंचाया। अब इसी त्रिवेणी के जल की मांग विदेशों से भी आनी शुरू हो गई है। इसकी पहली खेप प्रयागराज से भेज भी दी गई है।
जर्मनी भेजा गया गंगा जलउत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज आने से वंचित रह गए लोगों तक संगम के जल को देश भर में महाप्रसाद के रूप में पहुंचाने का निर्णय लिया



था। अब देश के बाहर से भी यही पवित्र गंगा जल भेजने की मांग आई है। उसकी पहली खेप प्रयागराज से भेज दी गई है।
प्रयागराज के एनआरएलएम उपायुक्त राजीव कुमार सिंह बताते हैं कि जनपद के जसरा की नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति की तरफ से त्रिवेणी के गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। इसी क्रम में कांच की 1000 बोतल में त्रिवेणी का पवित्र गंगा जल यहां से जर्मनी भेजा गया है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी के माध्यम से यह जल विदेश भेजा गया है। जर्मनी से जो श्रद्धालु किसी कारणवश महाकुम्भ नहीं पहुंच सके, उनके लिए यह त्रिवेणी का जल भेजा गया है।
महाराष्ट्र से भी मिला 50 हजार बोतल गंगाजल का ऑर्डरप्रदेश सरकार द्वारा महाकुम्भ के दिव्य और भव्य आयोजन के समय ही जनपद में बड़े स्तर पर त्रिवेणी के गंगा जल की पैकेजिंग की शुरूआत महिला स्वयं सहायता समूह की तरफ से हो गई थी। जसरा की नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति की प्रभारी नमिता सिंह बताती हैं कि महाकुम्भ के बाद अब तक 50 हजार से अधिक बोतल में पैक किया हुआ गंगाजल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा भेजा चुका है। हाल ही में उन्होंने नागपुर के शिव शंभू ग्रुप सोसायटी को 50 हजार बोतल त्रिवेणी का जल भेजा है। 500 एम एल की बोतल में यह गंगा जल भेजा गया है, जबकि जर्मनी जो गंगा जल भेजा गया था, वह 250 एम एल की बोतल में था।
यूपी के 75 जिलों असम से भी भेजा जा चुका है त्रिवेणी का पावन जलयूपी के सभी 75 जिलों में अग्निशमन विभाग की तरफ से त्रिवेणी का पावन जल पहले ही पहुंचाया जा चुका है।

# भारतीय नववर्ष केवल एक तिथि परिवर्तन नहीं हैः संजय श्रीहर्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः हिन्दू** नववर्ष के उपलक्ष्य में युवराष्ट्र लखनऊ विभाग की ओर से शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के डीपीए सभागार में 'हिंदू नववर्ष उत्सव की शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक विवेचना'विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय श्रीहर्ष उपस्थित रहे। उन्होंने विस्तार से हिन्दू नववर्ष की वैज्ञानिकता एवं सांस्कृतिक आधार पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय नववर्ष केवल एक तिथि परिवर्तन नहीं है बल्कि खगोलीय दृष्टि से प्रमाणित है।संजय श्रीहर्ष ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदूषण के कारण पर्यावरण में बहुत विचित्रता आ गयी है। इसलिए पंचांग में बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर को पृथ्वी का केंद्र माना जाता है। वर्तमान में यह केन्द्र बिन्दु महाकाल मंदिर से 22 किलोमीटर पीछे चला गया है। संजय श्रीहर्ष ने कहा कि भारत में एक नहीं, 16 विक्रमादित्य हुए हैं। इस अवसर पर छात्र अरिदमन सिंह ने 'विश्व को हमारे पुरखों के सामने झुकना पड़ेगा' सुन्दर सा गीत प्रस्तुत किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष संजय गुप्ता मंचासीन रहे। उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग की सदस्य शुचिता चतुर्वेदी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक सुमित अवस्थी ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शरद मिश्र ने कहा कि अपने गौरवशाली इतिहास से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। राष्ट्र के बारे में सोचें। भारतीय संस्कृति व विरासत पर गर्व करें और उनका संरक्षण करें।

## स्वच्छता ही सेवा श्रेणी में अयोध्या को यूपी में तीसरा स्थान

**अयोध्याः नगर** आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में लगातार स्वच्छता को लेकर की जा रही पहल का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। राज्य सरकार की 'स्वच्छता ही सेवा' श्रेणी के पुरस्कार में 2024 के लिए अयोध्या नगर निगम को तृतीय श्रेणी हासिल हुई है। इस दौरान चिह्नित 5972 स्थानों को कूड़ामुक्त बनाया गया। शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित समारोह में प्रदेश सरकार के नगरीय विकास मंत्री एके शर्मा ने अयोध्या नगर निगम के प्रतिनिधि सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडेय को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कार किया।

# डीएम ने योजनाओं के लिए खाली पडी भूमि का किया चिह्नांकन



**टीम एक्शन इंडिया**
**बाराबंकीः डीएम** शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को जिले में नई निर्माण योजनाओं के लिए खाली पड़ी भूमि का चिह्नांकन किया है। उन्होंने जिले में बनने वाले नए एनआईसी भवन की भूमि का चिह्नांकन किया, जो पूर्व में बने एनआईसी भवन के ठीक बगल में स्थित है। इसी तरह डीएम ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के बगल में उद्यान पार्क के पीछे पड़ी खाली भूमि का चिह्नांकन नई वीवीआईपी शूट बनाए जाने के लिए किया गया है। इस वीवीआईपी शूट से पहले एक द्वार का निर्माण कराया जाएगा। जिसके अंदर मात्र वीवीआईपी वाहनों की एंट्री होगी। अन्य सभी वहां इस द्वार के बाहर पार्क किए जाएंगे। इसी तरह डीएम ने छाया चौराहे के पास जमुरिया नाले की ढाल के पास खाली पड़ी भूमि का चिह्नांकन लेबर अड्डा बनाने के लिए किया है। जिसके बन जाने से काफी हद तक जिले के

**योजना**

**डीएम ने उद्यान पार्क के पीछे पड़ी खाली भूमि का चिह्नांकन नई वीवीआईपी शूट बनाए जाने के लिए किया गया**

मजदूरों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं डीएम ने शुक्लई के पास नए ट्रांसपोर्ट नगर बसाए जाने के लिए भूमि का चिह्नांकन किया और आलापुर के पास स्थित गोकुल नगर के एचपी पेट्रोल पंप के ठीक बगल पड़ी खाली भूमि का चिह्नांकन पुलिस गेस्ट हाउस बनाए जाने के लिए किया है।
इस दौरान डीएम के साथ एसपी दिनेश कुमार सिंह व एडीएम अरुण कुमार , एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी, एआरटीओ अंकिता शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गजरौला, बागपत, मोरना चीनी मिलों का होगा क्षमता विस्तार

**टीम एक्शन इेडिया**
**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश की गन्ना आधारित अर्थव्यवस्था का तीव्र विकास हो रहा है। एक ओर जहां प्रदेश गन्ना उत्पादन में प्रथम स्थान पर पहुंच चुका है वहीं दूसरी ओर चीनी उत्पादन को भी तेजी से बढ़ाया जा रहा है। इस दिशाक्रम में उत्तर प्रदेश चीनी मिल संघ गजरौला, बागपत, मोरना और सेमीखेड़ा की चीनी मिलों का क्षमता विस्तार किया जा रहा है। साथ ही रुद्र बिलासपुर की चीनी मिल के तकनीकी उन्नयन के लिए भी डीपीआर प्रेषित किया जा चुका है। चीनी मिल संघ, चीनी मिलों की कार्यक्षमता विस्तार के लिए 1967 करोड़ रुपये आवंटित किए



गए हैं। साथ ही चीनी मिलों के कार्यों का प्रभावी नियंत्रण करने के लिए आईटी इंटरवेंशन का उपयोग किया जाएगा। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में चीनी उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए चीनी मिल संघ वर्तमान में अपनी संचालित चीनी मिलों का तकनीकी उन्नयन, प्रभावी नियंत्रण के साथ क्षमता विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए 1967 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस क्रम में गजरौला और बागपत की चीनी मिल की क्षमता 2500 टीसीडी से बढ़ाकर 4900 टीसीडी किया जा रहा है। इसके लिए क्रमशः 545.52 और 570 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसी क्रम में मोरना की चीनी मिल का पहले चरण में 2500 से 3500 टीसीडी क्षमता विस्तार किया जा रहा है। जबकि द्वितीय चरण में क्षमता 5000 टीसीडी किये जाने का डीपीआर 30 अप्रैल तक प्रेषित किया जा रहा है। वहीं सेमीखेड़ा की चीनी मिल की क्षमता का विस्तार भी 2750 टीसीडी से 3500 टीसीडी किया जाना है।
चीनी मिल संघ 75 करोड़ रुपये की लागत से रुद्र बिलासपुर की चीनी मिल का तकनीकी अपग्रेडेशन किया जा रहा है।

# पर्यटन को लेकर देवीपाटन क्षेत्र को सीएम योगी ने दी बड़ी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**बलरामपुरः पर्यटन** विकास को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद के देवीपाटन शक्तिपीठ क्षेत्र को एक बड़ी सौगात दी है। देवीपाटन कॉरिडोर के निर्माण हेतु भूमि क्रय के लिए धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है। साथ ही नगर तुलसीपुर में फ्लाईओवर निर्माण हेतु भी पहली किस्त जारी की गई है। इसके अतिरिक्त मां पाटेश्वरी मंदिर से जुड़े मुख्य सड़क मार्ग के चौड़ीकरण के लिए निर्देश जारी करते हुए धन स्वीकृत किया गया है। मुख्यमंत्री की इस सौगात से जहां तुलसीपुर नगर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं फ्लाईओवर और सड़क



चौड़ीकरण से जाम की समस्या से भी राहत मिलेगी। साथ ही रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इससे स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक देवीपाटन शक्तिपीठ में पर्यटन विकास के अंतर्गत कॉरिडोर निर्माण हेतु भूमि क्रय के लिए प्रथम किस्त के रूप में 5 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। मां पाटेश्वरी देवीपाटन धाम के समीप पर्यटन विकास कार्य के लिए कुल 119 गाटाधारकों से भूमि खरीदी जानी है, जिस पर लगभग 26.48 करोड़ रुपये (26,48,34,369) खर्च किए जाएंगे। प्रथम किस्त के रूप में 5 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। एसडीएम तुलसीपुर के अनुसार सभी गाटाधारकों से वार्ता कर सहमति प्राप्त करते हुए बैनामा किए जाने की स्वीकृति भी मिल गई है। शीघ्र ही भूमि क्रय की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। श्रद्धालुओं एवं राहगीरों की यातायात सुविधा के लिए कलश चौराहा से हरैया चौराहा के बीच रेलवे क्रॉसिंग पर दो लेन आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई है। इसके लिए 9969.51 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3489.33 लाख की धनराशि कार्यदायी संस्था सेतु निगम बाराबंकी को अवमुक्त कर दी गई है। इस ओवर ब्रिज के निर्माण से मां पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को जाम से निजात मिलेगी। तीसरी प्रमुख परियोजना के अंतर्गत मां पाटेश्वरी देवी मंदिर मुख्य मार्ग से बलरामपुर चीनी मिल तक की कुल लंबाई 5.225 किमी है। इस मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाना है। इसके लिए शासन द्वारा 51 करोड़ 33 लाख 50 हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत प्रथम किस्त के रूप में 2 करोड़ 52 लाख 22 हजार की धनराशि भी जारी कर दी गई है।

# 6 अप्रैल से 45 दिवसीय कार्यक्रम की भाजपा ने बनाई रणनीति

**टीम एक्शन ंडिया**
**बिजनौरः भारतीय** जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी की अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रमों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री व जिला प्रभारी हरिओम शर्मा ने पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं को आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आहवान किया। हरिओम शर्मा ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियां को गिनाएंगे साथ ही भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की और बताया कि 6 अप्रैल को पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस पर कार्यालय को फूलों व रोशनी से सजाया जाना है। कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर ध्वजारोहण कर झंडे के साथ सेल्फी सोशल मीडिया पर अपलोड करेंगे साथ ही बताया कि पार्टी कार्यालय में 45 वर्षों की विकास यात्रा की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके अलावा 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी , पं दीन दयाल उपाध्याय व भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे आठ और 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होगा। 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान में चौपाल लगाएंगे। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जायेगा।

ACTION INDIA
एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 05 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# भारत ने कभी तलवार के बल पर शासन नहीं किया: योगी

## मुख्यमंत्री ने डुमरियागंज में गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली का किया उद्घाटन, उद्घाटन समारोह को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह पावन धरा दुनिया को करुणा और मैत्री का संदेश देती है। इतिहास साक्षी है कि भारत ने कभी तलवार के बल पर शासन नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज वासंती नवरात्र की सप्तमी तिथि है, जो महाकाली को समर्पित है। सनातन परंपरा 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' के सूत्र से शुरू होती है। उन्होंने गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली के उद्घाटन पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि भारत की परंपरा ने हमेशा ज्ञान की आराधना की है। 'आनो भद्रा क्रतवो यन्तु विश्वतः' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि चारों ओर से आने वाली ज्ञान की धारा को ग्रहण करना प्रगति का मार्ग



प्रशस्त करता है। समाज के प्रबुद्ध वर्ग और सज्जन शक्ति को इसके लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

**भारत अब दुनिया का पिछलग्गू नहीं, बल्कि पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई वर्षों बाद उन्हें यहां आने का अवसर मिला है। उन्होंने 2008 के समय को याद करते हुए कहा कि तब यहां अराजकता और असुरक्षा का माहौल था। बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे और तत्कालीन सरकारों के एजेंडे में विकास और शिक्षा की कोई जगह नहीं थी। लेकिन पिछले 10 वर्षों में भारत में व्यापक बदलाव आया है। पहले भारत के सामने पहचान का संकट था, लेकिन आज यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का पिछलग्गू नहीं, बल्कि पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया भारत अपनी ताकत और सौहार्द का अहसास करा रहा है। भारत ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि वह बल, बुद्धि और वैभव में कितना भी मजबूत हो, मगर जबरन किसी पर न तो आधिपत्य स्थापित करेगा ना ही किसी का आधिपत्य स्वीकार करेगा।

### 2014 से पहले कुछ लोग राम और कृष्ण को मिथक बताते थे: सीएम योगी

**मुख्यमंत्री** ने 2014 से पहले के समय को याद करते हुए कहा कि तब कुछ लोग राम और कृष्ण को मिथक बताते थे और भारतीय परंपरा को अपमानित करना अपना अधिकार समझते थे। लेकिन 2014 के बाद पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने अपनी विरासत और विकास के समन्वय से नई ऊंचाइयों को छुआ है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, मथुरा-वृंदावन और प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थलों का कायाकल्प इसका प्रमाण है।

**हमें वेदों और उपनिषदों की ओर देखना होगा**

सीएम योगी ने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा को समझने के लिए वेदों और उपनिषदों को देखना होगा। आधुनिक विज्ञान जहां नहीं पहुंच सका है, उसका भी मार्गदर्शन उपनिषद कर सकते हैं। सीएम योगी ने बताया कि आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मातृभाषा में शिक्षा शुरू हुई है, जिससे मेडिकल, इंजीनियरिंग और मानविकी के क्षेत्र में प्रगति हो रही है।

**पीएम मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास का बेजोड़ समन्वय देख रही दुनिया**

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश हर क्षेत्र में परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। विरासत और विकास का बेहतर समन्वय ही कल्याणकारी जीवन की कुंजी है। अयोध्या में 500 साल की दासता की बेड़ियां टूटने और राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जब देश अपनी विरासत पर गर्व करता है, तो महाकुम्भ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु सनातन धर्म के सामर्थ्य को दुनिया के सामने प्रस्तुत करते हैं।

**भारत की शांतिपूर्ण परंपरा का सीएम ने दिया उदाहरण**

मुख्यमंत्री ने भारतीय परंपरा की शांतिपूर्ण प्रकृति पर विशेष जोर डालते हुए कहा कि इतिहास साक्षी है कि भारत ने कभी तलवार के बल पर शासन नहीं किया। भगवान राम ने माता सीता को खोजते हुए लंका पर विजय प्राप्त की, लेकिन वहां का राज्य विभीषण को सौंप दिया।

उन्होंने कहा था कि लंका कितनी भी स्वर्णमयी हो, लेकिन जन्मभूमि और जननी से बढ़कर कुछ नहीं। इसी तरह किष्किंधा में श्रीराम ने बाली का वध कर सुग्रीव का राज्याभिषेक किया और दंडकारण्य में ऋषियों को सुख प्रदान किया।

# चारधामों में विकास के नये आयाम स्थापित किय जा रहे: धामी



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चौखुटिया में मां अग्नेरी के ऐतिहासिक मंदिर प्रांगण में आयोजित चैत्र अष्टमी मेले में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने मां अग्नेरी की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है बल्कि हमारी लोक संस्कृति लोककला एवं समृद्ध परम्पराओं को संजोने के साथ ही सामाजिक कुरीतियों के प्रति जन जागृति का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह अपने आप में अनूठी बात है कि इस मेले में कुमाऊ, गढ़वाल के लोकगीतों और लोक कलाओं के अद्भुत प्रदर्शन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ, खेती बचाओ, नशा उन्मूलन जैसे जन जागरुकता वाले नाटक और झाँकियों का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व पेयजल जैसी महत्वपूर्ण कार्यों को लगातार आगे बढ़ा रही है वहीं दूसरी ओर धार्मिक संस्कृति को बढ़ाने में लगातार कार्य किए जा रहें हैं। चारधामों में विकास के नये आयाम स्थापित किय जा रहे है और मानसखंड मंदिरमाला मिशन के तहत सर्किट बनाकर उनका नव निर्माण व पुनःनिर्माण किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने किया जागेश्वर प्रसादम योजना का शुभारंभ

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय की पहल पर हिमोत्थान योजना के तहत जागेश्वर धाम के लिए जागेश्वर प्रसादम् योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना के तहत जागेश्वर धाम के प्रसाद का अलग स्वरूप देखने को मिलेगा। इसके अंतर्गत जनपद की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा प्रसाद निर्मित किया जाएगा।

आने वाले समय में भैरवनाथ मन्दिर नवागाड़ी, भैरव मंदिर पांडुखाल, मां नंदादेवी कोटियाताल को भी धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास से संबंधित कई घोषणाएं की। उन्होंने चौखुटिया महाविद्यालय में स्नाकोत्तर स्तर पर प्रथम चरण में अर्थशास्त्र व अंग्रेजी विषय की कक्षाएं, स्नातक स्तर पर विज्ञान विषय प्रारंभ किए जाने, द्वाराहाट क्षेत्र की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्राकृतिक स्त्रोतों के पुर्नजीवित करने की वैज्ञानिक कार्य योजना बनाने, गगास नदी में आवश्यकतानुसार छोटे चौकडैमों का निर्माण किए जाने ज्योलीकोट, भवाली, खैरना, मजखाली, द्वाराहाट चौखुटिया व कर्णप्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग पर शीघ्र ही कार्य आरंभ करने की घोषणा की।

# परिवहन निगम में 5000 महिला परिचालकों की होगी भर्ती



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में मुख्यमंत्री के निदेशानुसार 5000 महिला अभ्यर्थियों की संविदा परिचालक के रूप में भर्ती की जाएगी। यह भर्ती प्रक्रिया महिला सशक्तिकरण और रोजगार वृद्धि के उद्देश्य से की जा रही है। यह भर्ती प्रक्रिया महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

योग्यता और विशेष वेटेज

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भर्ती के लिए महिला अभ्यर्थियों के पास इंटरमीडिएट और सीसीसी (उउउ) प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। इसके अलावा, निम्नलिखित योग्यताओं के आधार पर 5% वेटेज दिया जाएगा–

गृह जनपद में ही होगी तैनाती

**सशक्तिकरण**

**▸▸ मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर महिला अभ्यर्थियों को मिलेगा रोजगार, महिला सशक्तिकरण पर बल**

सरकार ने महिला अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए हैं कि उनका गृह जनपद के डिपो में ही नियुक्ति की जाएगी। संविदा परिचालकों को परिवहन निगम द्वारा निर्धारित अनुमन्य पारिश्रमिक दरों के अनुसार वेतन मिलेगा।

**08 से 17 अप्रैल तक रोजगार मेले का आयोजन**

परिवहन मंत्री ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के तहत 08 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025 तक विभिन्न शहरों में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे।

# जनहित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डॉ. अरविंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सरकार विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए संकल्पित है। डॉ. शर्मा आज सोनीपत जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार सभी जनहित योजनाओं को तय समय-सीमा में पूरा किया जाएगा। उन्होंने विकास प्रस्तावों की निगरानी बढ़ाने, ठेकेदारों की लापरवाही पर त्वरित कार्रवाई करने और कार्य में होने वाली देरी से बजट में होने



वाली वृद्धि को रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास और जनहित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने गर्मी के दौरान बिजली शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों को गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने गोहाना में पीने के पानी की गुणवत्ता सुधारने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग को तत्पर रहने के भी आदेश दिए। उन्होंने ग्रामीण विकास कार्यों में बीडीपीओ, ग्राम सचिव और

**समीक्षा**

**▸▸ डॉ. शर्मा आज सोनीपत जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की**

सरपंचों के बीच आपसी समन्वय मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नशे के खात्मे को लेकर गंभीर हैं और उन्होंने हाल ही में सोनीपत में आयोजित हाफ मैराथन में हिस्सा और अब वह हिसार में साइक्लोथॉन में शामिल हो रहे हैं।

# नवंबर में एक साथ होंगे निकाय चुनाव: यूडीएच मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर। नगरीय** विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि सरकार प्रदेश के सभी नगर निकाय में एक प्रदेश एक चुनाव के तहत नवंबर में चुनाव कराने की तैयारी कर रही है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि फिलहाल अभी वार्डों का परिसीमन हो रहा है। नगर पालिकाओं की सीमा वृद्धि का काम हो चुका है। वार्डों के पुनर्गठन का प्रकाशन भी हो चुका है। फिलहाल, आपत्ति की अवधि चल रही है। जितनी आपत्तियां

**परिसीमन**

**▸▸ फिलहाल अभी वार्डों का परिसीमन हो रहा है। नगर पालिकाओं की सीमा वृद्धि का काम हो चुका है**

आएंगी, उन पर सुनवाई होगी। इसके बाद उम्मीद यही है कि सितंबर तक मतदाता सूची बनने का काम पूरा हो जाएगा। उसके बाद नगर पालिकाओं के चुनाव की तैयारी शुरू कर देंगे।

# अभी से 2036 ओलंपिक के लिए तैयारी शुरू करें एथलीट : मंत्री रेखा आर्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को 2036 ओलंपिक के लिए अभी से प्रदेश के एथलीट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को खेल मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक में स्पोर्ट्स लिगेसी प्लान को अंतिम रूप दिया। शुक्रवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम स्थित सभागार में आयोजित बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि लिगेसी प्लान को इस तरह से

**स्पोर्ट्स लिगेसी**

**▸▸ खेल मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक में स्पोर्ट्स लिगेसी प्लान को अंतिम रूप दिया**

तैयार करना है जिससे हम 10 साल बाद के लक्ष्यों पर अभी से काम करना शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि 2036 के ओलंपिक में प्रदेश से 30 से 40 खिलाड़ी शामिल हो, इसकी तैयारी अभी से करनी होगी। इसके अलावा उन्होंने अगले राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड को टॉप फाइव में पहुंचाने के लिए भी खिलाड़ियों को तैयारी करने के निर्देश दिए। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बैठक के बाद बताया कि हम लिगेसी प्लान में जो 23 खेल अकादमी बनाने जा रहे हैं, उनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रमाण पत्र रखने वाले कोच अप्वॉइंट किये जाएंगे।

# छह शहरों का पारा 40 पार, बाड़मेर@42.7

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** पश्चिम विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद प्रदेश में अब गर्मी रफ्तार पकड़ेगी। तेज गर्मी को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को प्रदेश के छह शहरों का दिन का पारा 40 पार दर्ज किया तो वहीं 9 शहरों का रात का पारा 20 डिग्री के पार रहा। 42.7 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 25.2 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही। आगामी दिनों में प्रदेश के पारे में और उछाल आने की संभावना है।




अप्रूवल बोर्ड

## 244 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के प्रसार को भी मिला बजट

# समग्र शिक्षा को केन्द्र से 883 करोड़ स्वीकृत: डॉ. धन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये उत्तराखंड को समग्र शिक्षा, पीएम-श्री एवं उल्लास योजना के अंतर्गत 883 करोड़ के बजट की स्वीकृति दी है। बोर्ड की ओर से स्वीकृत धनराशि से प्रदेश के 307 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 165 विद्यालयों में आईसीटी लैब और 102 विद्यालयों में विभिन्न विषयों की प्रयोगशालाएं बनाई जायेगी। इसके अलावा 244 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा का प्रसार किया जायेगा। केन्द्रीय प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड से बजट की स्वीकृति मिलने पर राज्य के विद्यालयी शिक्षा



मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का आभार जताया। मंत्री ने बताया कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, सुधारीकरण एवं कम्प्यूटरीकरण के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये समग्र शिक्षा परियोजना के तहत 883 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर दी है।

इसके साथ ही पीएमश्री योजना के तहत 100 करोड़ की धनराशि के अनुमोदन पर भी केन्द्र ने सहमति प्रदान की। मंत्री ने बताया कि नई दिल्ली में आयोजित केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा झरना कमठान व उनकी टीम की ओर से राज्य में समग्र शिक्षा के तहत नवाचारी कार्यों का प्रस्ताव मजबूती से रखा, जिस पर बोर्ड ने सहमति देते हुये 883 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की। उन्होंने बताया कि अप्रूवल बोर्ड की ओर से स्वीकृत धनराशि से राज्य में डिजिटल व व्यावसायिक शिक्षा पर फोकस किया जायेगा। इसके तहत प्रदेश के 307 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 165 विद्यालयों में आईसीटी लैब तथा 102 विद्यालयों में विभिन्न विषयों की प्रयोगशालाएं बनाई जायेगी।